CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 08°C

हल्द्वानी, गुरुवार 18 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 113 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना : खड़गे पेज 2



अरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में चमके खेल टाइम्स




तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव सम्पादकीय



गाजा में इजरायल का साथ देगी पाकिस्तान आर्मी! पेज 12



अदीस अबाबा : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अदीस इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में एक समारोह के दौरान उनके इथियोपियाई समकक्ष अबी अहमद अली द्वारा इथियोपिया के सर्वोच्च पुरस्कार द ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया से सम्मानित किया गया।

# समुद्र में चुनौती देने वालों को भारत देगा मुंहतोड़ जवाब

## नौसेना के ऑपरेशनल स्क्वाड्रन में शामिल हुए एमएच 60 आर. हेलीकॉप्टर

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के प्रमुख (सीएन) की मौजूदगी में गोवा स्थित आईएन हंसा में आईएन 335 'आस्प्रे' स्क्वाड्रन को औपचारिक रूप से कमीशन किया गया। इसके साथ ही एमएच- 60आर मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर पश्चिमी तट पर नौसेना के पहले ऑपरेशनल स्क्वाड्रन के रूप में शामिल हो गए।

इसे भारतीय नौसेना की समुद्री ताकत को और मजबूत करने वाला बड़ा कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने कहा कि यह अवसर इसलिए भी खास है, क्योंकि 2025 में नौसेना के फ्लीट एयर आर्म के गठन के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं, जिसने भारतीय नौसेना को एक बहुआयामी और शक्तिशाली बल बनाया। उन्होंने याद दिलाया कि 17-18 दिसम्बर 1961 को ऑपरेशन विजय के दौरान गोवा मुक्ति में भी नौसैनिक उड्डयन की अहम भूमिका रही थी। नौसेना प्रमुख ने कहा कि आज का समुद्री माहौल पहले से कहीं ज्यादा जटिल और चुनौतीपूर्ण हो गया है। भू-राजनीतिक बदलाव, नई तकनीकें और समुद्री मार्गों पर बढ़ते खतरे भारत की समुद्री सुरक्षा को और अहम बनाते हैं। ऐसे समय में भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां समुद्री सुरक्षा और मजबूत प्रतिरोध क्षमता बेहद जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बयानों का हवाला देते हुए कहा कि भारत समुद्र में स्थिरता और सुरक्षा का भरोसेमंद स्तंभ बनकर उभर रहा है और इसके लिए नौसेना लगातार अपनी क्षमताएं बढ़ा रही है। समुद्री इलाके के लिए इसे दुनिया का सबसे उपयुक्त और शक्तिशाली हेलीकॉप्टर माना जाता है। इसकी मारक क्षमता करीब 834 किलोमीटर है और वजन 689 किलो है। इसे विमानन क्षेत्र की आधुनिक और चुनौतीपूर्ण नई प्रौद्योगिकियों के साथ कई मिशनों में सहयोग देने के लिए डिजाइन किया गया है। यह हेलीकॉप्टर हिंद महासागर में चीनी पनडुब्बियों की मौजूदगी का भी पता लगाने में भी माहिर है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौसेना में औपचारिक रूप से शामिल हुआ DSCA-20 जहाज

**कोच्चि।** भारतीय नौसेना ने कोच्चि स्थित नौसेना स्टेशन में बुधवार को आयोजित एक औपचारिक समारोह के दौरान डाइविंग सपोर्ट क्राफ्ट (डीएससी) ए-20 को औपचारिक रूप से सेवा में शामिल किया। यह जहाज नौसेना की पानी के नीचे की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डीएससी ए20 इस वर्ष शामिल किया गया 11वां नौसैनिक जहाज है, जो नौसेना की लगातार बढ़ती स्वदेशी जहाज निर्माण क्षमता और 'आत्मनिर्भर भारत' की ओर प्रगति को दर्शाता है। यह डीएससी ए-20 श्रेणी का पहला जहाज है, जो समुद्र के भीतर जाकर ऑपरेशन को अंजाम दे सकता है। यह एक ऐसा युद्धपोत है, जो अंडरवॉटर मिशन, निरीक्षण और रिकवरी कार्यों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है।

### भारत वैश्विक व्यापार में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी की ओर अग्रसर: वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारत अपने मजबूत व्यापक आर्थिक आधार, लचीली विकास दर और तेजी से बढ़ते उद्यम के बल पर आने वाले वर्षों में वैश्विक व्यापार का 25 प्रतिशत हिस्सा हासिल करने की दिशा में काम कर रहा है। वित्त मंत्री ने बुधवार को दिल्ली में 'इंडिया इकोनॉमिक कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ रहा है, जहां आयात शुल्क प्रतिबंधों और रणनीतिक बाधाओं के माध्यम से व्यापारिक गतिविधियों को प्रतिबंधित किया जा रहा है।

### आरजी कर रेप-हत्याकांड: स्वत: संज्ञान मामला कलकत्ता हाईकोर्ट ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में स्वत: संज्ञान से शुरू की गई कार्यवाही को कलकत्ता उच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, ताकि मामले में जारी निर्देशों के कार्यान्वयन की निगरानी की जा सके।

# दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा बंद कीजिए

## दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण संकट पर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

### स्कूलों की छुट्टियां अभी जारी रहेंगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों के पैसे अन्य लोगों के खातों में न जाएं

■ राजधानी दिल्ली में अब केवल बीएस-4 और उससे ऊपर के मानक वाले वाहन ही सड़कों पर चल सकेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गहराते संकट पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सुनवाई की। दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के गंभीर स्तर को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने नौ टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा।

वहीं न्यायालय ने स्पष्ट किया कि दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को ही चलने की अनुमति दी जाएगी, जो बीएस-4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी के हैं। न्यायालय के इस नए स्पष्टीकरण के बाद अब अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे, जो बीएस-चार मानकों को पूरा नहीं करते हैं। वहीं बीएस-4 या नए वाहनों को उनकी समय सीमा पूरी होने के बावजूद चलाने की अनुमति है। न्यायालय का यह नवीनतम आदेश, उसके गत 12 अगस्त के उस पिछले आदेश में संशोधन करता है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और पंद्रह साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी गई थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की उस याचिका पर यह स्पष्टीकरण जारी किया, जिसमें शहर में बिगड़ती वायु गुणवत्ता को देखते हुए पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ ने इस बात पर जोर दिया कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाय मौजूदा उपायों को प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है, -शेष पृष्ठदो पर

### दिल्ली में एक्यूआई बहुत खराब, कई हिस्सों में कोहरे से दृश्यता कम हुई



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) का स्तर बहुत खराब बना हुआ है और शहर के कई हिस्सों में कोहरे एवं धुंध से दृश्यता कम हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सफदरजंग में सुबह 6:30 बजे हल्के कोहरे में दृश्यता सबसे कम 900 मीटर दर्ज की गई, जबकि पालम में सुबह 7:00 बजे धुंध में 1,100 मीटर दृश्यता रही। सात से दस किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली पश्चिमी हवाओं ने दृश्यता में और गिरावट को रोकने में मदद की। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने कहा कि इसका विमान और सड़क संचालन पर ज्यादा असर नहीं पड़ा, हालांकि मोटर चालकों को सुबह के समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। इस बीच, राष्ट्रीय राजधानीं में हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही। 40 में से 39 मॉनिटरिंग स्टेशनों के डेटा के आधार पर दिल्ली का कुल एक्यूआई सुबह 6:05 बजे 329 था। कई इलाकों में प्रदूषण का स्तर काफी ज्यादा दर्ज किया गया, जिसमें मुंडका (371), एनएसआईटी द्वारका (361), नेहरू नगर (360), ओखला फेज-2 (339), पंजाबी बाग (340) और नरेला (340) में एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में रहा।

# भारत ने ढाका में बंद किया वीजा आवदेन केंद्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए लिया निर्णय

■ भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर बांग्लादेश के उच्चायुक्त को तलब किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मौजूदा सुरक्षा स्थिति को देखते हुए भारत ने बुधवार को अपना भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

यह केंद्र ढाका के जमुना फ्यूचर पार्क में स्थित है और राजधानी में सभी भारतीय वीजा सेवाओं का मुख्य, एकीकृत केंद्र माना जाता है। आईवीएसी ने एक बयान में कहा कि सुरक्षा हालात को ध्यान में रखते हुए बुधवार को दोपहर 2 बजे के बाद केंद्र बंद कर दिया गया। केंद्र ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों की बुधवार को आवेदन जमा करने की अपाइंटमेंट थी, उनकी तारीख आगे के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। वहीं विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह को तलब कर बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति, ढाका स्थित भारतीय मिशन की सुरक्षा और वहां के कुछ नेताओं की भारत के खिलाफ बयानबाजी को लेकर अपनी चिताओं से अवगत कराते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्री हमीदुल्लाह का ध्यान विशेष रूप से कुछ उग्रवादी तत्वों की गतिविधियों की ओर दिलाया गया जिन्होंने ढाका स्थित भारतीय मिशन के आसपास सुरक्षा स्थिति को लेकर धमकी दी है। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत बांग्लादेश में हाल की कुछ घटनाओं को लेकर उग्रवादी तत्वों द्वारा गढ़े जा रहे झूठे आख्यानों को पूरी तरह से खारिज करता है।

### पंकज चौधरी ने दिल्ली में की अमित शाह से मुलाकात

**लखनऊ/नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष पंकज चौधरी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच करीब आधे घंटे तक हुई बातचीत हुई में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में पिंछड़ी जातियों से जुड़े राजनीतिक समीकरणों और प्रदेश संगठन की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ।

### राहुल गांधी के खिलाफ केस की सुनवाई अब लखनऊ की अदालत में होगी

■ रायबरेली में चल रहा एक मामला लखनऊ ट्रांसफर होगा

**लखनऊ।** लखनऊ राहुल गांधी के खिलाफ रायबरेली में चल रहे एक मामले को लखनऊ ट्रांसफर किया जाएगा। अब इस मामले की सुनवाई लखनऊ की विशेष अदालत में होगी।

इसके लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने बुधवार को सुनवाई के बाद आदेश दे दिया है। न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की एकल पीठ ने याची की स्थानांतरण अर्जी पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। दरअसल, भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता को लेकर सवाल उठाए हैं। उसके द्वारा दाखिल अपराधिक परिवाद पर सुनवाई रायबरेली की विशेष कोर्ट में चल रही है।

# दिल्ली में आज से 50 % कर्मचारी घर से करेंगे काम

■ दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने आदेश जारी किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली के श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में सभी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए गुरुवार (18 दिसम्बर) से 50 प्रतिशत 'वर्क-फ्रॉम-होम' सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश जारी किए।

श्री मिश्रा ने कहा कि ये निर्देश अस्पतालों, अग्निशमन सेवा, जेल प्रशासन, निजी परिवहन, बिजली और पानी विभागों, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण विभाग सहित जरूरी सेवाओं पर लागू नहीं होगा। दिशानिर्देशों में यह भी कहा गया है कि ग्रैप-3 और ग्रैप-4 के तहत काम बंद होने के कारण प्रभावित पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को दिल्ली सरकार मुआवजे के तौर पर 10,000 रुपये देगी। नए जारी किए गए आदेशों का उल्लंघन करने पर पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इससे पूर्व, दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन समिति (सीएक्यूएम) की सिफारिश के बाद शहर में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए शहर भर के स्कूलों को 'हाइब्रिड मोड' में बदलने का निर्देश दिया था। साथ ही पांचवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन क्लास की भी घोषणा की गई थी।

### लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व सहयोगी की हत्या मामले में 5 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को आरजू-अनमोल बिश्नोई-हैरी बॉक्सर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के अनुसार, इन पर इस महीने की शुरुआत में चंडीगढ़ में दूसरे गिरोह के एक गैंगस्टर की हत्या में शामिल होने का आरोप है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पूर्व करीबी सहयोगी इंद्रप्रीत सिंह उर्फ पैरी की एक दिसम्बर को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 में क्लब से बाहर निकलने के कुछ ही देर बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह घटना उस समय हुई जब पैरी अपनी एसयूवी में बैठा था, तभी एक बंदूकधारी ने उस पर करीब से गोली मार दी और अपने साथियों के साथ फरार हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई थी।

# नासा ने उत्तर भारत के प्रदूषण पर किया चौंकाने वाला दावा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ कहा: पराली जलाने के टाइमिंग में हुए दो घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया




**नई दिल्ली।** अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के प्रदूषण पर चौंकाने वाला दावा किया है। नासा का कहना है कि पराली जलाने के टाइमिंग में हुए 2 घंटे के बदलाव ने इन इलाकों को प्रदूषण से काफी प्रभावित किया है।

नासा करीब एक दशक से भूस्थिर उपग्रह जीईओ-केओएमपीएसएटी -2। से प्राप्त डेटा के जरिये पराली जलाने का रिकॉर्ड रख रहा है। इसी रिकॉर्ड के आधार पर नासा ने यह रिपोर्ट जारी की है। नासा ने अपने बयान में कहा कि दशकों से हर साल अक्टूबर से दिसम्बर के बीच पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के किसान धान की कटाई के बाद पौधों के अवशेष जलाते हैं। इसकी वजह से उत्तरी भारत के इंडो-गंगा के मैदान में धुएं और धुंध की लंबी-लंबी धाराएं फैल जाती हैं। नासा का कहना है कि यही धुआं अन्य स्रोतों से निकलने वाले कणों और गैसों और धूल भरी आंधी के साथ मिलकर धुंध बनाता है। दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में वायु प्रदूषण का गंभीर असर देखने को मिल रहा है। बीते कुछ दिनों से दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में एआईक्यूआई 600 के पार चला जा रहा है। प्रदूषण के खतरे को देखते हुए राजधानी में ग्रैप-4 लागू है। सरकार ने छोटे बच्चों और बुजुर्गों को घर से बाहर नहीं निकलने देने के लिए कहा है। प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ब्रिटेन, कनाडा और सिंगापुर समेत कई देशों ने दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले अपने नागरिकों को घर के अंदर रहने और सावधानी बरतने की सलाह दी है। सिंगापुर दूतावास ने तो अपने नागरिकों को जरूरत के समय ही घरों से बाहर निकलने के लिए कहा है। नासा के मार्गन स्टेट यूनिवर्सिटी के वायुमंडलीय वैज्ञानिक हिरेन जेठवा के मुताबिक उत्तर भारत के राज्यों में पहले पराली दोपहर 1-2 बजे के आसपास जलाई जाती थी। अब इसमें बदलाव हो गया है। अब पराली 4-6 बजे के बीच जलाई जा रही हैं। नासा ने इसमें इसरो की एक रिपोर्ट का भी हवाला दिया है। इसरो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि 2020 से पहले पराली जलाने का चरम समय दोपहर 1।30 बजे था, जो अब बदल गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानने वाली शक्तियों को शिक्षालय व समाज से रखें दूर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इशारों ही इशारों में भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि जो लोग शस्त्र को शास्त्र से बड़ा मानते हैं, उन्हें शिक्षालयों, विश्वविद्यालयों और समाज से दूर रखा जाना चाहिए। शिक्षा का मूल उद्देश्य हिसक और असभ्य सोच को सभ्य बनाना है, लेकिन कुछ नकारात्मक शक्तियां शिक्षा संस्थानों पर कब्जा कर नई पीढ़ी की सोच को कुचलना चाहती हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अखिलेश ने पोस्ट करते हुए कहा कि समाज में ऐसे लोग सक्रिय हैं, जो अपने परंपरागत प्रभुत्व और वर्चस्व को बनाए रखने के लिए सामाजिक विभाजन और विद्वेष की राजनी. ति करते हैं। ये ताकतें प्रेम, सौहार्द और शांति के खिलाफ काम कर रही हैं, जिससे देश का अमन-चैन बिगड़ रहा है और तरक्की बाधित हो रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वयं भी हिसक और नकारात्मक सोच वाले लोगों से दूरी बनाएं और अपने परिवार व समाज को भी सतर्क करें।

### भारत को अमेरिका के साथ रचनात्मक चर्चा जारी रखनी चाहिए

**नई दिल्ली।** जानी-मानी अर्थशास्त्री और अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष की पूर्व अधिकारी गीता गोपीनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत और अमेरिका को आपस में आयात शुल्क के मुद्दे के समाधान के लिए रचानात्मक चर्चा करनी चाहिए। चर्चा करते रहने से समय के साथ शुल्क नीचे आ सकते हैं। सुश्री गोपीनाथ ने यहां इडिया इकोनॉमिक कान्क्लेव के एक सत्र में भारत की व्यापार रणनीति को लेकर कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी संबंधों की गहराई को देखते हुए आने वाले वर्षों में अमेरिका के साथ बातचीत महत्वपूर्ण होगी।

# सरकार कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को बना रही निशाना:खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया।

खड़गे ने एक महत्वपूर्ण अदालती फैसले के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनीतिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं। दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने मंगलवार को नेशनल हेराल्ड मामले में वरिष्ठ नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी एवं पांच अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निद. ेशालय (ईडी) के धन शोधन के आरोपों पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। खड़गे ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह



■ कांग्रेस अध्यक्ष ने चल रही कानूनी कार्यवाही को सुनियोजित 'राजनीतिक प्रतिशोध' करार दिया

बेबुनियाद है। खड़गे ने कहा कि वे (केन्द्र सरकार) यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है। यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है। इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा 'सत्यमेव जयते' है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष की यह टिप्पणी पार्टी के शीर्ष नेताओं से जुड़े लंबे समय से चल रहे एक कानूनी विवाद के बीच आई है। हालांकि इस विशिष्ट फैसले ने पार्टी को राहत या दी है, लेकिन खड़गे ने तुरंत इसे व्यापक संदर्भ से जोड़ते हुए कहा कि सत्ता पक्ष विपक्षी दलों को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहा है। यह मामला पिछले कई वर्षों से भारतीय राजनीति में विवाद का केंद्र रहा है। यह कांग्रेस से जुड़ी संस्थाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों पर आधारित है। जहां सरकार और जांच एजेंसियां यह कहती रही हैं कि वे केवल कानून के शासन का पालन कर रही हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी लगातार इस जांच को 'प्रक्रियात्मक अत्याचार' बताती रही है। कांग्रेस नेताओं ने अक्सर इस बात की ओर इशारा किया है कि ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

### नेशनल हेराल्ड मामले में किसी को राहत नहीं मिली, ट्रायल जारी है: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कोई राहत नहीं मिली है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह दावा किया कि नेशनल हेराल्ड मामले का ट्रायल जारी है, इस मामले में श्रीमती सोनिया गांधी आरोपी नंबर एक हैं और राहुल गांधी आरोपी नंबर दो अभी भी हैं। भाटिया ने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में धोखाधड़ी मामले में सुनवाई जारी है। इस मामले में ट्रायल जारी है और इस मामले में सात साल की सजा संभव है। उन्होंने कहा कि आज इस मामले में जब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से पत्रकार बंधुओं ने यह सवाल प्रेसवार्ता में पूछा, तो न मल्लिकार्जुन खड़गे के पास इसका कोई उत्तर था और न ही अभिषेक मनु सिघवी के पास इसका कोई उत्तर नहीं था।

# संसद में निजी स्कूलों पर लगा मुनाफाखोरी का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**

राज्यसभा में बुधवार को निजी स्कूलों पर मुनाफाखोरी करने और बच्चों की पोशाक से लेकर किताब तक स्कूल से खरी. दने के लिए विवश करने के आरा. ेप पर शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सभी संस्थानों को एक ही रंग में रंगना गलत होगा। बीजू जनता दल की सुलता देव ने एक पूरक प्रश्न पूछते हुए आरोप लगाया कि निजी स्कूल शिक्षा के नाम पर मुनाफाखोरी कर रहे हैं।

अभिभावकों को पोशाक, किताबें, स्कूल बैग आदि स्कूल से ही खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। इसके जवाब में चौधरी ने कहा कि शिक्षा समवर्ती सूची का विषय है और राज्यों की इसमें बड़ी भूमिका होती है। मेरी आपत्ति है। एक ब्रश से सभी संस्थाओं को आप पेंट कर रही हैं, कह रही हैं कि निजी स्कूलों में मुनाफाखोरी हो रही है, ऐसा कहना भी अनुचित होगा। एक अन्य पूरक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि समावेशी शिक्षा के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 14,013 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। देश भर में कुल 14. 71 लाख स्कूल हैं, जिनमें से 11. 64 लाख में रैम्प हैं। उनके लिए टॉयलेट और अन्य सुविधाओं के निर्माण के लिए केंद्र सरकार राज्यों की मदद करती है। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मंत्री ने सदन को सूचित किया कि सरकारी स्कूलों में जहां शिक्षकों की संख्या बढ़ रही है, वहीं छात्रों की संख्या घट रही है।

# नकली दवाओं का कारोबार भाजपा के संरक्षण में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार के संरक्षण में कफ सिरप के नाम पर नकली दवाएं और जहर बेचा जा रहा है। यादव ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार हो रहा है। अवैध कारोबारियों को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है।

उत्तर प्रदेश में भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार का सारा साम्राज्य भाजपा सरकार में खघ हुआ है। इसमें ऊपर से नीचे तक सब मिले हुए हैं। भाजपाई एक तरफ भ्रष्टाचार करके सरकारी बजट लूट रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश में नकली सामान और दवाएं बनाकर जनता को लूटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार और कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस का दावा करते हुए बड़ी-बड़ी लफ्फाजी करने वाले अब कहां



■ सपा अध्यक्ष ने कहा: भाजपा सरकार में तमाम तरह का अवैध और नशे का कारोबार जारी

गुम हो गए हैं। नकली और जहरीली सिरप के हजारों करोड़ के अवैध कारोबार पर चुप्पी क्यों है। भाजपा सरकार में प्रदेश में अराजकता चरम पर है। भ्रष्टाचार और लूट की पराकाष्ठा है। यूपी में ऐसा फर्जीवाड़ा कभी नहीं हुआ था। भाजपा का भ्रष्ट सिस्टम प्रदेश की जनता को बीमार और बेहाल बना रहा है। यादव ने कहा कि इस सरकार में लोगों की जान की कोई कीमत नहीं रह गई है। प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त हैं।

## उत्तर प्रदेश में अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज: योगी

# पीएसी का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि 78 वर्षों से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए।

सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। उत्तर प्रदेश के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है।



■ मुख्यमंत्री ने लखनऊ में यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया।

सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अति. विशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्च पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा करते हुए बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसम्बर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है।

### कोहरे और ठंड को लेकर मुख्यमंत्री के अधिकारियों को सख्त निर्देश

**लखनऊ।** घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को प्रदेश भर में अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने मंडलायुक्त, आईजी, जिलाधिकारी, पुलिस, ट्रैफिक और नगर निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि जनजीवन, यातायात और निराश्रितों की सुरक्षा में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सड़कों, गलियों, हाईवे से लेकर एक्सप्रेस-वे तक सुरक्षा इंतजाम चाक-चौबंद रखे जाएं। इसके साथ ही, एक्सप्रेस-वे पर पेट्रोलिग बढ़ाने, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, टीमें तैनात करने, क्रेन और एम्बुलेंस को 24ग7 उपलब्ध रखने तथा टोल प्लाजा पर लाउडस्पीकर से चालकों को कोहरे की चेता. वनी देने के निर्देश दिए हैं। योगी ने खराब विजिबिलिटी में यातायात प्रबंधन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



सेंसेक्स 84559.65
निफ्टी 25818.55



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 190000
प्रति किलो




# शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़के

## बिकवाली हावी, प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक एक सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। शुरुआती बढ़त के बाद बाजार में बिकवाली हावी हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 120.21 अंक (0.14 फीसदी) गिरकर 84,559.65 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 41.55 अंक यानी 0.16 फीसदी नीचे 25,818.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का 10 दिसम्बर के बाद का निचला स्तर है। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.63 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचक.



ांक 0.73 प्रतिशत फिसल गया। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, रसायन, मीडिया, निजी बैंकों और एफएमसीजी सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही।

वहीं सरकारी बैंकों, आईटी और धातु सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर करीब डेढ़ फीसदी की बढ़त में रहा। इंफोसिस, सनफार्मा, टीसीएस, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर भी मजबूती के साथ बंद हुए। ट्रेंट का शेयर डेढ़ प्रतिशत के अधिक टूटा। एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में एक-एक फीसदी के करीब गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, बजाज फिनसर्व, बीईएल, टाइटन आईटीसी और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

# गिरावट से उबर कर रुपया 63 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई।** रुपया कई दिनों की गिरावट से उबरता हुआ बुधवार को मजबूत वापसी करने में कामयाब रहा और शुरुआती कारोबार में 63 पैसे की तेजी के साथ 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर भारतीय मुद्रा 90.9375 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर पर बंद हुई थी।

रिजर्व बैंक के डॉलर/रुपया स्वैप का पहला चरण मंगलवार को पूरा होने के बाद, जिसमें केंद्रीय बैंक ने वाणिज्यिक बैंकों से पांच अरब डॉलर खरीदा है, बाजार में अमेरिकी मुद्रा की मांग कम हुई है। इससे रुपया मजबूत हुआ है। भारतीय मुद्रा आज 11.25 पैसे टूटकर 91.05 रुपये प्रति डॉलर पर खुली, लेकिन कुछ ही देर में तेजी से वापसी करते हुए 89.9675 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुई। हालांकि बाद में इसकी तेजी कुछ कम हुई और खबर लिखे जाते समय यह 63 पैसे की बढ़त में 90.3075 रुपये प्रति डॉलर पर रही।

# चावल, गेहूं मजबूत, दालें, चीनी नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़ जारी रही

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी रही। वहीं, चीनी और दालों के दाम घट गए जबकि खाद्य तेलों की कीमतों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत सात रुपये बढ़कर 3,864 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं छह रुपये महंगा हुआ और 2,866 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत तीन रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में नरमी रही। तुअर दाल 65 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। उड़द दाल की कीमत 31 रुपये और चना दाल की 27 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। मसूर दाल में 14 रुपये और मूंग दाल में आठ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। विदेशों में



बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा तीन रिंगिट चढ़कर 3,965 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, मार्च का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर में 48.62 डॉलर के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल 12 रुपये और पाम ऑयल 11 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया तेल भी 10 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। वनस्पति 17 रुपये और मूंगफली तेल सात रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। सरसों तेल के भाव में टिकाव रहा। मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 26 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। चीनी भी 13 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे :.दाल. दलहन : दाल चना 7831.57 रुपये, मसूर काली 8149.01 रुपये, मूंग दाल 10098.14 रुपये, उड़द दाल 10358. 68 रुपये, तुअर दाल 10544.48 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज : द्धभाव प्रति क्विंटलत्रः गेहूं दड़ा 2866.34 रुपये और चावल 3863.86 रुपये प्रति क्विंटल। आटा द्धगेहूंत्रः 3305.49 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4316.57 रुपये और गुड़ 4,988. 71 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 17663.51 रुपये, मूंगफली तेल 17824.58 रुपये, सूरजमुखी तेल 15769.99 रुपये, सोया तेल 13777.67 रुपये, पाम ऑयल 12470.87 रुपये और वनस्पति 14465.68 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

### अमेठी में एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाले खुलासे

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में मतदाता सूची के एसआईआर प्रक्रिया में चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। एसआईप्रक्रिया जिले में अब अंतिम चरण में है। इसके बावजूद जिले में करीब पौने तीन लाख मतदाता ऐसे हैं, जिनका पता नहीं चल पा रहा है। फिलहाल जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के बीएलए और बीएलओ को पुन: सूची से मिलान करने के निर्देश दिए है। जिले के चारों तहसीलों में कुल 14 लाख 36 हजार 528 मतदाताओं की वोटर लिस्ट की जांच की गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दिल्ली की...**

क्योंकि प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया जाता है। सीजेआई ने टिप्पणी करते हुए कहा कि आइए इस खतरे के व्यावहारिक और कारगर समाधानों के बारे में सोचें। इस दौरान दिल्ली में स्कूलों को बंद किए जाने का मुद्दा उठा। वकील मेनका गुरुस्वामी ने दलील देते हुए कहा कि हर बार जब स्कूल बंद किए जाते हैं, तो गरीब बच्चों को सबसे ज्यादा नुकसान होता है, क्योंकि वे मिड-डे मील जैसी सुविधाओं से वंचित हो जाते हैं। इस पर भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि हमें इस मामले को विशेषज्ञों पर छोड़ देना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि स्कूलों की छुट्टियां जारी रहेंगी। उन्होंने कहा कि हम दुआ करते हैं कि छुट्टियां खत्म होने से पहले प्रदूषण कम हो जाए। सुनवाई के दौरान एक वकील ने दलील देने की कोशिश की। जिस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि हमारी समस्या है कि ऐसे मामलों में हमें विशेषज्ञों की सलाह कम मिलती है और उनकी जगह वकील ही विशेषज्ञ बन जाते हैं। दिल्ली- एनसीआर में वायु प्रदूषण संकट पर सुनवाई के दौरान मजदूरों के संगठन की ओर से पेश वकील ने भत्ते के भुगतान न होने का मुद्दा उठाया। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करने को कहा। दिल्ली सरकार ने दलील दी कि 2.5 लाख निर्माण श्रमिकों में से 7,000 का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि श्रमिकों के खातों में स्थानांतरित किया गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए, न किसी अन्य खाते में चला जाना चाहिए। सुनवाई के दौरान दिल्ली के कई टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम के चलते होने वाले प्रदूषण का भी मुद्दा उठा। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों की ओर से क्यों नहीं कहा जाता है कि जनवरी तक कोई टोल प्लाजा नहीं रहेंगे। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनाट प्लेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिए। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाए। उन्होंने इस पर फैसला लेने के लिए एक हफ्ते की समयसीमा भी तय की।

# भारतीय उद्यमियों की सूची में दीपिंदर गोयल शीर्ष पर

## वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया

**नई दिल्ली, वार्ता**

हुरुन इंडिया ने नई कंपनी खड़ी करने वाले शीर्ष 200 भारतीयों की सूची जारी की है जिसमें इटरनल के दीपिदर गोयल पहले स्थान पर हैं। हुरुन इंडिया की आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के साथ जारी इस सूची में गोयल ने पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया है। उनका वैल्युएशन 27 प्रतिशत बढ़कर 3.2 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है।

इस सूची में उन उद्यमियों को शामिल किया गया है, जिन्होंने साल 2000 के बाद खुद अपने दम पर कंपनी खड़ी की है। पिछले साल पहला स्थान हासिल करने वाले एवेन्यु सुपरमार्ट्स के राधाकिशन दमानी का वैल्युएशन 13 प्रतिशत

■ एवेन्यू सुपरमार्ट्स के राधाकिशन का वैल्युएशन 13 प्रतिशत कम हुआ

कम हुआ है और यह तीन लाख करोड़ रुपये रह गया है। इंटरग्लोबल एविएशन (इंडिगो) के राहुल भाटिया और राकेश अग्रवाल को पहली बार इस सूची में जगह मिली है और वे सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

कंपनी का वैल्युएशन 2.2 लाख करोड़ रुपये है। पेटीएम और लेंसकार्ट ने भी शीर्ष 10 में जगह बनाई है, जबकि रेजरपे और जेरोधा शीर्ष 10 से बाहर हो गए हैं। हुरुन इंडिया के संस्थापक एवं मुख्य अनुसंधानकर्ता अनस रहमान जुनैद ने कहा कि इस सूची में शामिल सभी उद्यमों का संयुक्त कारोबार 469 अरब डॉलर है। वहीं सूची में पांच ऐसी कंपनियां भी हैं, जिनकी स्थापना साल 2020 के बाद हुई थी। उनका संयुक्त नेटवर्थ 78,000 करोड़ रुपये है। सूची में मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट के अभय सोय चौथे, स्विगी के हर्ष मजेटी तथा नंदन रेड्डी पांचवें, मेकमायट्रिप के दीप कालरा तथा राजेश मगाव छठे और पॉलिसी बाजार के याशिष दहिया तथा आलोक बंसल सातवें स्थान पर हैं। आठवें स्थान पर पेटीएम के विजय शेखर शर्मा, नवें स्थान पर नायका की फाल्गुनी नायर तथा अद्वैता नायर और 10वें स्थान पर लेंसकार्ट के पीयूष बंसल, अमित चौधरी, नेहा बंसल और सुमित कपाही हैं।

# उप्र के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में खोली जाएंगी डिजिटल लाइब्रेरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आधुनिक शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहले चरण में प्रदेश की 11,350 ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है, जिससे गांव के छात्र अब शहरों पर निर्भर हुए बिना सिविल सर्विसेज सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।

अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि हर डिजिटल लाइब्रेरी पर चार लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसमें दो लाख रुपये की पुस्तकों की व्यवस्था होगी, जबकि 1-30 लाख रुपये के आईटी इक्यूपमेंट और 70 हजार रुपये के आधुनिक फर्नीचर लिए जाएंगे। लाइब्रेरी में ई-बुक्स, वीडियो लेक्चर, ऑडियो कंटेंट, क्विज और करीब 20 हजार डिजिटल शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध रहेगी। पंचायतीराज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों की ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से डिजिटल लाइब्रेरी खोली जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का स्तर सुधरेगा और युवा रोजगार के लिए अधिक सक्षम बन सकेंगे। डिजिटल लाइब्रेरी का प्रबंधन ग्राम प्रधान और सचिव करेंगे, जबकि सहायक अधिकारी इसकी नियमित देखरेख करेंगे। योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 35 जिलों में पुस्तकों का चयन पूरा कर लिया गया है।

# 3848 लाभार्थियों के खातों में 33.22 करोड़ ट्रांसफर

■ ऑनलाइन माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया वितरण, स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर उत्तराखंड का निर्माण हमारा संकल्प : सीएम



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 3848 लाभार्थियों के बैंक खातों में 33.22 करोड़ रुपये की धनराशि का मुख्यमंत्री आवास से ऑनलाइन माध्यम से वितरण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि उत्तराखंड का युवा नौकरी ढूंढने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना राज्य की उन प्रमुख योजनाओं में से एक है, जिसने वास्तविक रूप से पलायन को रोकने, रिवर्स माइग्रेशन को बढ़ावा देने और स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड-19 के दौरान लौटे प्रवासी, युवा उद्यमी, कारीगर, हस्तशिल्पी एवं शिक्षित बेरोजगार इस योजना के प्रमुख लाभार्थी हैं। योजना के अंतर्गत राज्य के मूल और स्थायी निवासियों को विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार क्षेत्र में राष्ट्रीयकृत, सहकारी एवं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से ऋण सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विनिर्माण इकाइयों के लिए 25 लाख तक और सेवा एवं व्यापार इकाइयों के लिए ₹10 लाख तक की परियोजना लागत अनुमन्य है। योजना के अंतर्गत परियोजना लागत का 15 से 25 प्रतिशत तक मार्जिन मनी उपादान (सब्सिडी) के रूप में प्रदान किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत लगभग 32 हजार लाभार्थियों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था, इस योजना से अब तक 35 हजार से अधिक लाभार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। योजना के तहत अब तक 1,389 करोड़ से अधिक का ऋण वितरण किया गया है, जिससे लगभग 64,966 नए रोजगार सृजित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रमाण है कि योजना केवल कागजों में नहीं, बल्कि धरातल पर सशक्त रूप से कार्य कर रही है।इस अवसर पर सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग एवं एमडी सिडकुल डॉ. सौरभ गहरवार, उप सचिव शिव शंकर मिश्रा, उद्योग विभाग से अपर निदेशक मृत्युंजय सिंह, संयुक्त निदेशक अनुपम द्विवेदी, दीपक मुरारी, उप निदेशक महावीर सजवान, राजेंद्र कुमार, उद्योग मित्र अभिषेक नैनवाल एवं अनुराग गुप्ता मौजूद थे।

## डबल इंजन सरकार उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से बना रही आत्मनिर्भर

मुख्यमंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई है। यह सरकार की पारदर्शिता, टेक्नोलॉजी-आधारित और भ्रष्टाचार-मुक्त कार्यप्रणाली का प्रमाण है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना केवल एक योजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर उत्तराखंड की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर जिले में स्थानीय उद्यम, हर गांव में रोजगार और हर युवा के हाथ में काम हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करते हुए डबल इंजन सरकार उत्तराखंड के युवाओं को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही है।

## सीएम ने लाभार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने इस दौरान मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना से लाभार्थियों से संवाद भी किया। लोहाघाट, चंपावत के कमल सिंह पार्थोली ने कहा कि उन्होंने स्मार्ट लाइब्रेरी के लिए इस योजना के तहत 10 लाख रुपये का लोन लिया। अभी यहां 130 बच्चे पढ़ रहे हैं, वे अब ई-लाइब्रेरी भी बनाएंगे। उधम सिंह नगर के प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने गाड़ी सर्विस के कार्य के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया; वे पहले साइकिल रिपेयरिंग का कार्य करते थे। उत्तरकाशी के श्री जसपाल ने बताया कि उन्होंने फिटनेस क्लब की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया, अब वे इसका और विस्तार कर रहे हैं। पौड़ी गढ़वाल के अयान मंसूरी ने बताया कि उन्होंने रजाई और गद्दा निर्माण के कार्य के लिए 10 लाख रुपये का लोन लिया, उनके साथ इस रोजगार से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से कई लोग जुड़े हैं। इस साल उनका कारोबार तीन करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बागेश्वर की चंपा देवी ने कहा कि उन्होंने मोबाइल सेल एंड सर्विस के लिए सात लाख रुपये का लोन लिया था। इस कार्य से उनकी आजीविका बढ़ी है।

# पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों एवं पुलों का निर्माण कार्य प्राथमिकता पर करें पूरा : जोशी

■ ग्राम्य विकास मंत्री ने की पीएमजीएसवाई से संबंधित अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) से संबंधित अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री ने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत चल रहे एवं प्रस्तावित सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी ली तथा कार्यों को गति देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम्य विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्य को स्वीकृत 1700 करोड़ रुपये की लागत से 1228 किलोमीटर लंबाई की 184 ग्रामीण सड़कों के निर्माण से संबंधित सभी कागजी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाए।

उन्होंने पीएमजीएसवाई के अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत को प्राथमिकता देते हुए इन कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिए।मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट कहा कि पीएमजीएसवाई के तहत सड़कों एवं पुलों के निर्माण कार्य समयबद्ध, गुणवत्ता पूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से किए जाएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क कनेक्टिविटी का लाभ मिल सके।

साथ ही उन्होंने भूमि मुआवजा वितरण से जुड़े लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए।बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पीएमजीएसवाई फेज-03 के अंतर्गत 212 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है,

जबकि शेष 80 सड़कों पर कार्य तेजी से प्रगति पर है।इस अवसर पर यूआरआरडीए मुख्य कार्यकारी अधिकारी आलोक पांडेय, मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# केंद्र सहकारी बैंकों की वित्तीय हालात में सुधार के लिए कर रही विशेष प्रयास : भट्ट

■ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद ने सदन में उठाए सवाल



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केंद्र सरकार 63 कमजोर वित्तीय स्थिति वाले सहकारी बैंकों की माली हालत में सुधार के लिए विशेष प्रयास कर रही है। जिसमें नई शाखाएं खोलने की अनुमति, उधार लक्ष्य में कमी और बकाया ऋणों का एकमुश्त भुगतान प्रमुख उपायों में शामिल हैं।

प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट सदन में देश में खराब माली हालत वाले सहकारी बैंक को लेकर केंद्र की योजना संबंधित सवाल पूछे थे। जिसका जबाव में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की तरफ से बताया गया कि भारतीय रिजर्व बैंक आरबीआई एवं राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, कुल 47 शहरी सहकारी बैंक और 16 ग्रामीण सहकारी बैंक जिसमें 1 राज्य सहकारी बैंक और 15 जिला केंद्रीय सहकारी बैंक दबाव में हैं। सरकार ने सहकारी बैंकों को सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न पहलें की हैं। जिसके अनुसार,शहरी सहकारी बैंकों को अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए नई शाखाएं खोलने की अनुमति दी गई है। वहीं प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार यानि पीएसएल लक्ष्य को 75 फीसदी से घटाकर 60 फीसदी करके, शहरी सहकारी बैंकों के लिए राहत दी गई है। राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त और विकास निगम लिमिटेड, जो एक गैर-जमा लेने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, को सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचा और परिचालन संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए शहरी सहकारी बैंकों के लिए एक व्यापक संगठन के रूप में स्थापित किया गया है।

इसी तरह सहकारी बैंकों को वाणिज्यिक बैंकों की तरह बकाया ऋणों का एकमुश्त निपटान करने की अनुमति भी दी गई है।

वहीं पारदर्शिता सुनिश्चित करने और जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम में भी संशोधन किया गया है ताकि सहकारी बैंकों के निदेशक मंडल जिसमें अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशकों को छोड़कर शेष का कार्यकाल अधिकतम 10 वर्ष किया जा सके।

# श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ उत्तरकाशी में होंगे धार्मिक आयोजन

**उत्तरकाशी:** अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर आगामी 25 दिसंबर से 1 जनवरी 2026 तक जनपद में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करने पर विचार विमर्श किया गया।बुधवार को जयपुर मंदिर उत्तरकाशी मेंविश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय प्रकाश बडोला और बजरंग दल के जिला संयोजक सचेंद्र परमार अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। इस दौरान बजरंग दल के जिला संयोजक सचेंद्र परमार ने बताया कि सनातन धर्म रक्षा के लिए बजरंग दल की उत्तरकाशी में दिनांक 27 दिसंबर को एक विशाल शौर्य जागरण यात्रा निकाली जाएगी जिसमें बाइक रैली वह फोर व्हीलर कर रैली निकाली जाएगी।

# पीएचसी शक्तिफार्म सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकृत: डॉ. रावत

■ 30 बेडेड सीएचसी के संचालन को विभिन्न संवर्ग में 32 पद स्वीकृत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ऊधमसिंह नगर जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती देते हुये राज्य सरकार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शक्तिफार्म को उच्चीकृत कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना दिया है। शासन स्तर से इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन के लिये आपईएचएस मानकों के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सक, चिकित्साधिकारी, पैरामेडिकल स्टॉफ सहित प्राशसनिक संवर्ग के कुल 35 पदों का भी सृजन किया गया है। शक्तिफार्म पीएचसी का सीएचसी में उच्चीकरण से स्थानीय स्तर पर आम लोगों को बेहतर उपचार मिल सकेगा।

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मीडिया को जारी बयान में बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की सेहत को लेकर फिक्रमंद है। सरकार प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण एवं विस्तार के लिये लगातार काम कर रही है। इसी कड़ी में सरकार ने ऊधमसिंह नगर जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को विस्तार देते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शक्तिफार्म (टाईप-ए) को 30 शैय्यायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उच्चीकृत कर दिया है। जिसके शासन स्तर से शासनदेश भी जारी कर दिये गये हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रावत ने बताया कि 30 शैय्यायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आईपीएचएस मानकों के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टॉफ, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन सहित अन्य मेडिकल स्टॉफ की तैनाती को कुल 32 पद सृजित किये गये हैं। जिसमें 20 नियमित तथा 12 आउटसोर्स के पद शामिल हैं। सरकार द्वारा नवसृजित पदों में चिकित्सा अधीक्षक, पब्लिक हेल्थ स्पेशिलस्ट, जनरल सर्जन, फिजिशियन, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, बालरोग विशेषज्ञ, निश्चेतक, दंत शल्यक के एक-एक पद शामिल हैं जबकि पीएचसी में पूर्व में सृजित चिकित्सा अधिकारी के एक पद को सीएचसी में समायोजित किया गया है। इसके अलावा पैरामेडिकल संवर्ग में 08, प्रशासनिक संवर्ग में 03, तथा 12 आउटसोर्स के पदों को सृजित किया गया है। डॉ. रावत ने बताया कि उच्चीकृत चिकित्सा इकाई में आईपीएचएस मानकों के अनुरूप आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण मुहैया कराने एवं अवसंरचनात्मक कार्यों को नियत समय पर पूरा करने के लिये विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं। डॉ. रावत ने बताया कि शक्तिफार्म में अस्पताल के उच्चीकरण होने से स्थानीय स्तर पर आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी साथ ही स्थानीय लोगों को निजी अस्पतालों में महंगे उपचार से राहत मिलेगी।

# दोनों मंडलों में एक-एक टिशू कल्चर लैब करें स्थापित : जोशी

■ कृषि मंत्री जोशी ने की कृषि विभाग की समीक्षा, अरोमा एवं टिशू कल्चर को बढ़ावा देने पर दिया विशेष जोर



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ अपने कैंप कार्यालय में बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कृषि मंत्री ने प्रदेश में टिशू कल्चर को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देते हुए गढ़वाल एवं कुमाऊं मंडल में एक-एक टिशू कल्चर लैब स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि टिशू कल्चर तकनीक किसानों को कम लागत, कम जोखिम और अधिक आय का अवसर प्रदान करेगी।

यह खेती को आधुनिक, वैज्ञानिक और व्यावसायिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित होगा। कृषि मंत्री जोशी ने टिशू कल्चर को प्रोत्साहित करने के लिए विभागीय अधिकारियों को ठोस कार्ययोजना तैयार करने के साथ-साथ किसानों को अधिक लाभ देने वाली फसलों की ओर प्रेरित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने एरोमा सेक्टर की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए पहाड़ी क्षेत्रों में लैवेंडर, डेंडेलाइन जैसी फसलों पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि एरोमा के क्षेत्र में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ते हुए नवाचार आधारित कार्य किए जाएं। साथ ही कृषि एवं उद्यान क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं इनोवेटिव कार्य कर रहे निजी संस्थानों को भी योजनाओं से जोड़ने पर बल दिया।

बैठक के दौरान मंत्री ने विदेशी बाजारों में निर्यात होने वाले कृषि एवं उद्यान उत्पादों की अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जांच के लिए राज्य में टेस्टिंग लैब की डीपीआर शीघ्र तैयार करने तथा इसके लिए उपयुक्त भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना से संबंधित सभी आवश्यक कागजी कार्यवाही जल्द पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश भी दिए।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से धरातल पर उतरें, इसके लिए अधिकारी पूरी निष्ठा और मनोयोग से कार्य करें, ताकि किसानों को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके।इस अवसर पर कृषि उद्यान महानिदेशक वंदना सिंह, निदेशक बागवानी मिशन महेंद्र पाल, एके उपाध्याय, संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कृषकों व उद्यान कार्मिकों 5 दिवसीय प्रशिक्षण के लिए किया रवाना

■ डॉ. वाईएस परमार कृषि एवं वानिकी विश्व. विद्यालय, नौणी सोलन में लेंगे 05 दिवसीय सेब एवं कीवी उत्पादन की ट्रेनिंग



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बुधवार को अपने कैंप कार्यालय से जिला योजना के अंतर्गत जनपद देहरादून के 28 कृषकों के दल और दो उद्यान कार्मिकों को 05 दिवसीय सेब एवं कीवी उत्पादन प्रशिक्षण के लिए डॉ. वाईएस परमार कृषि एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणीखसोलन (हिमाचल प्रदेश) के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि प्रदेश में सेब और कीवी जैसी उच्च मूल्य वाली फसलों की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कृषकों को आधुनिक तकनीक, उन्नत किस्मों, पौध संरक्षण एवं विपणन की जानकारी प्राप्त होगी, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कृषकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गौरतलब है कि इसी क्रम में जनपद देहरादून में पूर्व में 56 कृषकों को संरक्षित खेती (पाली हाउस) के प्रशिक्षण हेतु पंतनगर विश्वविद्यालय भेजा जा चुका है। मंत्री ने विश्वास जताया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद कृषक अपने अनुभवों का लाभ अन्य किसानों को भी देंगे, जिससे जनपद एवं प्रदेश में बागवानी को नई दिशा मिलेगी।

**एक नजर .......**

## डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति पर भाजपा अडिग: सुबोध उनियाल



**टिहरी।** नरेंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ भारत की चुनावी प्रणाली को अधिक पारदर्शी, सुदृढ़ एवं लोकतांत्रिक बनाने के उद्देश्य से विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसआईआर प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान नए पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने, अपात्र एवं दोहरी प्रविष्टियों को हटाने, तथा मतदाता विवरणों के सत्यापन एवं सुधार जैसे अहम विषयों पर जानकारी साझा की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाना है, ताकि कोई भी घुसपैठिया संवैधानिक चुनावों को प्रभावित न कर सके और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था सुरक्षित बनी रहे।इस अवसर पर मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि घुसपैठ के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी की नीति स्पष्ट हैख्रडिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है और एसआईआर अभियान इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री नलिन भट्ट, ब्लॉक प्रमुख दीक्षा राणा सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्य सचिव ने योजनाओं के सम्बन्धित ली बैठक

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने दून विश्वविद्यालय एवं कुमाऊं विश्वविद्यालय के लैंग्वेज स्कूल को मजबूत और प्रभावी बनाए जाने के निर्देश दिए। कहा कि प्रदेश के भीतर सरकारी नर्सिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विदेशी भाषा को अनिवार्य किया जा सकता है, या इच्छुक प्रशिक्षणार्थियों को इच्छित भाषा का भी प्रशिक्षण देने पर विचार किया जा सकता है। ।मुख्य सचिव ने प्रदेशभर में बनाए जा रहे पुस्तकालयों में भाषा लैब को भी जोड़े जाने के निर्देश दिए हैं।` कहा कि इससे पुस्तकालयों में जाने वाले इच्छुक छात्र भाषा लैब में ऑडियो-विजुअल्स के माध्यम से विदेशी भाषाओं को सीख सकते हैं, साथ ही अन्य ऑनलाईन प्लेटफॉर्म का भी प्रयोग किया जा सकता है। कहा कि प्रशिक्षण पा रहे अभ्यर्थियों को भाषा सीखने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने विदेश रोजगार प्रकोष्ठ एवं तकनीकी शिक्षा को क्रेडिट आधारित विदेशी भाषा लर्निंग कार्यक्रम संचालित किए जाने के निर्देश दिए हैं। इससे विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण ले रहे युवा विदेशी भाषा सीखने के प्रति प्रेरित होंगे।मुख्य सचिव ने जापान, जर्मनी और यूके के दूतावासों से सम्पर्क कर उनके सुझाव लिए जा सकते हैं। और अच्छी भाषा सिखाने वाली एजेन्सी को हायर किया जा सकता है। इस अवसर पर सचिव श्री शैलेश बगौली, श्री रविनाथ रमन, डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा, अपर सचिव श्री रोहित मीणा एवं श्री मनुज गोयल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# महासंघ ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी

■ उत्तराखण्ड राज्य निगम कर्मचारी महासंघ की बैठक, विनियमितिकरण व वेतनमान को लेकर सरकार से कार्रवाई की मांग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य निगम कर्मचारी महासंघ की बैठक बुधवार को उत्तराखण्ड रोडवेज इम्पलाइज यूनियन के प्रान्तीय कार्यालय, देहरादून में सम्पन्न हुई। बैठक में महासंघ से जुड़े सभी घटक संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री, कार्यकारिणी पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में उत्तराखण्ड परिवहन निगम, जल संस्थान, मसूरीख्रदेहरादून विकास प्राधिकरण, स्वजल, वन विकास निगम, गढ़वाल मण्डल विकास निगम, दुग्ध संघ, उत्तराखण्ड जिला पंचायत, बहुउद्देशीय वित्तीय विकास निगम सहित विभिन्न निगमों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में अपने-अपने निगमों से जुड़ी गंभीर समस्याओं को महासंघ के समक्ष रखते हुए सरकार की उदासीनता पर रोष व्यक्त किया।

बैठक में यह प्रमुख रूप से सामने आया कि महासंघ द्वारा पूर्व में मुख्यमंत्री को पत्र संख्या 37 दिनांक 09 अक्टूबर 2024 को विस्तृत मांगपत्र प्रेषित किया गया था, लेकिन आज तक उस पर न तो कोई वार्ता हुई और न ही ठोस कार्रवाई। लंबे समय से लंबित मांगों के कारण निगम कर्मचारियों में असंतोष लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी के चलते बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पुनः मुख्यमंत्री को मांगपत्र प्रेषित कर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की जाएगी।बैठक में कर्मचारियों के विनियमितिकरण का मुद्दा सबसे प्रमुख रूप से उठाया गया। महासंघ ने राज्य सरकार से मांग की कि संविदा, तदर्थ, अंशकालिक, दैनिक वेतनभोगी, वर्कचार्ज एवं उपनल कर्मचारियों के विनियमितिकरण के लिए तय की गई कटऑफ तिथि 04 दिसंबर 2018 पर पुनर्विचार किया जाए। महासंघ का कहना है कि वन टाइम सेटलमेंट के अंतर्गत इस कटऑफ तिथि को बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 किया जाना चाहिए, ताकि वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों को न्याय मिल सके।बैठक की अध्यक्षता करते हुए महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सूर्यप्रकाश राणाकोटी ने कहा कि राज्य के विभिन्न निगमों में कार्यरत कर्मचारी वर्षों से सरकार की अनदेखी का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महासंघ द्वारा बार-बार मांगपत्र भेजे जाने के बावजूद सरकार की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। यदि अब भी कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो राज्य निगम कर्मचारी महासंघ आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए महासंघ किसी भी स्तर पर संघर्ष से पीछे नहीं हटेगा। बैठक का संचालन करते हुए प्रदेश महामंत्री नन्दलाल जोशी ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पूरी तरह जायज हैं और इन्हें नजरअंदाज करना दुर्भाग्यपूर्ण है। विनियमितिकरण, वेतनमान, महंगाई भत्ता और अवैध संचालन जैसे मुद्दे सीधे कर्मचारियों के जीवन और भविष्य से जुड़े हैं। सरकार को चाहिए कि इन समस्याओं पर गंभीरता से विचार करे और शीघ्र निर्णय ले। यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो महासंघ को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# पर्यटन मंत्री ने हॉस्पिटैलिटी स्कूल का निरिक्षण किया



## पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल और एसीओ अभिषेक रोहिला भी रहे मौजूद

**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स। देहरादून-फरीदाबाद** प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने फरीदाबाद स्थित ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी स्कूल में पहुंच कर मेहमान नवाजी को लेकर संस्थान की और से युवाओं के कौशल के लिए किये जा रहे प्रयासों का निरिक्षण किया।प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बुधवार को फरीदाबाद स्थित ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी स्कूल में पहुंच कर मेहमान नवाजी को लेकर संस्थान द्वारा युवाओं के कौशल के लिए किये जा रहे प्रयासों का निरिक्षण किया। इस दौरान उनके साथ उत्तराखंड के पर्यटन सचिव धीराज गर्ब्याल और एसीओ अभिषेक रोहिला भी मौजूद रहे। महाराज ने कहा कि फरीदाबाद स्थित ललित सूरी हॉस्पिटैलिटी स्कूल के प्रबंधन ने देहरादून में भी अपने संस्थान को स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की ताकि उत्तराखंड के युवाओं को कौशल विकास के तहत अपना हूनर तराशने का अवसर मिल सके। इस पर हॉस्पिटैलिटी स्कूल की सीएमडी डा. ज्योत्सना सुरी, कार्यकारी निदेशक दिव्या सूरी, दीक्षा सूरी, केशव सूरी और संस्थान के डीन अनुपम मुखर्जी भी उपस्थित थे।

# स्टेशन रोड पर जलभराव से मिलेगी निजात

## मेयर दीपक बाली ने किया आधुनिक तकनीक से बनने वाली पुलिया का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** स्टेशन रोड पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए महापौर दीपक बाली ने मंगलवार की रात स्टेशन रोड पर आधुनिक तकनीक से बनने वाली पुलिया के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।



महापौर बाली ने बताया कि पिछले कई वर्षों से स्टेशन रोड पर भारी जलभराव होता रहा है, जिससे दुक. नदारों, राहगीरों और आम जनता को भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। बरसात के समय नाले का पानी सड़क के ऊपर से बहकर आसपास के इलाकों में फैल जाता था। नगर निगम के इंजीनियरों से विचार-विमर्श के बाद यह स्पष्ट हुआ कि जब तक यहां क्रॉसिंग नहीं डाली जाती, तब तक इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि पूर्व में इस कार्य को इसलिए नहीं किया जा सका क्योंकि पारंपरिक तरीके से निर्माण करने पर करीब डेढ़ महीने तक ट्रैफिक रोकना पड़ता, जो शहर के लिए संभव नहीं था। इसी चुनौती को देखते हुए नगर निगम ने नई फैब्रिकेटेड तकनीक अपनाने का निर्णय लिया, जिसका उपयोग आजकल बड़े फ्लाईओवर निर्माण में भी किया जा रहा है। महापौर ने बताया कि फैब्रिकेटेड ब्लॉक्स को गाजियाबाद में पहले से तैयार कराया गया है। ये पत्थर नहीं बल्कि मजबूत कंक्रीट ब्लॉक्स हैं, जिन्हें मौके पर लाकर असेंबल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 16 से 20 तारीख के बीच सीमित समय के लिए ट्रैफिक प्रबंधन किया जाएगा। दो दिनों में एक साइड की क्रॉसिंग डाली जाएगी, जिससे ट्रैफिक चलता रहेगा, और अगले दो दिनों में पूरा कार्य समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने पूरे शहर के लिए तैयार किए गए 560 करोड़ रुपये के व्यापक ड्रेनेज प्लान की विस्तार से जानक. ारी दी। शिलान्यास अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ईश्वर चंद्र गुप्ता, चौधरी समरपाल सिंह, लोक निर्माण विभाग के एई परवेज आलम, जेई विजय सैनी, ठेकेदार साजिद नदीम क्षेत्र के व्यापारी व जनता मौजूद रही।

### 5 स्थानों पर बनेंगे वेंडिंग जोन

**काशीपुर।** नगर में स्ट्रीट फूड आदि के लिए 5 जगह वेंडिंग जोन बनाये जायेंगे। मेयर दीपक बाली ने बुधवार को अधिकारियों के साथ उक्त 5 जगहों का स्थलीय निरीक्षण किया। बता दें कि जेल रोड पर स्ट्रीट फूड आदि के स्टॉलों के कारण शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है और सड़क पर अतिक्रमण भी रहता है। इसके लिए नगर निगम द्वारा 5 वेंडिंग जोन बनाये जा रहे हैं। उक्त क्रम में मेयर दीपक बाली ने अधिकारियों के साथ सीतापुर आई हॉस्पिटल के पास, द्रोणासागर के पीछे डोले वाली सड़क पर, गिरीताल पर, रामनगर रोड पर और लक्ष्मीपुर माइनर में प्रस्तावित वेंडिंग जोन की जगह का स्थलीय निरीक्षण किया।

### मनरेगा का नाम बदलने से क्या बेरोजगारी कम होगी: अलका पाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महानगर कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने केंद्र की भाजपा सरकार पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि मनरेगा का नाम बदलकर सरकार ने महात्मा गांधी के विचारों और रोजगार के अधिकार-दोनों पर चोट की है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) को बदलकर विक. सित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) करना केवल नाम परिवर्तन नहीं, बल्कि रोजगार गारंटी की आत्मा को कमजोर करने का प्रयास है।



अलका पाल ने कहा कि मनरेगा एक मांग-आधारित योजना थी। कोई भी मजदूर काम मांगता था तो सरकार को उसे रोजगार देना ही पड़ता था। लेकिन नई व्यवस्था में अब डिमांड के आधार पर काम नहीं मिलेगा, बल्कि केंद्र द्वारा तय मानकों और बजट के अनुसार ही रोजगार दिया जाएगा। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि पहले मनरेगा में 90 प्रतिशत अंशदान केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकार का होता था, लेकिन अब इसे बदलकर 60 प्रतिशत केंद्र और 40 प्रतिशत राज्य कर दिया गया है। यह बदलाव राज्यों की आर्थिक स्थिति को कमजोर करेगा और केंद्र अपनी जिम्मेदारी से पीछे हट रहा है। कहा कि मनरेगा के तहत काम ग्राम सभाओं और पंचायतों के माध्यम से होता था, जिससे लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होती थीं, लेकिन नई स्कीम में जीआईएस उपकरण, पीएम गति शक्ति, डिजिटल नेटवर्क, बायोमेट्रिक, जियो-टैगिंग और डैशबोर्ड अनिवार्य कर दिए गए हैं। अलका पाल ने कहा कि किसी योजना का नाम बदलना केवल कागजी प्रक्रिया नहीं होती।

## एक नजर

### कटपतिया तिराहे से तस्कारों को दबोचा

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चे. किंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने तीन युवकों को गांजे के साथ दबोचा लिया। आरोपियों के कब्जे से कुल 13.695 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट पुलिस ने क्षेत्र के कटपतिया तिराहे के समीप चेकिंग अभियान। इस दौरान सराईखेत की ओर से आ रहे वाहन संख्या पीबी 65 एपी 4342 को रोका गया। तलाशी लेने पर वाहन में सवार नीरज मेहरा निवासी ग्राम लूटा बड़, थाना रामनगर, करुणा नंदन निवासी देवीपुरा मालधन चौड़ थाना रामनगर व विशाल सिंह निवासी चोरपानी शिवनगर रामनगर थाना रामनगर के कब्जे से 13.695 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर गांजे को सील कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर तीनों युवकों को गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया। पुलिस ने बरामद अवैध गांजे की कीमत तीन लाख 42 हजार 375 रुपय आंकी है। टीम में अपर उप निरीक्षक लोमेश कुमार, हेड कांस्टेबल अरविन्द सिंह, आरक्षी विरेंद्र पाल, गणेश पांडे व प्रमोद ध्यानी शामिल रहे।

### समग्र शिक्षा के तहत जनपद स्तरीय प्रतियोगिता

**बागेश्वर।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत बुधवार को डायट बागेश्वर के सुमित्रानंदन पंत सभागार में जनपद स्तरीय मैथ्स विजर्ड एवं स्पैल जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डायट प्राचार्य डा. मनोज कुमार पांडे ने किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं से छात्रों में छिपी प्रतिभा और आत्मविश्वास को बढ़ावा मिलता है। जनपद समन्वयक किरन जोशी के अनुसार, तीनों विकास खंडों से 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मैथ्स विजर्ड में गौरव सिंह कोरंगा ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय और इशिका उप्रेती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्पैल जीनियस में दक्ष ऐठानी ने प्रथम, आयुष कुमार ने द्वितीय और रूद्र सिंह फर्स्वाण ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के निर्णायक डा. संदीप कुमार जोशी, डा. उर्मिला बिष्ट, हीरा सिंह रौतेला, उर्वादत काण्डपाल, संजय पूना और कैलाश पाठक रहे। आयोजन में मंगेश सिंह, कमला वर्मा, ज्योत्सना बनकोटी सहित कुल 50 प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र राज्य स्तर पर प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

### न्यायालय परिसर के 100 मी. दायरे साइलेंस जोन

**बागेश्वर।** न्यायालय के आदेश एवं ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) अधिनियम-2000 के प्रावधानों के अनुपालन में जनपद बागेश्वर स्थित समस्त न्यायालय परिसरों के 100 मीटर क्षेत्र को साइलेंस जोन घोषित किया गया है। उक्त क्षेत्र में लाउडस्पीकर, माइक आदि ध्वनि प्रदूषण उपकरणों का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। न्यायालय परिसरों के 100 मीटर के भीतर धरना, प्रदर्शन, रैली, जुलूस आदि किसी भी प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन वर्जित होगा। जिला. धिकारी आकांक्षा कोंडे ने समस्त उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी एवं नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे न्यायालय परिसरों से 100 मीटर की परिधि के बाहर निर्धारित स्थलों को धरना-प्रदर्शन हेतु चिन्हित करना सुनिश्चित करें।

### पहाड़ों में प्याज की बुवाई का सीजन शुरू

**बागेश्वर।** पहाड़ों में प्याज की बुवाई का सीजन शुरू हो गया है। बीज लेकर जिला मुख्यालय के चौक बाजार एवं बागनाथ गली में रानीखेत से लेकर स्थानीय किसान बीज बेचने के लिए दुकानें लगाई गई है। किसानों ने बताया कि प्रति दिन एक किसान दो से तीन हजार का बीज बेच रहा है। उन्होंने बताया इस बार बीज की पैदावार अच्छी हुई है। प्याज का सीजन शुरू होते ही पहाड़ों में प्रसिद्ध रानीखेती प्याज के बीज की मांग बढ़ते जा रही है। प्रति दिन एक कुंतल प्याज के बीज की खपत हो रही है। चौक बाजार में बीज लेकर बैठे किसानों ने बताया कि रानीखेत वाले बीज की सौ पेड़ो को कीमत पचास रुपए है। जबकि लोकल प्याज के बीज के सौ पौधों की कीमत चालीस रूपये है। किसान चंचल सिंह, धन सिंह, गोपाल सिंह, शेर सिंह ने बताया कि लोकल में भी किसान नासिक प्याज के बीज की पैदावार करते हैं, लेकिन पहाड़ों में रानीखेत के प्याज के बीज की डिमांड ज्यादा रहती है।

### सड़क किनारे खड़े वाहनों का चालान

**बागेश्वर।** जिला मुख्यालय में सड़कों के किनारे खड़े वाहनों एवं व्यापारियों डबरा दुकान से बाहर फैलाए समान से आए दिन जाम की स्थिति पैदा होती आ रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क सुरक्षा नियम के तहत बुधवार को कोतवाली पुलिस टीम ने नगर क्षेत्र में सड़क किनारे नो पार्किंग में खड़े दो पहिया वाहनों का चालान किया है। प्रभारी कोतवाल खस्टी बिष्ट के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गोमती पुल से सरयू पुल तक सड़क किनारे खड़े दो पहिया वाहनों का चालान किया है। साथ ही व्यापारियों को सड़क तक फैलाएं दुकान के सामग्री को अपने दुकान के अन्दर हो रखने की कड़ी हिदायत दी। पुलिस ने कहा कि दूसरी बार दुकान का सामान सड़क तक फैलाएं मिलने पर कानूनी कार्यवाही होगी। पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय लाल शाह ने बताया कि नो पार्किंग में खड़े वाहनों से नगर में जाम लगने की सबसे बड़ा कारण है। सड़क के दोनों किनारों वाहनों को खड़ा न करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### चन्द्रावती महाविद्यालय में स्पर्श गंगा दिवस

**काशीपुर।** चन्द्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कीर्ति पन्त के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर के अन्तर्गत स्पर्श गंगा दिवस मनाया गया। स्वयंसेवियों ने जागरूकता, रैली निकालकर जनमानस को नदियों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने के लिए जागरूक किया।




जागरूकता रैली सत्येन्द्र चन्द्र गुड़िया से प्रारम्भ होकर पोस्ट ऑफिस रोड से होकर मुख्य बाजार, एनडी तिवारी मार्केट से महाविद्यालय में पहुंच कर समाप्त हुई। महाविद्यालय की प्राचार्या ने स्वयंसेवियों को स्पर्श गंगा दिवस पर सन्देश देते हुए कहा कि गंगा मानव के लिए केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं अपितु गंगा के जल को स्वच्छ प्रदूषण रहित संरक्षित करना भी प्रत्येक मानव का धर्म हैं, आज गंगा मानव की लापरवाही और नासमझी के कारण प्रदूषित व संकट में है, हम सबका परम कर्तव्य है कि हमें अपने परिवेश में प्रवाहित नदी नालों को स्वच्छ व संरक्षित कर जल संरक्षण व संर्वधन हेतु प्रयासरत व सकंल्पबद्ध होना चाहिए। इस अवसर पर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. दीपिका गुड़िया आत्रेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वन्दना सिंह एवं डॉ. गीता मेहरा, असिस्टैण्ड प्रोफेसर डॉ. मंगला, डॉ. अंजलि गोस्वामी, डॉ. ज्योति रावत, डॉ. दीपा चनियाल, सृष्टि सिंह रहे।

# फायरिंग का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** अलीगंज रोड स्थित एक पॉश कालोनी के पास 13 दिसंबर की रात को अंधाधुंध फायरिंग कर दहशत फैलाने के आरोप में पुलिस ने आरा. ेपी प्रमोद उर्फ चौधरी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से इंग्लैंड में बनी 0.32 बोर की रिवॉल्वर और एक दर्जन जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। घटना के बारे में जानकारी देते हुए गार्ड अजय सैनी ने पुलिस को 14 दिसंबर को तहरीर दी थी। अजय ने बताया कि 13 दिसंबर की रात लगभग 10.30 बजे जब वह कालोनी के गेट पर ड्यूटी कर रहा था, तभी कालोनी में रहने वाले प्रमोद उर्फ चौधरी ने कई राउंड हवाई फायरिंग की, जिससे इलाके में अफरातफरी मच गई और लोग दहशत में आ गए। इसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी की पहचान की। पुलिस टीम ने गार्ड और सिक्योरिटी इंचार्ज से पूछताछ के बाद प्रमोद चौधरी को उसके घर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में प्रमोद ने बताया कि 13 दिसंबर को उसके दो मित्र दिलावर सिंह और महावीर दिल्ली से काशीपुर आए थे। रात को तीनों ने शराब पी और फिर दिलावर सिंह ने अपनी लाईसेंसी रिवॉल्वर से फायरिंग की। प्रमोद ने बताया कि उसके मित्रों ने अगली सुबह रिवॉल्वर लेकर दिल्ली वापस लौट गए, लेकिन रिवॉल्वर प्रमोद के पास रह गई। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां से एक रिवॉल्वर (0.32 बोर, बेवले एंड एस्कॉट, मेड इन इंग्लैंड) और 7 जिंदा कारतूस होल्स्टर के साथ बरामद किए गए। घटनास्थल से पुलिस ने 11 खोखे कारतूस भी बरामद किए।

# निपुण विद्यार्थी में काव्या रहीं प्रथम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत छात्रों में अंतर निहित क्षमताओं को उकेरने, छात्रों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने, छात्रों में अंतरनिहीत क्षमताओं को उचित मंच देने तथा छात्रों की चहुमुखी विकास हेतु न्याय पंचायत संसाधन केंद्र लाखन मंडी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा तीन में अध्यनरत छात्र/छात्राओं की गणित एवं हिंदी विषय पर निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता का आयोजन संकुल कुंवरपुर में की गई, जिसमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तान नगरी की काव्य ने प्रथम स्थान, गौरव पलडिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय विजयपुर द्वितीय स्थान एवं मयंक तिवारी राजकीय प्राथमिक विद्यालय बागजाला द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रतिभागी को मेडल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित करने के साथ ही समस्त प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को मेडल भी प्रदान किए गए।



इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 1,500 रुपये द्वितीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 1,000 एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी को 500 रुपए डीबीटी के माध्यम से उनके खाते में खातान्तरित की जा रही है। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डिकर सिंह पडियार, खीमेश भट्ट, गीता जन्तवाल, शिवेंद्र टम्टा एवं सपना महतोलिया रहे। प्रतियोगिता का संचालन डिकर सिंह पडियार एवं हिमांशु रौतेला द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष रौतेला, जानकी तिवारी, सुशीला मेहरा, कमला रावत, मनीषा पांगती, लीला चकरायत, रेखा चंद्रा, विनोद कुमार, सुंदर, मोनिका झिंगरन, प्रेमचंद सिंह बिष्ट, सुवालाल, हेमा तिवारी आदि शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित थे। उक्त निपुण विद्यार्थी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागी कल दिनांक 18 दिसंबर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

### 50 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने आज क्षेत्र की 02 सड़कों का शिलान्यास किया। श्री चीमा ने बताया कि वार्ड नं. 05 ओमविहार कॉलोनी में बहल्ला पुलिया से जयप्रकाश के घर तक 120 मीटर टायल मार्ग निर्माण व चन्द्रपाल यादव के घर से बालम सिंह नियाल के घर तक 130 मीटर टायल मार्ग निर्माण आदि कार्यों का शिलान्यास किया गया है। विधायक श्री चीमा ने बताया कि इन मार्गों का निर्माण गुणवत्ता पूर्वक किया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जरूरतमन्द व्यक्ति तक विकास की किरण पहुँचाने का भरसक प्रयास किया जायेगा। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अर्जुन सिंह, जिला अध्यक्ष मनोज पाल, खिलेन्द्र चौधरी, आशीष गुप्ता, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, पार्षद कदीर मलिक, पीयूष मित्तल मौजूद रहे।

# मोइन खान बने जिला उपाध्यक्ष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई का विस्तार करते हुए मोइन खान को नैनीताल जिले का उपाध्यक्ष बनाया गया है। युवा प्रदेश महामंत्री रवि गुप्ता एवं जिलाध्यक्ष नितिन खुल्बे की संस्तुति और प्रदेश प्रभारी आफताब आलम के अनुमोदन से प्रदेश संस्थापक अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर ने मोइन खान को नियुक्ति पत्र सौंपा। मोइन खान ने अपनी नियुक्ति पर संगठन का आभार प्रकट करते हुए कहा देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल से अधिक से अधिक अल्पसंख्यक व्यापारियों को जोड़ा जाएगा। मनोनयन पर अनिल खंडेलवाल, जगमोहन चिलवाल, राजकुमार केसरवानी, अजय कृष्ण गोयल, पंकज सुयाल, बृजमोहन सिजवाली ने बधाई दी है।

# सरकार जन-जन के द्वार अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में बुधवार को न्याय पंचायत गढ़सेर के ब्लॉक सभागार गरूड़ में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ह्जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान का शुभारंभ हुआ।



इस अभियान के तहत आयोजित पहले दिन के कैम्प में आम जनता को राज्य और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, साथ ही पात्र लाभार्थियों को मौके पर ही आवेदन, शिकायत निस्तारण और लाभ स्वीकृति की सुविधा प्रदान की गई। जिलाधिकारी ने शिविर में उपस्थित आमजन की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया और सुनिश्चित किया कि लाभार्थियों को कोई असुविधा न हो। यह अभियान राज्य सरकार की महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें 17 दिसंबर 2025 से 45 दिनों तक प्रदेशभर में न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर बहुउद्देशीय कैम्प लगाए जा रहे हैं। इन कैम्पों में स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, आपदा प्रबंधन जैसे विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। अभियान का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। आगामी कैम्प 18 दिसंबर 2025 को कपकोट ब्लॉक के राजकीय हाईस्कूल उत्तरोड़ा और बागेश्वर ब्लॉक के इंटर कॉलेज सैंज में आयोजित होंगे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख किशन बोरा, एसडीएम वैभव कांडपाल और अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव पर धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बेस समेत जिला मुख्यालय के अन्य सरकारी अस्पतालों में मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को लेकर विभिन्न संगठनों ने धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने आठ सूत्रीय मांगों को उठाते हुए अस्पताल में डाक्टरों की भारी कमी को गंभीर मुद्दा बताया। संगठनों का आरोप है कि पर्याप्त संख्या में डाक्टर न होने के कारण मरीजों को लंबे समय तक इलाज के लिए इंतजार करना पड़ता है, जबकि कई मामलों में उन्हें मजबूरन दूसरे जिलों में रेफर किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने शीघ्र पर्याप्त संख्या में डाक्टरों की नियुक्ति की मांग की। उनका कहना है कि डाक्टरों की कमी से न केवल मरीजों को असुविधा हो रही है, बल्कि अस्पताल की कार्यप्रणाली भी प्रभावित हो रही है। धरना दे रहे संगठनों ने दवाओं की उपलब्धता पर भी सवाल उठाए। उनके अनुसार अस्पताल प्रशासन ने बताया कि वर्तमान में केवल 84 प्रकार की दवाइयां ही निःशुल्क उपलब्ध हैं, जो मरीजों की जरूरतों के मुकाबले काफी कम हैं। प्रदर्शनकारियों ने सभी आवश्यक दवाइयों की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने और दवा वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता लाने की मांग की। इसके साथ ही बेस अस्पताल और जिला अस्पताल में मौजूद जांच मशीनों के नियमित संचालन तथा प्रशिक्षित ऑपरेटरों की तैनाती की मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने बेस अस्पताल में लेवल-2 अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू करने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इसके अभाव में गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को जांच के लिए हल्द्वानी रेफर किया जाता है।

# 'अपनी विफलताओं को छुपा रही सरकार'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधि. नियम (मनरेगा) के नाम में बदलाव के प्रस्ताव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध दर्ज कराया। बुधवार को कांग्रेस ने चौघानपाटा में प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सरकार का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महात्मा गांधी के विचारों और उनके योगदान को हाशिये पर डालने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के गरीबों, मजदूरों और किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा की मजबूत कड़ी है।



यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि मनरेगा का नाम महात्मा गांधी के उस दर्शन से जुड़ा है, जो समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के उत्थान की बात करता है। ऐसे में इसके नाम से गांधी जी का नाम हटाना उनकी विचारधारा पर सीधा हमला है। भोज ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के नाम बदलकर अपनी किलताओं से ध्यान भटकाना चाहती है। कहा कि केवल नाम बदलने से न तो बेरोजगारी की समस्या दूर होगी और न ही महंगाई, पलायन और ग्रामीण संकट जैसी गंभीर चुनौतियों का समाधान होगा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वह नाम परिवर्तन जैसे मुद्दों पर समय गंवाने के बजाय मनरेगा के बजट में बढ़ोतरी करे, मजदूरों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करे और काम के दिनों की संख्या बढ़ाए। प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, संजय कठायत, आनंद सिंह बिष्ट, नारायण दत्त पांडेय, भैरव गोस्वामी, सुशील साह, गोविंद लाल बल्टियाल, दिनेश पिल्खवाल, अमर बिष्ट, निजाम कुरैशी, महेंद्र मेहता, रोहित रौतेला, संजीव कर्मियाल, दीपेश कांडपाल, अख्तर हुसैन, प्रवीण भोज, संदीप जंगपागी, पंकज कार्की, नवाज खान, हर्ष कनवाल, देव सिंह कनवाल, धनेश बिष्ट सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खिलाड़ियों की नर्सरी बनेगा सोमेश्वर

## प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया मिनी स्टेडियम का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को अल्मोड़ा में सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र के रैत में मिनी स्टेडियम का शिलान्यास किया। इस स्टेडियम का निर्माण 97.89 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है।



सोमेश्वर के रैत में मिनी स्टेडियम का शिलान्यास करते हुए कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश के कोने कोने में खेल सुविधाएं पहुंचना उनका प्राथमिक लक्ष्य है जिससे हर घर से खिलाड़ी तैयार करने का सपना पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सोमेश्वर में खेल मैदान के नाम पर महज एक जमीन का टुकड़ा छोड़कर खानापूर्ति कर ली थी लेकिन मौजूदा सरकार ने इस सपने को साकार करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार जो घोषणा करती है उसे अंजाम तक पहुंच कर ही रहती है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उच्च स्तरीय खेल सुविधा वाला मिनी स्टेडियम बनने के बाद इस क्षेत्र से राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के तैयार होने का रास्ता साफ होगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बुधवार को सोमेश्वर में नवनिर्मित उप जिला अस्पताल में एक्स-रे मशीन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल्द ही यह अस्पताल अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित होने जा रहा है जिसके बाद क्षेत्र की जनता को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ बेहद गंभीर बीमा. रियों के उपचार के लिए ही क्षेत्र के लोगों को कहीं बाहर जाने की जरूरत होगी क्योंकि इस अस्पताल में लगभग सभी बीमारियों का उपचार संभव होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अस्पताल का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है और यहां स्टाफ की नियुक्ति संबंधी औपचारिकताएं पूरी करने की तैयारी चल रही है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष महेश नयाल, मण्डल अध्यक्ष सुन्दर राणा, गणेश जलाल, खड़क सिंह, विधायक प्रतिनिधी भुवन जोशी, राजेन्द्र कैड़ा, अनिल राणा, चन्दन बोरा जी, भरत भाकुनी, विनोद मेहरा, शंकर बिष्ट, वन्दना आर्या, प्रकाश भण्डारी, बहादुर सिंह, नरेन्द्र नेगी, ग्राम प्रधान शंकर राम, गोपाल राणा, सुनील कुमार, कमल कैड़ा, बबलू बोरा, पंकज बजेली, कैलाश राणा, हरीश कुमार, दलीप रौतेला, कैलाश बोरा आदि उपस्थित रहे।

### स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**बागेश्वर।** जिले में पुलिस द्वारा नशामुक्त निराकार चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने 4.01 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक पेशेवर युवक को पकड़ा है। युवक को न्यायालय में पेश अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। बुधवार को कोतवाली में पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल साह ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि कोतवाली पुलिस मंगलवार की शाम को गश्त कर रही थी। प्रभारी कोतवाल खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में चेकिंग के दौरान 21 वर्षीय अनिल कुमार पुत्र जगदीश राम निवासी घटबगड़ के पास 4.01 ग्राम स्मैक बरादम हुई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया। आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश के बाद 14 दिन की न्यायिक हिरासत में अल्मोड़ा जेल भेज दिया है। सीओ ने बताया कि पकड़ी गई स्मैक की कीमत एक लाख, 30 हजार है।

# छावनी में मनाया रक्षा संपदा दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रानीखेत।** छावनी परिषद रानीखेत की ओर से सेना के दीवान सिंह हाल में रक्षा संपदा दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिवस प्रत्येक वर्ष 16 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य वर्ष 1926 में अस्तित्व में आए रक्षा संपदा विभाग की भूमिका, दायित्वों और उपलब्धियों को उजागर करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, केआरसी के कर्नल मोहित शर्मा, छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला एवं नामित सदस्य मोहन नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



अतिथियों ने रक्षा संपदा विभाग के ऐतिहासिक योगदान और छावनी क्षेत्रों के सुव्यवस्थित विकास में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कैंट स्कूल के छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों और खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। साथ ही संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विमल सती, हरीश लाल साह, सुबोध साह, अतुल अग्रवाल और राजेंद्र पंत को सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहन चंद्र भंडारी तथा संयुक्त मजिस्ट्रेट गौरी प्रभात को भी विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। समारोह में स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, छावनी परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में अधिशासी अधिकारी कुनाल रोहिला ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छावनी परिषद भविष्य में भी जनहित और विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देती रहेगी।

# पहाड़ जाने के लिए स्टीकर लगवाना पड़ेगा

## क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट और नव वर्ष के लिए यातायात प्लान तैयार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं, भवाली और रामनगर से किया जाएगा डायवर्जन हल्द्वानी। क्रिसमस, थर्टी फर्स्ट और नववर्ष का जश्न मनाने के लिए पहाड़ की ओर जाने वाले बिना पुलिस के स्टीकर के नहीं जा पाएंगे। जिले की सीमा पर ही पुलिस, पर्यटक वाहनों पर स्टीकर चस्पा करेगी। जिन पर यह स्टीकर होगा, उन्हें ही आगे जाने दिया जाएगा। जश्न से पहले और जश्न के दौरान यातायात व्यवस्था दुरुस्त रहे, इसको लेकर बुधवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने ठोस कार्ययोजना तैयार की है। बुधवार को इसको लेकर कोतवाली सभागार में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने जिले के तमाम अधिकारियों और अधिनस्थों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया नैनीताल, भीमताल, भवाली, मुक्तेश्वर, श्रीकैंची धाम, रामनगर सहित प्रमुख पर्यटन स्थलों पर वाहनों का दबाव अत्यधिक रहता है, ऐसे में आमजन व पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पहले से ही ठोस कार्ययोजना तैयार की गई है। एसएसपी ने कहा निर्णय लिया गया कि जिले की सीमाओं पर ही वाहनों का रूट निर्धारण कर अलग-अलग रंग के रूट स्टीकर लगाए जाएंगे, जिससे वाहन अपने निर्धारित मार्ग पर ही चलें। 22 दिसंबर की रात से यातायात पुलिस की तैनाती करते हुए हल्द्वानी, लालकुआं, भवाली और रामनगर से डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। एसएसपी ने निर्देश दिए कि सभी प्रमुख प्वाइंट व बैरियरों पर उप निरीक्षक रैंक के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए दो पालियों में ड्यूटी लगेगी, जबकि चुनौतीपूर्ण स्थानों पर थाना व चौकी प्रभारी स्वयं मोर्चा संभालेंगे। नैनीताल में पार्किंग फुल होने से पहले ही शटल सेवा शुरू की जाएगी। कैंची धाम क्षेत्र में यातायात दबाव कम करने के लिए भवाली सेनिटोरियम से शटल सेवा संचालित होगी। गड़प्पू बैरियर समेत अन्य प्रमुख बैरियरों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। इसके साथ ही मोबाइल पार्टियों की तैनाती कर लगातार रूट पेट्रोलिंग और रूट क्लीयर कराया जाएगा। जिले के बॉर्डर व प्रमुख बैरियरों पर डायवर्जन प्लान, पार्किंग व्यवस्था और शटल सेवा से संबंधित बड़े फ्लैक्सी बोर्ड लगाए जाएंगे। बैठक में एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, एसपी सिटी मनोज कत्याल, एसपी संचार रेवधर मठपाल, सीओ हल्द्वानी अमित कुमार सैनी, सीओ रामनगर सुमित कुमार पांडे, सीओ नैनीताल रविकांत सेमवाल, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, यातायात प्रभारी हल्द्वानी महेश चन्द्रा, नैनीताल, भवाली, सीपीयू प्रभारी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, थानाध्यक्ष मुखानी, काठगोदाम के थाना प्रभारी मौजूद रहे।



## टक्कर मारने वाले कार चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी।** पिछले महीने 5 नवंबर को ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास कार की चपेट में आने से स्कूटी सवार विवेक की मौत हो गई थी। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रामपुर रोड निवासी सुभाष सिन्हा ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका बेटा विवेक 5 नवंबर को अपने कार्यालय के काम से ट्रांसपोर्ट नगर गया था। वह स्कूटी से अपने दोस्त जगत सिंह के साथ रामपुर रोड स्थित कार्यालय लौट रहा था, तभी ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे के पास एक कार ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में विवेक को गंभीर चोटें आईं और बीते 9 नवंबर को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पिता की तहरीर के आधार पर कार चालक पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# सेल्समैन ने मालिकों को लगाया लाखों का चूना

## न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक दवा कंपनी के सेल्समैन ने अपने ही मालिकों को लाखों रुपये का चूना लगा दिया। जब मालिक को इस गबन का शक हुआ और उन्होंने हिसाब मांगा, तो आरोपी ने नौकरी छोड़ दी और फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित कई दिनों तक थाने और एसएसपी कार्यालय में शिकायतें करता रहा, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर मुखानी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ईको टाउन निवासी मोहम्मद नाजिम ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र दाखिल कर आरोप लगाया है कि दलपतपुर बीरपुर मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी मो. शाहनवाज ने उनकी कंपनी के साथ धोखाधड़ी की। नाजिम के अनुसार वह एक दवा कंपनी के स्वामी और मैनेजिंग डायरेक्टर हैं, जो दवाइयों और मेडिकल संबंधित सामान थोक में बेचते हैं। 24 जनवरी 2024 को उन्होंने शाहनवाज को सेल्समैन के रूप में काम पर रखा था। शाहनवाज का काम था माल बेचना और बिलों की पेमेंट लाना। कुछ समय बाद नाजिम को बिलों में गड़बड़ी का शक हुआ। जब उन्होंने शाहनवाज से हिसाब मांगा, तो वह टालमटोल करने लगा। जब नाजिम ने खुद हिसाब लगाया, तो पता चला कि शाहनवाज ने 4,65,000 रुपये का गबन किया है। इसके बाद नाजिम ने आरोपी से पैसे की वापसी का दबाव बनाया, तो शाहनवाज ने नौकरी छोड़ दी और उसे धमकाने लगा। नाजिम ने मामले की शिकायत मुखानी थाने में की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद उन्होंने एसएसपी को भी डाक के माध्यम से शिकायत भेजी, लेकिन फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः नाजिम को न्यायालय का सहारा लेना पड़ा, जिसके बाद कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच की प्रक्रिया जारी है।

## सड़क हादसे में मौत

**हल्द्वानी।** एक युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया और उसे अज्ञात वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया। घायल युवक को उपचार के दौरान सुशीला तिवारी लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर चोरगलिया निवासी 38 वर्षीय जगदीश प्रसाद पुत्र लच्छी राम पेशे से इलेक्ट्रीशियन था। वह ऑर्डर मिलने पर काम करता था। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार को वह बाइक से सितारगंज गया था, जहां रात करीब 8 बजे एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद किसी व्यक्ति ने उसके परिजनों को फोन कर जानकारी दी। आनन फानन में घायल युवक को उपचार के लिए सुशीला तिवारी लाया गया था।

# पेंशनर्स परेशान न हों, हर समस्या का होगा समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के तत्वावधान में बुधवार को कोतवाली परिसर स्थित बहुउद्देशीय सभागार में राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बुजुर्ग पेंशनर्स की समस्याओं पर गहन मंत्रणा के बाद आर्गनाइजेशन की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। मुख्य अतिथि के प्रति. निधि के रूप में पहुंचे सीटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान ने पेंशनर्स दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बुजुर्ग पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान की दिशा में प्रशासन संवे. दनशील है और उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि वरिष्ठ जनों की सामाजिक सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर है। उन्होंने बुजुर्ग पेंशनर्स की ओर से आयोजित भव्य आयोजन की सराहना करते हुए आश्वस्त किया कि सुरक्षा से जुड़े विषय पर बुजुर्ग पेंशनर्स के साथ संवाद करने के लिए समय समय पर बैठकों का आयोजन किया जायेगा। कोषाधिकारी डीपी वर्मा ने कहा कि हल्द्वानी कोषागार से पेंशन लेने वाले लगभग बारह हजार पेंशनर्स में से किसी को भी अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने में कोई दिक्कत होगी तो कोषागार उनके घर में जाकर भी इसे हासिल कर लेगा। कोषाधिकारी के इस ऐलान पर सदन तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन और सरस्वती वंदना से हुआ। कुमाऊंनी परिधानों से सुसज्जित महिलाओं द्वारा शगुन गीतों के साथ सांस्कृतिक गीत और नृत्य की शानदार प्रस्तुति की। गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन के शाखाध्यक्ष लीलाधर पाण्डे की अध्यक्षता और एनसी जोशी के संच. लन में हुए इस समारोह में पेंशनर्स एक्टिव टीम के मुख्य संयोजक रमेश चन्द्र पाण्डे ने वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने पेंशनर्स के हित में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को आर्गनाइजेशन का मुख्य लक्ष्य बताया। आर्गनाइजेशन द्वारा संरक्षक मण्डल के 94 वर्षीय गंगा प्रसाद चमियाल, समेत उमाकांत भट्ट, एमएल साह, डीडी पाठक, डीडी भट्ट एवं आरएस कैड़ा को शॉल और प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। समारोह को आर्गनाइजेशन के महासचिव विजय तिवारी, प्रान्तीय प्रवक्ता एसके नैयर, पीसी जोशी, नवीन काण्डपाल ललित लोहनी, योगेश मिश्रा, वीके मिश्रा, डीडी पन्त, भुवन पाण्डे, केके तिवारी, जेएस खोलिया कैड़ा, गंगा प्रसाद चमियाल, डीके पाण्डे, आरपी सिंह, एससी पन्त आदि ने सम्बोधित किया।



पेंशनर्स दिवस पर अधिकारियों ने दिलाया भरोसा

## कोर्ट के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने जहर खाकर जान दी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल कोर्ट में तैनात वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने सेवानिवृत्ति के दो साल बाद जहर खाकर जान दे दी। उन्हें गंभीर अवस्था में एक निजी अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बताया जाता है कि तल्ला लोहरियासाल ऊंचापुल मुखानी निवासी 62 वर्षीय चंदन सिंह रावत नैनीताल कोर्ट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के पद पर तैनात थे। दो साल पहले वह सेवानिवृत्त हुए थे। उन्होंने विवाह नहीं किया था। बताया जाता है कि बीते 16 दिसंबर की शाम उन्होंने संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खा लिया। हालत बिगड़ी तो लोगों को इसका पता चला। आनन-फानन में उन्हें कालाढूंगी रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी का कहना है कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# तीसरे संस्करण में दमदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी और सिंथिया इंटरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेवन-ए-साइड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबॉल प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण के तीसरे दिन कुल 9 मैच खेले गए। इन मैचों में 6 बालक वर्ग के और 3 बालिका वर्ग के मुकाबले शामिल थे। बुधवार को खेले गए मुकाबलों में बालिका वर्ग के पहले सेमीफाइनल में सिंथिया स्कूल ने एवरग्रीन स्कूल को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। बालक वर्ग के सेमीफाइनल में बीरशिबा स्कूल ने बीएलएम स्कूल को 4-2 से हराया और फाइनल में अपनी जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में व्हाइटहॉल स्कूल ने एवरग्रीन स्कूल को 1-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़ और विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि पूरण गौड़ ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुभारंभ किया। इस मौके पर आनंद देव, गोपाल नेगी, सागर रावत, रजत चौहान, शेम्फोर्ड स्कूल के प्रबंधक दयासागर बिष्ट, लवलेश मेर, मयंक पंत, एमएस कपकोटी, दीपक जोशी, लीला रावत, शिवानी सहित कई लोग मौजूद रहे।



# स्मार्ट मीटरों के लिए पुलिस बल की मांग शर्मनाकः छिम्वाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से संगठन को जानकारी प्राप्त हुई है कि जनपद नैनीताल में विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में उनकी सहमति के बिना प्रीपेड मीटर लगाए जाने को लेकर यूपीसीएल के अधिशासी अभियंता द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की गई है। संगठन ने अधिशासी अभियंता की इस कार्रवाई को जनता को उकसाने वाला कदम बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। संगठन का कहना है कि विद्युत विभाग को बंदूक की नोक पर गरीब जनता को डराने-धमकाने की नीति तुरंत बंद करनी चाहिए। पूर्व में भी विद्युत विभाग की कार्यशैली से जनता परेशान रही है और अब इस तरह की कार्रवाई आग में घी डालने का काम कर रही है। इससे जन असंतोष लगातार बढ़ रहा है, जो शीघ्र ही विद्युत विभाग के खिलाफ बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। संगठन ने चेताया कि ऐसी स्थिति प्रशासन के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन सकती है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि विद्युत विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का पालन नहीं किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत उपभोक्ताओं को पोस्टपेड अथवा प्रीपेड मीटर चुनने का विकल्प दिया गया है।



# जल-जीवन मिशन का काम अधूरा, ग्रामीणों में भड़का आक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत रानीबाग ग्रामसभा में हर घर जल और हर घर नल पहुंचाने का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है। पिछले एक साल से इस कार्य में कोई प्रगति नहीं हुई है, जिससे यह योजना अधर में लटकी हुई है। ग्राम प्रधान कलावती थापा ने बताया कि ठेकेदार द्वारा कार्य अधूरा छोड़ देने और कोई कार्रवाई न होने से ग्रामवासियों में नाराजगी है। उन्होंने कई बार जल संस्थान के अधिकारियों को इस बारे में सूचित किया, लेकिन अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। यह योजना गांव के 400 परिवारों के लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन योजना का आधा काम न होने के कारण ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति में भारी परेशानी हो रही है। पूर्व डीएम वंदना सिंह के समक्ष भी इस मामले को उठाया गया था, जहां उन्होंने ठेकेदार का टेंडर कैंसिल करने की बात की थी, लेकिन विभाग ने इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी ने बताया कि इस योजना के तहत पाइपलाइन लखनऊ के ठेकेदार द्वारा बिछाई जा रही थी, लेकिन अब ठेकेदार का कहना है कि उसे विभाग से भुगतान नहीं मिला है, इसलिए उन्होंने कार्य रोक दिया है। ग्रामवासियों ने जल संस्थान से मांग की है कि अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा किया जाए, वरना वे आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। इस मुद्दे पर स्थानीय निवासी दीपक नौगाई, प्रकाश ब्रजवासी, धीरज पंत, धीरज बिष्ट, नवल किशोर बिष्ट और विश्व दीपक तिवारी ने भी जल्द समाधान की मांग की है।



# क्रियाशाला समिति संचालन का संशोधित आदेश जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्रियाशाला सेवा समिति मुखानी हल्द्वानी के सुचारु संचालन को लेकर नगर निगम प्रशासन ने संशोधित आदेश जारी किया है। इस संबंध में पूर्व में गठित आंतरिक समिति को निरस्त करते हुए नई समिति का गठन किया गया है। यह निर्णय वादी/प्रथम पक्ष विपिन चंद्र बिष्ट की ओर से प्रस्तुत आपत्ति के बाद लिया गया है। संशोधित आदेश के अनुसार अब क्रियाशाला सेवा समिति मुखानी के संचालन के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। इसमें सहायक नगर आयुक्त नगर निगम हल्द्वानी गणेश भट्ट, नायब तहसीलदार तहसील हल्द्वानी भूपाल सिंह मटियानी तथा थानाध्यक्ष मुखानी को सदस्य नामित किया गया है। नवगठित समिति क्रियाशाला सेवा समिति के सुचारु संचालन से जुड़ी समस्त कार्यवाही करेगी। सामग्री क्रय, भुगतान एवं नीतिगत मामलों में अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरांत ही कार्रवाई की जाएगी। बैंक खाते से भुगतान के लिए चेक संचालन सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट एवं नायब तहसीलदार भूपाल सिंह मटियानी के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जाएगा। वहीं कैश लाने एवं जमा करने के लिए देवकी नन्दन जोशी को अधिकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त नन्दलाल गुप्ता, एलपी पंत, विपिन चंद्र बिष्ट, एनसी पंत एवं पंकज कंसल क्रियाशाला के संचालन में सहयोग प्रदान करेंगे।

# हल्द्वानी में मैक्स की स्पाइन सर्जरी ओपीडी शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल नई दिल्ली ने हल्द्वानी स्थित एडवांस ग्लोबल हेल्थ हॉस्पिटल में अपनी एक्सक्लूसिव स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं का शुभारंभ किया। बुधवार को नैनीताल रोड स्थित एक होटल में पत्रकार वार्ता करते हुए बीएलके-मैक्स हॉस्पिटल के ऑर्थोपेडिक स्पाइन सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन एवं हेड, डा. पुनीत गिरधर ने बताया कि अब से डा. पुनीत गिरधर और डा. मनीष गर्ग हर महीने के पहले शनिवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक हल्द्वानी के एडवांस ग्लोबल हेल्थ हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे, जहां वे मरीजों को प्राइमरी कंसल्टेशन और फॉलो-अप सेवाएं प्रदान करेंगे। डा. पुनीत गिरधर ने कहा हमारा मुख्य ध्यान मिनिमली इनवेसिव तकनीकों पर है, जो मरीजों को कम दर्द और जल्दी रिकवरी प्रदान करती हैं। न्यूरो नेविगेशन सूट और रोबोटिक टेक्नोलॉजी जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ सर्जरी में सटीकता बढ़ाई जाती है, जिससे उपचार का परिणाम बेहतर होता है। हल्द्वानी में स्पाइन सर्जरी ओपीडी सेवाओं का विस्तार करके हम इस क्षेत्र के लोगों तक विशेषज्ञ देखभाल को नजदीक लाने के लिए उत्साहित हैं। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के एसोसिएट कंसल्टेंट डा. मनीष गर्ग ने कहा बहुत से मरीजों को पारंपरिक सर्जरी के दौरान होने वाली जटिलताओं का डर होता है, लेकिन न्यूरोसाइंसेज में हाल की प्रगति के चलते अब यह प्रक्रियाएं मिनिमली इनवेसिव हो चुकी हैं, जिनमें ब्लड लॉस कम होता है और रिकवरी जल्दी होती है। हल्द्वानी में विशेषज्ञ कंसल्टेशन और अत्याधुनिक स्पाइन उपचार विकल्पों के उपलब्ध होने से समय पर निदान, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और व्यक्तिगत स्पाइन देखभाल की आवश्यकता वाले मरीजों को एक ही स्थान पर महत्वपूर्ण लाभ मिलने की उम्मीद है। पत्रकार वार्ता में डा. पुनीत गिरधर, डा. मनीष गर्ग, डा. हरा प्रसाद मौजूद रहे।




# ब्रिज कोर्स ने बढ़ाई शिक्षकों की चिंताः मनोज तिवारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राथमिक शिक्षकों को 6 महीने का ब्रिज कोर्स कराए जाने के संबंध में अभी तक शिक्षा निद. शालय से कोई स्पष्ट निर्देश न मिलने से शिक्षक वर्ग में भारी असमंजस की स्थिति बन गई है। जबकि इस प्रक्रिया के तहत शिक्षकों को ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 25 दिसंबर बहुत पास आ चुकी है। नवंबर माह में शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के समस्त जनपदों से संबंधित शिक्षकों की सूचना मांगी थी, जो संबंधित ब्लॉक स्तरों से संकलित कर निद. शालय को भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद, अब तक इस संदर्भ में कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी नहीं किए गए हैं, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक भारी दुविधा में हैं। खासकर स्थिति तब और जटिल हो गई जब उत्तर प्रदेश में यह प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय तदर्थ समिति के पदाधिक. री मनोज तिवारी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए शिक्षा निदेशालय को पत्र भेजकर शीघ्र दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही कोई निर्देश जारी नहीं किए जाते तो शिक्षकों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ सकता है।



# कैदियों तक पहुंचाई जाएगी उच्च शिक्षा

## उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का विशेष अध्ययन केंद्र जिला कारागार हरिद्वार में खुला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रुड़की क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत जिला कारागार हरिद्वार में बंद कैदियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की गई है। इसी क्रम में बुधवार को जिला कारागार हरिद्वार में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय और जिला कारागार प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू पर यूओयू के कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट एवं हरिद्वार जिला कारागार के वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज आर्या ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर यूओयू के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, सहायक क्षेत्रीय निदेशक डा. बृजेश बनकोटी सहित विश्वविद्यालय एवं कारागार प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. लोहनी ने मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यूओयू प्रदेश के सुदूर एवं वंचित क्षेत्रों तक उच्च शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिक्षा से कोई भी व्यक्ति वंचित न रहे, इसी उद्देश्य से अब जेल में बंद कैदियों तक भी उच्च शिक्षा पहुंचाई जा रही है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक मनोज आर्या ने एमओयू पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा प्राप्त करना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। हरिद्वार जिला कारागार में अध्ययन केंद्र की स्थापना से कैदियों को शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलेगा और वे एक सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ सकेंगे। कुलसचिव डा. खेमराज भट्ट ने कहा कि यूओयू समाज के वंचित, उपेक्षित एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्गों तक उच्च शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सहायक क्षेत्रीय निदेशक डा. बृजेश बनकोटी ने बताया कि इस विशेष अध्ययन केंद्र के माध्यम से जेल में बंद कैदी यूओयू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय नए-नए क्षेत्रों में अध्ययन केंद्र स्थापित कर उच्च शिक्षा को सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इस मौके पर जिला कारागार के डिप्टी जेलर श्वेता जोशी सहित समस्त अधिकारी मौजूद रहे।



## वार्षिकोत्सव हुआ सम्पन्न

**हल्द्वानी।** ग्रीन सिटी न्यूज पेपर वितरक कल्याण समिति का 20वां वार्षिकोत्सव बुधवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। केमू स्टेशन के निकट आयोजित वार्षिकोत्सव में कई पत्र संवाहक मौजूद रहे। इस अवसर पर पत्र संवाहकों समस्याओं सहित एकजुटता पर भी चर्चा हुई। इससे पहले वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत केक काटकर हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी व संचालन मनोज डालाकोटी ने किया। इस अवसर पर समिति के उपाध्यक्ष अजय जायसवाल, अभिकर्ता विकास चोपड़ा, देवेंद्र भाकुनी, केदार रौतेला, उमेश सागर उर्फ बिट्टू, कोषाध्यक्ष जीवन सनवाल, सचिव उमेश सागर, मंडल के विपिन गुणवंत, धीरज बंसल, त्रिलोचन सिंह, पूरन बुधलाकोटी, नवीन तिवारी, कमल बिष्ट, बॉबी बिष्ट, राकेश दुआ, मनोज कुड़ई सहित दर्जनों पत्र संवाहक रहे।

# दो दिवसीय संगीत कार्यशाला



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान हल्द्वानी द्वारा भारतीय संगीत के प्रचार प्रसार के अंतर्गत राजकीय प्राइमरी विद्यालय देवलचौड़ के विद्यार्थियों के लाभार्थ दो दिवसीय संगीत कार्यशाला का आयोजन प्रधानाध्यापिका पुष्पा सुयाल के दिशा निर्देश में आयोजित किया गया। भारतीय संगीत के प्रारम्भिक पाठों के अभ्यास के साथ ही आचार्य हरीश चंद्र पंत द्वारा रचित व संगीत बद्ध पंचदेव लोक आराधना पार्वती ज्यू देवी गौरा आचार्य विनीता पांडे के निर्देशन व आचार्य उपा पंत व मीरा पंत के सह निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अत्यंत मनोयोग से सीखी। स्वर संगम के युवा कलाकारों प्रभुनारायण सिंह, श्रेया सुयाल, हिमानी बिष्ट के कंठ स्वर हारमोनियम संगीत व दीपक बिष्ट की तबला संगति तथा अध्यापिका डा. आभा भैसोड़ा के निरंतर प्रेरक उद्घोष से बच्चों ने कार्यशाला से पढ़ाई के साथ संगीत का भी आनंद व आरंभिक ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही एक शास्त्रीय गायन वादन की संगीत सभा का आयोजन स्वर संगम के युवा कलाकारों की ओर से किया जायेगा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादकः एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक आनन्द बत्रा 'सुमन'
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I.No.UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# तहसील दिवस में कई समस्याओं का हुआ समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** तहसील दिवस में उठी समस्याओं को अधिकारी गंभीरता से लेते हुए त्वरित गति से निस्तारित करना सुनिश्चित करें यह निर्देश उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने तहसील में आयोजित तहसील दिवस में अपने अधिनस्थ अधिकारियों को दिये। उन्होने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए तहसील दिवस/जन जन की सरकार-जन जन के द्वार कार्यक्रम में पंजीकृत समस्याओं को त्वरित निस्तारित किया जाए।

खण्ड विकास अधिकारी असित आनंद ने बताया कि जन जन की सरकार-जन जन के द्वार के निर्धारित रोस्टर के अनुसार 06 जनवरी 2026 को न्यायपंचायत बंण्डिया में, 17 जनवरी को न्यायपंचायत के अन्तर्गत राजकीय इण्टर कालेज बरा में, 19 जनवरी को राजकीय इंटर कालेज दरउ व 27 जनवरी को न्यायपंचायत विगबाड़ा के अन्तर्गत राजकीय इंटर कालेज बागवाला में जन जन की सरकार-जन जन के द्वार शिविर का आयोजन किया जाएगा। उप जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील दिवस में भूमि जांच से सम्बन्धित 03 शिकायतों का निस्तारण व खतौनी-वितरण के 46, स्थायी निवास के 21, जाति प्रमाण पत्र के 07, आय प्रमाण पत्र के 08, उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के 02, तथा 01 हैसियत प्रमाण पत्र बनाकर शिविर में उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक संजय वर्मा, राधे सिंह राना, उप निरीक्षक जगदीश सिंह दिगारी, चिकित्साधिकारी आयुर्वेदिक एवं यूनानी डा. बीएस रौतेल, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी पूजा सिंह, मण्डी समिति के संजय शर्मा, सहकारिता निरीक्षक अयोध्या प्रसाद, बिजली विभाग के अन्नू अरोरा, मत्स्य विभाग की प्रगति, राजस्व विभाग के लक्ष्मण आर्या, विजय कुमार, मीनाक्षी गोस्वामी आदि मौजूद थे।

# आग में झुलसने से एक मजदूर की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के ग्राम पूछडी क्षेत्र में बुधवार सुबह एक मजदूर की आग में झुलसने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद जहां एक और इलाके में हड़कंप मचा हुआ है तो वहीं पुलिस भी मामले की जांच कर रही है।

ग्राम बल्ली बचुड़ा जिला अल्मोड़ा हाल निवासी ग्राम पूछड़ी पन्ना लाल पुत्र बच्चे राम उम्र 40 साल नाम का यह व्यक्ति जो की उक्त गांव में किराए के मकान में अकेला रहता था और मजदूरी का अपना भरण पोषण करता था। मंगलवार रात वह गांव के ही कुछ लोगों के साथ अपने घर के बाहर आग में हाथ ताप रहा था और कुछ देर बाद वह अपने कमरे में चला गया। जब बुधवार सुबह उसके सहयोगी श्रमिकों उसे काम पर ले जाने के लिए उसके घर के बाहर पहुंचे और उसे आवाज दी जब कमरे से कोई आवाज नहीं आई तो लोगों ने अंदर जाकर देखा तो पन्नालाल रसोई में जली हुई हालत में जमीन पर मृत पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी, तो वहीं



फोरेंसिक विभाग की टीम भी मौके पर जांच के लिए पहुंच गई। मृतक नशेड़ी किस्म का था और यह हादसा खाना बनाने के दौरान हुआ है। कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक महेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक मजदूरी करता था और वह तीन भाई थे। उन्होंने बताया कि मृतक का पंचनामा भरकर शव को सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है। पोस्टमार्टम की कार्यवाही गुरुवार सुबह की जाएंगी।

## एक नजर

# डीएम ने दिए दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रीयल जांच के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिला मजिस्ट्रेट नितिन सिंह भदौरिया ने 06 सितम्बर 2025 को वी गार्ड के सामने सिडकुल थाना पंतनगर में वाहन आटो टैम्पो सं0 यूके 06-टीए-7774 का चालक नाम पता अज्ञात अभि. द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी की स्कूटी में टक्कर मारना तथा वादी द्वारा स्कूटी रिपेयर हेतु कहने पर अपने साथी को बुलाकर वादी व उसके मित्र के साथ मारपीट, गाली कलौच कर जान से मारने की धमकी देने, 07 सितम्बर 2025 को किच्छा रुद्रपुर रोड थाना किच्छा में वाहन आर्टिगा कार सं. यूके-06 टीए-8532 का चालक का नाम पता अज्ञात अभि. द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के पिता नरपत सिंह की साईकिल में टक्कर मारकर गम्भीर रूप से घायल कर देना जिसकी उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने, 10 अक्टूबर 2025 को लालपुर आईडिया कालोनी के पास तहसील किच्छा में वाहन टैम्पो सं. यूके-06 टीए-8071 का चालक का नाम पता अज्ञात अभि. द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी की मो.सा. नं. यूके-06 बीई-6213 में टक्कर मारकर उसे गम्भीर रूप से घायल कर देने, 16 अक्टूबर 2025 को गोल गेट के सामने पंतनगर में वाहन बस सं. यूके-04 पीए-1545 का चालक का नाम पता अज्ञात बस चालक द्वारा वादी की पत्नी लीला देवी उम्र 55 वर्ष को चलती गाड़ी से उतार देना जिससे गिरने के कारण उसे गम्भीर चोटे आना तथा इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो जाने व 20 अक्टूबर 2025 को बरा कट के पास मेन हाइवे रोड थाना पुलभट्टा वाहन ट्रक नं. यूपी-23 डी-4571 का चालक का नाम पता अज्ञात अभि. द्वारा वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर बस नं. यूपी-24 टी-6499 से टक्कर मारना जिससे वादी के पुत्र किशन शाक्य उम्र 12 वर्ष की मृत्यु हो जाने सम्बन्धी दुर्घटनाओ की मजिस्ट्रीयल जॉच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा को जांच अधिकारी नामित किया है। उन्होने उप जिला मजिस्ट्रेट को घटनाओं के सम्पूर्ण पहलुओं की विस्तृत जाँच करते हुए जाँच आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश है।

जांच अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट किच्छा गौरव पाण्डेय ने कहा है कि उक्त घटनाओं/प्रकरणों के सम्बन्ध में यदि किसी को भी अपना पक्ष रखना हो अथवा किसी को कोई अन्य जानकारी हो तो वह 27 दिसम्बर 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से सांय 05 बजे तक बयान हेतु या साक्ष्य/दस्तावेज सहित उपस्थित होवें।

# बरहैंनी सहकारी समिति पेट्रोल पंप पर दिखा सांप, मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** बुधवार को बरहैंनी सहकारी समिति के पेट्रोल पंप के सामने उस समय हड़कंप मच गया, जब अचानक एक सांप निकल आया। पेट्रोल पंप परिसर में मौजूद लोगों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद पेट्रोल पंप कर्मचारी रोहित ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए बिना घबराए सांप को रोड से हटाकर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया। उनकी तत्परता से न केवल बड़ा हादसा टल गया, बल्कि सांप को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों ने रोहित के इस सराहनीय कार्य की प्रशंसा की और राहत की सांस ली।

# भाजपा महिला मोर्चा की नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विनीता का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व द्वारा जारी सूची में खटीमा की वरिष्ठ भाजपा नेत्री विनीता सक्सेना को उधम सिंह नगर का भाजपा महिला मोर्चा मे जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं प्रदेश भाजपा आलाकमान द्वारा विनीता सक्सेना को महिला मोर्चा का जिलाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर खटीमा नगर मंडल द्वारा लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन नगर मंडल महामंत्री विवेक रस्तोगी ने किया।



इस अवसर पर खटीमा नगर मंडल सहित खटीमा एवं नानकमत्ता विधानसभा के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विनीता को फूल मालाओं तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विनीता इससे पूर्व भी संगठन में अहम दायित्वों का निर्वाहन कर चुकी हैं। वहीं निवर्तमान जिलाध्यक्ष विमला मुंडेला ने विनीता सक्सेना को अहम दायित्व मिलने पर खुशी का इजहार कर उनके द्वारा महिला मोर्चा को मजबूती कर 2027 विधानसभा चुनावों में पार्टी की जीत का मार्ग प्रशस्त करने का विश्वास जताया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, हिमांशु बिष्ट, अमित पांडे, कामिल खान, राजपाल सिंह, नंदन सिंह खड़ायत, रंदीप पोखरिया, जीवन धामी, विवेक रस्तोगी, गोपाल बोरा, किशन सिंह किन्ना, भुवन भट्ट, मोहनी पोखरिया, सतीश गोयल, गोविंद मेहता, विमला बिष्ट,अंजू देवी, धाना भंडारी, अनीता ज्याला, इंद्रा चंद, नीलू गुप्ता, जानकी गोस्वामी, माया जोशी, सोनी पोखरिया, तरुण ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# राज्य योजना के अंतर्गत दो करोड रुपये की सड़के मंजूर: यशपाल आर्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** उत्तराखंड के नेता प्रतिपक्ष व क्षेत्रीय विधायक यशपाल आर्य ने कहा मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति है कि बाजपुर विधानसभा के अंतर्गत राज्य योजना मद में निम्न मार्ग की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई है । विधानसभा क्षेत्र बाजपुर में बरखेड़ा पाण्डे से कनकपुर मोटर मार्ग का पुन: निर्माण कार्य( हाईवे से महुआखेड़ागंज रोड तक लिंक मार्ग) की स्वीकृति। लम्बाई 1.20 किमी.। लागत रू. 63.73 लाख।भौना बिराहा मार्ग के किमी. 6 से रेहटा सिंहाली मार्ग के किमी.तक पी.सी. द्वारा मार्ग निर्माण की स्वीकृति। लम्बाई 0.700 किमी.लागत रू 28.00 लाख। महुआखेड़ागंज में रजपुरा रानी चापट में परमानन्दपुर मुख्य मार्ग से ग्राम रजपुरा तक मार्ग के पुर्ननिर्माण कार्य की स्वीकृति। लम्बाई 1.25 किमी। लागत रू. 99 लाख। उन्होंने ने कहा कि जल्द इसकी निविदा आमंत्रित होगी। वही आर्य ने सभी ग्रामवासियों को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# तहसील दिवस में आई मात्र छः शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तहसील सभागार में बुधवार को एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में मात्र छ: शिकायतें दर्ज हुई। जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु एसडीएम डॉक्टर अमृता शर्मा ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया। ग्राम भजुवानंगला निवासी अनमोल सरना ने सरकारी सिंचाई नहर तोड़ने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई किये जाने, स्वामी विवेकानन्द समिति बाजपुर के अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने आधार केन्द्रों को सुचारू रूप से प्रारम्भ करवाकर आधार अपडेशन में हो रही समस्या को दूर करने की मांग की। इस मौके पर बीडीओ शेखर जोशी, प्रभारी सीएमएस डॉ.पी.डी.गुप्ता, मण्डी समिति सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा, बहु. प्रथम किसान सेवा सह. समिति लि. बाजपुर के प्रबंध निदेशक हेम काण्डपाल, एडीओ पंचायत नगमा परवीन, जेई गोविन्द सिंह, शाकिर अली, नगर पालिका से राजू पाण्डेय, संजय धीमान आदि थे। इस दौरान सरकारी योजनाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।



# आधार अपडेट को लेकर जनता परेशान, सुचारू संचालन की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** स्वामी विवेकानंद समिति उत्तराखण्ड के अध्यक्ष आशीष ठाकुर ने बुधवार को उपजिलाधिकारी डॉक्टर अमृत शर्मा को ज्ञापन सौंपकर नगर क्षेत्र में आधार कार्ड अपडेट न हो पाने से जनता को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा आधार अपडेट के लिए बाजपुर में कई केंद्र निर्धारित किए गए हैं, इसके बावजूद आम नागरिकों को आधार अपडेट कराने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में कहा कि बीएसएनएल कार्यालय, यूनियन बैंक, बाल विकास केंद्र तथा पोस्ट ऑफिस बाजपुर में आधार अपडेट केंद्र खोले गए हैं, लेकिन ये केंद्र नियमित एवं सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं।

इसके चलते लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

# लैंड को लेकर ईस्ट वेस्ट कंपनी तथा फाइबर्स कंपनी के बीच मारपीट का आरोप

- लैंड विवाद न्यायालय में है विचाराधीन
- फाइबर्स के अधिकारी ने ईस्ट वेस्ट के अधिकारी डॉक्टर आरसी रस्तोगी को धक्का देकर गिराया नीचे
- ईस्ट वेस्ट कॉलोनी के गेट पर लगे पेड़ों को उखाड़ने हुए गेट तोड़ने का लगाया आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लोहिया हेड रोड स्थित ईस्ट वेस्ट प्रोडक्ट लिमिटेड के कामर्शियल मैनेजर ने थाना झनकईया को सौंपी तहरीर में बताया कि खटीमा फाइबर्स के अधिकारी जेसी पाठक ने करीब 50 लोगों के साथ मिलकर दो जेसीबी के माध्यम से ईस्ट वेस्ट कॉलोनी के गेट को तोड़ दिया तथा वहां कार्यरत टीकाराम, जयपाल, कुंती देवी और रोशनी सिंह के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए रोशनी सिंह के साथ मारपीट की। इसके साथ ही फाइबर्स कंपनी के सुरक्षा अधिकारी सुरेश चंद ने ईस्ट वेस्ट कंपनी के सुरक्षाकर्मी हरीश पंत से भी मारपीट की।

उन्होंने आरोप लगाया है कि जेसीबी के माध्यम से ईस्ट वेस्ट कॉलोनी के गेट पर लगाए गए पेड़ों को उखाड़ दिया गया तथा गेट को तोड़कर बाहर फेंक दिया गया। इसी बीच ईस्ट वेस्ट कंपनी के संरक्षक डॉक्टर आरसी रस्तोगी ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी के ड्राइवर को नीचे उतरने को कहा उसी समय जेसी पाठक ने डा. आरसी रस्तोगी को धक्का लेकर नीचे गिरा दिया। वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि खटीमा फाइबर्स के अधिकारी एवं जेसी पाठक द्वारा ईस्ट वेस्ट कंपनी के अधिकारियों के साथ गाली गलौज की गई तथा डॉक्टर आरसी रस्तोगी पर सभी सरकारी कर्मचारियों को खरीदने का आरोप लगाया गया। वहीं उन्होंने आरोप लगाया है कि पूर्व में भी जेसी पाठक द्वारा इस तरह की अप्रिय घटना की गई है। तहरीर में उन्होंने लिखा है कि सारा विवाद खटीमा फाइबर्स एवं ईस्ट वेस्ट कंपनी की लैंड से संबंधित है। जो हाई कोर्ट के द्वारा कोर्ट ऑर्डर लैंड की सुनवाई के संबंध में सिडकुल को दिया गया है। जिसकी अवधि चार माह की है लेकिन यह अवधि अभी पूरी नहीं हुई है। इसके बावजूद भी फाइबर्स के अधिकारियों द्वारा हाई कोर्ट के आर्डर का उल्लंघन कर इस घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं थाना झनकईया के उप निरीक्षक होशियार सिंह के साथ पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को यथावत रखने तथा हाई कोर्ट की अवधि पूरा होने के बाद संबंधित अधिकारी के पास अपना पक्ष रखने और तब तक नया विवाद खड़ा ना करने का निर्देश दिया है। वहीं ईस्ट वेस्ट कंपनी के कामर्शियल मैनेजर ने तहरीर सौंप कर समुचित कार्यवाही की मांग की है।

# भाजयुमो जिलाध्यक्ष गहलोत का जोरदार स्वागत

- 15 वर्षों बाद जिलाध्यक्ष पद पर ताजपाशी, युवा मोर्चा में नई ऊर्जा का संचार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ( भाजयुमो ) के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष विपिन सिंह गहलोत उर्फ बिट्टू चौहान का बुधवार को पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष को पुष्पवर्षा और नारेबाजी के साथ सम्मानित किया। उनके सम्मान में भव्य स्वागत रैली भी निकाली गई, जो गल्ला मंडी खाटूश्याम से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए भाजपा कार्यालय तक पहुंची।

रैली में ढोल-नगाड़ों की थाप और सैकड़ों युवाओं ने कारों और बाइकों के साथ हिस्सा लिया। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई, वहीं जेसीबी मशीन से फूल बरसाकर कार्यक्रम को और भव्य रूप दिया गया। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोशीले नारे लगाकर उत्साह का संचार किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, विधायक शिव अरोरा, मेयर विकास शर्मा सहित कई वरिष्ठ भाजपा नेता और जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि विपिन सिंह गहलोत की नियुक्ति युवा मोर्चा के संगठन को और मजबूत बनाएगी और युवाओं में सक्रियता बढ़ाएगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि विपिन सिंह गहलोत के नेतृत्व में कार्यकर्ता और संगठन नए उत्साह के साथ जन-जन तक पार्टी की योजनाओं को पहुंचाएंगे। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि इस ताजपोशी से युवा मोर्चा में नई ऊर्जा का संचार होगा और आगामी विधानसभा चुनावों के लिए संगठन तैयार रहेगा।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा विवेक दीप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रोशन अरोरा, जिला मंत्री प्रमोद मित्तल, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, धीरेंद्र मिश्रा,कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गहलोत, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, मंडल अध्यक्ष मुकेश पाल, महामंत्री जितेंद्र संधू, के के त्रिपाठी,रचित सिंह, सैकड़ो युवा साथी मौजूद रहे।

# रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज को मिली पहली ट्रामा लाइपफ स्पोर्ट सी टाइप एम्बुलेंस

- विधायक और ग्रीन पैनल कंपनी के अधिकारी ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा के प्रयास से मेडिकल कॉलेज को पहली अत्याधुनिक सुविधा से परिपूर्ण ट्रामा लाइफ स्पोर्ट सी टाइप एम्बुलेंस मिली। विधायक ने विगत दिनों सिडकुल स्थित ग्रीन पेनल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी को आग्रह किया था कि रुद्रपुर स्थित मेडिकल कॉलेज के पास अपनी एम्बुलेंस नहीं है और स्वास्थ सेवा के रूप मे एक एम्बुलेंस की भूमिका किसी मरीज के लिए जीवनदायनी से कम नहीं है।

ग्रीन पेनल कंपनी द्वारा अपने वर्ष 2025-26 सीएसआर फंड से 26.2 लाख की लागत से एक अत्यंधुनिक एम्बुलेंस मेडिकल कॉलेज को समर्पित करने का निर्णय लिया, जिसको विधायक अरोरा ने सिडकुल स्थित ग्रीन पेनल कंपनी से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जो अब से मेडिकल कॉलेज रुद्रपुर मे मरीजों को लाने ले जाने मे अपनी सेवा देगी। एम्बुलेंस के साथ स्क्रूप स्टेचर, स्पान बोर्ड, हेड इमोबिलाइजर



और वहील चेयर कम स्ट्रेचर साथ में शामिल हैं। विधायक ने बताया निश्चित रूप से स्वास्थ सुविधा को बेहतर बनाने की दिशा मे एम्बुलेंस एक महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है। विधायक शिव अरोरा ने इस पुनीत कार्य हेतु ग्रीन पेनल की प्रबंधक से लेकर सभी स्टॉफ को शुभकामनाएं दी जिनके द्वारा यह सरहानीय कार्य किया गया।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डा. गोविन्द सिंह तितयाल, डा. मनोज पानू वरिष्ठ चिकित्सक, समाज सेवी ललित मिगलानी, मनोज मदान, ग्रीन पेनल कम्पनी से अशोक कुमार सिंह, मनोज खांतवाल, नवीन चंद्रा,संजय लोधी, योगेंद्र चतुर्वेदी, विनय कुमार, बलवन्त राव आदि लोग मौजूद रहे।

# जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** लोहियाहेड रोड पर मंगलवार देर रात जेसीबी की टक्कर से बाइक सवार नेपाली युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

मंगलवार देर रात मूल बाबाथान नेपाल हाल शिव कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय राहुल पुत्र रमेश बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान लोहियाहेड रोड स्थित पॉलीप्लेक्स फैक्ट्री के पास एक जेसीबी ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच




गया। परिजनों के अनुसार, राहुल का परिवार कई वर्ष पहले मजदूरी के लिए नेपाल से खटीमा आया था। राहुल दो भाइयों में छोटा था और मजदूरी करता था। बड़ा भाई रोहित मुंबई में एक निजी संस्थान में कार्यरत है। मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता और पांच वर्षीय पुत्री डिंपल को छोड़ गया है। झनकईया थाना प्रभारी देंवेंद्र गौरव ने बताया कि बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। जेसीबी चालक की पहचान कर ली गई है। उसकी तलाश की जा रही है।

# समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने पौराणिक व ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा के बालक - बालिकाओं ने एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम के तहत पौराणिक व ऐतिहासिक स्थल द्रोणा सागर काशीपुर, चौती मेला मां बाल सुंदरी देवी मंदिर, और सूत मिल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने धार्मिक, पौराणिक व कपास से बनने वाले तंतु ( धागे) की विस्तृत जानकारी ली ।

पीएम श्री नेहरू राजकीय इंटर कॉलेज महुआ डाबरा में अध्यनरत जूनियर वर्ग कक्षा 6 से 8 तक बालक - बालिकाओं के शैक्षिक भ्रमण दल को प्रधानाचार्य बृजमोहन लाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा शैक्षिक गतिविधियों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन के लिए ऐसे कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं जिनका मकसद छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। द्रोणा सागर काशीपुर में माता रूप किशोरी देवी सिद्ध पीठ मंदिर में तैनात पुरोहित मोहन चंद्र पपने ने छात्रों को बताया कि पांडवों द्वारा ही यहां पर शिवलिंग स्थापित किया गया था। इसके अलावा पुरातन काल का किला, प्राचीन नीलकंठ महादेव का मंदिर, डमरू वाले बाबा का आश्रम व माता का सिद्ध पीठ है।



इसके अलावा अन्य जानकारों ने बताया कि महाभारत के पाण्डवों ने अपने गुरु द्रोणाचार्य को गुरु दक्षिणा के रूप में तपस्या करनें के उद्देश्य से द्रोणा सागर को बनवाया था। उधर जानकारों का कहना है कि संत तुलसीदास, स्वामी दयानंद सरस्वती ने भी उक्त भूमि पर ध्यान किया था, और यह कभी बौद्ध संस्कृति का केंद्र भी रहा है। भ्रमण दल ने चैती मेले में मां बाल सुन्दरी देवी मंदिर का भी भ्रमण किया। शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी ने चैती मेले की महत्ता को बतायां।

इसके बाद विद्यार्थियों ने सिवांता स्पून टैंक प्रा. लिमिटेडस सूत मिल का भ्रमण किया। स्पीनिग मास्टर गनेश कुमार ने कपास से धागा बनने की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। शैक्षिक भ्रमण दल में शारीरिक शिक्षक राजेश चौधरी, मो. निका, नीतू सैनी, नूतन चौहान, हरीश शर्मा, सरीस आलम, योगेश पंत, कालिका प्रसाद सुमन, उपेंद्र सिंह, नफीस अहमद, मनोज पाल, सोमपाल आदि थे ।

# गंगा स्पर्श दिवस पर शिविर का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** आदर्श कन्या इंटर कॉलेज बाजपुर में गंगा स्पर्श दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय शिविर का बुधवार को आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य गंगा स्वच्छता, जल संरक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ गंगा संरक्षण की शपथ के साथ करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. प्रीति रस्तौगी ने अपने सम्बोधन में कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, सभ्यता और जीवन पद्धति की आधारशिला है। गंगा का संरक्षण करना हम सभी का नैतिक, सामाजिक और राष्ट्रीय दायित्व है। शिविर के अंतर्गत एनएसएसघ स्वंयसेविकाओं द्वारा जन जागरूकता रैली शहर के मध्य से निकाली गई।

तदुपरान्त स्वयंसेविकाओं द्वारा भाषण,पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अनीता राठौर ने छात्राओं को जल स्रोतों के संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त अभियान और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने का संदेश दिया, अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शिविर का समापन हुआ। शिविर के




माध्यम से छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों में गंगा संरक्षण के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। इस मौके पर नानू उप्रेती, डलविंदर कौर, श्वेता गुप्ता,अनुलता आदि समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आमजन की समस्याएं समय से की जाएं हल: आयुक्त

■ दो दिवसीय भ्रमण पर पिथौरागढ़ पहुंचे कुमाऊं मण्डल आयुक्त दीपक रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** कुमाऊं मण्डल के आयुक्त दीपक रावत ने अपने दो दिवसीय पिथौरागढ़ भ्रमण के दौरान विकास खंड बिण की न्याय पंचायत दौला में शासन की जनकल्याणकारी पहल 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आयुक्त का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा शिविर में लगाए गए समस्त विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण भी किया गया।

शासन के निर्देशानुसार यह अभियान 17 दिसंबर 2025 से आगामी 45 दिनों तक प्रदेशभर में संचालित किया जाएगा। पिथौरागढ़ जनपद की सभी 64 न्याय पंचायतों में सप्ताह में 2 से 3 कार्य दिवस शि. विर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें सभी विभागों द्वारा एक ही मंच से सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सरकार स्वयं जनता के द्वार तक पहुंच सके। कार्यक्रम के दौरान आयुक्त ने आमजन की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को सख्त, स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश देते हुए कहा कि शिविरों में शासन की योजनाओं को सीधे पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाया जाए। इस अवसर पर आयुक्त द्वारा विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को चेक वितरण भी किया गया। आयुक्त ने कहा कि विभागीय स्टॉल केवल प्रदर्शन तक सीमित न रहें, बल्कि ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण, सेवाओं की तत्काल उपलब्धता तथा समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर दर्जा राज्यमंत्री गणेश भंडारी ने अभियान को जनता के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि सरकार स्वयं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचकर लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इस अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अध्यक्ष जिला पंचायत जितेंद्र प्रसाद ने इस अभियान को जनकल्याणकारी पहल बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जनपद के अंतिम छोर पर रहने वाले व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। यहां मेयर नगर निगम कल्पना देवलाल, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, अध्यक्ष जिला पंचायत जित. ेंद्र प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख बिण लक्ष्मी गोस्वामी, जिलाधिकारी आशीष भटगांई, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डा. दीपक सैनी, परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास आशीष पुनेठा, जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



# श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** 25 दिसंबर को श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के संस्थापक एवं भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की जन्म जयंती के पावन अवसर पर रुद्रपुर के पांच मंदिर परिसर में आयोजित होने जा रही श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ से पूर्व निकाली गई। कलश यात्रा में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल की सक्रिय और प्रमुख भूमिका देखने को मिली। उनकी उपस्थिति से आयोजन को विशेष गरिमा प्राप्त हुई और श्रद्धालुओं में उत्साह का संचार हुआ।

कलश यात्रा का शुभारंभ लक्ष्मी नारायण पांच मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच किया गया, जिसमें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल स्वयं श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलते नजर आए। उन्होंने श्रद्धा भाव से यात्रा में भाग लेकर सनातन संस्कृति के प्रति अपनी आस्था को व्यक्त किया। मुख्य बाजार के विभिन्न मार्गों से होते हुए दुर्गा मंदिर तक पहुंची। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय का जीवन राष्ट्र, धर्म और शिक्षा के लिए समर्पित रहा है और उनकी जन्म जयंती पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा समाज को संस्कार, नैतिकता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करेगी। कलश यात्रा में सनातन धर्म सभा अध्यक्ष महेश बब्बर, विजय जग्गा, ओम प्रकाश अरोड़ा, अश्विनी बजाज, सुरेश बब्बर, दीपक गुगलानी, अमित गंभीर, अमित बांगा, ललित बिष्ट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

# मंडुवे से आत्मनिर्भर बनेंगी चम्पावत की महिलाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

70 से अधिक महिला उद्यमियों को दो दिवसीय स्वरोजगार

**चम्पावत।** उत्तराखण्ड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (यूकॉस्ट), देहरादून द्वारा जनपद चम्पावत में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में सराहनीय पहल की गई है। महिला प्रौद्योगिकी केन्द्र, चम्पावत में मंडुवा (रागी) से मूल्य संवर्धित उत्पाद तैयार करने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के विभिन्न गांवों की 70 से अधिक महिला उद्यमियों ने भाग लिया। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को मंडुवा से लड्डू, बिस्कुट सहित अन्य उत्पाद वैज्ञानिक तकनीकों से बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे घरेलू स्तर पर स्वरोजगार स्थापित कर सकें। उद्घाटन अवसर पर देवेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रो. दुर्गेश पंत, महानिदेशक यूकॉस्ट के मार्गदर्शन में चम्पावत को आदर्श जनपद के रूप में विकसित करने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं डॉ. राजेश मठपाल ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर गोविंद सिंह मेहर ने "लोकल फॉर वोकल" की अवधारणा पर जोर देते हुए महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया।

# तीन बालिकाओं का फुटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** एमपी इंटर कॉलेज रामनगर की तीन बालिकाओं का चयन स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत 69 वें राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

विद्यालय के मीडिया प्रभारी हेम चन्द्र पाण्डे ने बताया कि इन बालिकाओं ने राज्यस्तर पर हल्द्वानी में प्रतिभाग किया था। चयनित बालिकाओं में से कविता बिष्ट का चयन यू -14 बालिका वर्षिता बिष्ट और मीनाक्षी चौहान का चयन यू-17 बालिका वर्ग में हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता 18 से 22 दिसंबर रांची झारखंड में आयोजित होगी। बालिकाओं की इस उपलब्धि पर खेल अध्यापक प्रकाश रावत, प्रबंधक विनय जिन्दल, प्रधानाचार्य संजीव शर्मा और अन्य अध्यापको ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डॉक्टर मोहन लाल को मिला नैशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रामनगर।** कुमायूं यूनिवर्सिटी नैनीताल के डीएसबी परिसर में कार्यरत, मालधन चौड़ रामनगर निवासी एसोसिएट प्रोफेसर भूगोल विभाग के डॉक्टर मोहन लाल को भारत सरकार के भाग्यश्री फाउंडेशन ऑफ एकेडमी रिचर्स एण्ड डिप्लोपमेंट धनबाद झारखंड द्वारा नेशनल एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामनगर एवम वर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य मालधन चौड़ बसंती महेन्द्र आर्या ने डॉ. लाल को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मोहन लाल को राष्ट्रीय अवार्ड मिलने से उत्तराखंड राज्य, कुमाऊँ यूनिवर्सिटी और डीएसबी परिसर का पूरे देश मे सम्मान हुआ है। विधायक रामनगर दीवान सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक रणजीत रावत, पूर्व ब्लॉक प्रमुख रेखा रावत, भाजपा नेता इंदर रावत, ब्लॉक प्रमुख मंजू नेगी, ज्येष्ठ उप प्रमुख संजय नेगी, भाजपा नेता राकेश नैनवाल, ग्राम प्रधान गीता गोविंद, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश, मालधन मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रेम आर्या ने डॉ. लाल को राष्ट्रीय अवार्ड मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है।

# कमलेख लधौन की लोहे की कढ़ाइयों के 'ब्रांड एंबेसडर' बने जिलाधिकारी मनीष कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** काली कुमाऊं की परंपरागत शिल्पकला को नया आयाम देते हुए कमलेख लधौन गांव में हाथ से बनी लोहे की कढ़ाइयों को जिलाधिकारी मनीष कुमार का सशक्त समर्थन मिला है। इन विशिष्ट कढ़ाइयों में बना भोजन न केवल स्वाद में कई गुना बेहतर होता है, बल्कि इससे प्राकृतिक रूप से आयरन भी प्राप्त होता है, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है।

एक समय लोहाघाट की पहचान रहे सांभर के जूते का कारोबार भले ही समय के साथ विलुप्त हो गया हो, लेकिन पाटी ब्लॉक अंतर्गत कमलेख लधौन गांव के 'उत्तराखंड शिल्प रत्न' पुरस्कार से सम्मानित शिल्पकार पुष्कर राम आज भी अपने पूर्वजों की विरासत को जीवित रखे हुए हैं। उनके साथ उनके पुत्र कैलाश राम, बहू ममता देवी और पौत्र अश्मित कुमार पीढ़ी दर पीढ़ी इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं। गांव में तैयार की जाने वाली लोहे की कढ़ाइयों को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें बनाने में कितनी मेहनत लगती है। लोहे को हाथ से पीट-पीटकर आकार देना आसान नहीं। पुष्कर राम ने गांव में रहते हुए ही इस शिल्प को सीखा और आज उनके बनाए उत्पाद लगभग 15 लोगों को रोजगार उपलब्ध करा रहे हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार को इस अनमोल सौगात के बारे में जानक. ारी मिली, तो वे स्वयं कैलाश के स्टॉल पर पहुंचे और शिल्पकार परिवार से संवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के 'लोकल फॉर वोकल' अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन कढ़ाइयों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए और वे स्वयं इसके लिए पहल करेंगे।

# फर्जीवाड़े के मामलों को लेकर हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** देवभूमि गढ़वाल सभा ऋषिकेश में गढ़वाल सभा से जुड़े गंभीर फर्जीवाड़े के मामलों को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्रीनफील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत ने की।



बैठक में गढ़वाल सभा में लंबे समय से चल रहे कथित फर्जी चुनाव और वित्तीय अनियमितताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि फर्जीवाड़े की जांच उप निबंधक हल्द्वानी के निर्देश पर उप जिला अधिकारी रामनगर द्वारा कराई गई, जिसमें कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि चुनाव के नाम पर धोखाधड़ी और फर्जीवाड़ा किया गया और इसमें कुछ तत्कालीन पदाधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई गई। बैठक में पूर्व कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पान सिंह नेगी ने कहा कि समिति द्वारा कराए गए चुनावों में गंभीर अनियमितताएं हुईं, जिनकी जांच के बाद ही सच्चाई सामने आ सकी। समिति द्वारा शामिल रहे शिवेंद्र सिंह रावत ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार फर्जी चुनाव और गड़बड़ियों के आरोपों के बावजूद बैठक के लिए आमंत्रित तो किया गया, लेकिन सभा की चाबी देने से इनकार कर दिया गया, जो गढ़वाल सभा के सदस्यों का अपमान है। सभी सदस्यों ने इस बात पर सहमति जताई कि निष्पक्ष जांच और समयबद्ध बैठकें ही संस्था को बचा सकती हैं।

इस दौरान बैठक में संरक्षक सदस्य ताजवर सिंह गुसाई, कैप्टन विनोद रावत, कैप्टन बलवंत रावत, नरेंद्र रावत, सूरज चौहान, मंगल रावत, मुकेश, मनमोहन सिंह रावत, हरि सिंह रावत, विजेन्द्र रावत, एडवोकेट जगतपाल सिंह, महिपाल सिंह, मंजू रावत, राकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को गर्म कपड़े बांटे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के प्राथमिक विद्यालय तल्ला कनिया में पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेश घुघत्याल, दीप चंद्र पांडे व उनकी टीम के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय के नन्हे बच्चों को स्वेटर, गर्म टोपी और जूते वितरित किए गए।

उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम उनकी टीम द्वारा समय समय पर आयोजित किए जाते है, जिसमें कभी बच्चों को खेल सामग्री, गर्म कपड़े, पढ़ाई में उपयोग होने वाली चीजें वितरण किया जाता रहा है। सुरेश घुघत्याल द्वारा कई बच्चों की स्कूल फीस सहित आर्थिक सहयोग में विशेष योगदान रहता है। क्षेत्र में ठंड की दस्तक हो चुकी है व बच्चों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उनके द्वारा 20 से अधिक बच्चों को गर्म कपड़े व अन्य सामग्री की गई। इस दौरान दीप चंद्र पांडे, तुलसी पाण्डेय, सरिता पाण्डेय, सुरेश घुघत्याल, सुबोध चमोली, पंकज तिवारी, प्रधानाचार्य जीवन सत्यवली, नीरू जोशी आदि मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में उमड़े फरियादी, कई की समस्याओं का हुआ समाधान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी पात्र लाभान्वित हो व जनता को समस्याओं के समाधान हेतु व जनता को योजनाओं से लभान्वित करने के लिए रोस्टरवार तहसील दिवस, बीडीसी, सरकार जनता के द्वार शि. विरों का आयोजन किया जाता है। यह बात मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने जन जन की सरकार-जन जन के द्वार आयोजित कार्यक्रम के तहत तहसील खटीमा में लगाये गये शिविर में कही।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निदान व सभी पात्र व्यक्तियों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी अधिकारी नियमित क्षेत्र भ्रमण करें व रात्रि चौपाल लगाकर जन समस्याओं का निराकरण करें।



उन्होंने कहा कि जन जन की सरकार-जन जन के द्वार शिविर में जो भी समस्याए उठाई गई हैं, उनको गम्भीरता से लेते हुए समय सीमा के भीतर निस्तारित करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि जनपद में जन जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के अन्तर्गत आज से आगामी 45 दिनों तक न्याय पंचायतों में रोस्टरवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को खटीमा में जन जन की सरकार-जन जन के द्वार अभियान के अन्तर्गत लगाए गए शिविर बिजली, सड़क निर्माण व मरम्मत, नाली, पुलिया निर्माण, अतिक्रमण, आदि से सम्बन्धित 73 शिकायतें पंजीकृत हुई जिसमे से 38 शिकायतों/समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने शि. विर एनआरएलएम योजनान्तर्गत 09 महिला स्वयं सहायकता समूहों को 36 लाख 15 हजार का चेक/पत्र दिए। जन जन की सरकार-जन जन के द्वार शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारियां दी गई व पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सरिता राणा, सांसद प्रतिनिधि विजेंद्र सिंह राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा नीता सक्सेना, भवानी भण्डारी, उपजिलाधिकारी तुषार सैनी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केके अग्रवाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई, एएस नेगी, विद्युत, लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी विद्या सिंह सोमनाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# शाइनिंग स्टार स्कूल की टीम ने जीता प्रतिष्ठित विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रामनगर।** रामनगर स्थित शाइनिंग स्टार स्कूल की टीम ने प्रतिष्ठित विप्रो अर्थियन नेशनल अवार्ड 2025 जीता है। देश भर के 18 राज्यों से 2000 से अधिक स्कूलों में आयोजित कठिन प्रतिस्पर्धा के बाद, स्कूल की इस टीम को सस्टेनेबिलिटी शिक्षा और कार्यों में उनकी असाधारण प्रतिबद्धता और नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है।

शाइनिंग स्टार स्कूल लंबे समय से अपने स्कूल और आसपास के समुदायों में जैव विविधता और प्रकृति शिक्षा का अग्रणी रहा है। इस सफलता का श्रेय दल कि सदस्य राशि तिवारी, जागृत तिवारी, अंशिका नेगी और अंकिता राजवार की टीम और उनकी शिक्षिका सरिता नेगी को जाता है। टीम ने कचरा पृथक्करण को बढ़ावा देने, एकल-उपयोग प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े और कागज के बैग के उपयोग को प्रोत्साहित करने और स्कूल तथा समुदाय के लिए कम्पोस्टिंग समाधान विकसित करके कचरा प्रबंधन के व्यावहारिक, क्रियान्वयन केंद्रित समाधान तैयार किए। पिछले दो वर्षों से स्कूल के 40 से अधिक छात्रों और शिक्षकों को नेचर साइंस इनिशिएटिव देहरादून द्वारा 'सस्टेनेबल लाइफस्टाइल्स प्रोग्राम' के तहत मार्गदर्शन दिया जा रहा है। स्कूल के संस्थापक डीएस नेगी ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इन कार्यक्रमो की वास्तविक सफलता तभी है जब हम पाठ्यक्रम से बहार निकल कर वास्तविक दुनिया से बच्चों को जोड़ते हुए प्रकृति एवं अपने आस पास के वातावरण के प्रति संवेदनशील बनाए। टीम की सदस्य कृतिका राणा का मानना है कि सतत जीवन-शैली आधुनिक समाज के लिए एक स्वाभाविक गुण नहीं है, लेकिन यह एक आदत बन सकती है।

# मनरेगा से गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान: कांग्रेस

■ लोहाघाट में गांधी प्रतिमा के सामने फूटा कांग्रेस का गुस्सा, केंद्र सरकार पर तीखा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (मनरेगा) से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाने के केंद्र सरकार के कथित प्रयासों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चिराग प्रत्यायल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र सरकार के खिलाफ तीखा आक्रोश व्यक्त किया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए चिराग प्रत्यायल ने कहा कि केंद्र सरकार देश के इतिहास को मिटाने और महापुरुषों के योगदान को कमजोर करने की साजिश कर रही है।

उन्होंने कहा कि "जिस गांधी ने देश को आजादी दिलाई, उसी गांधी का नाम आज योजनाओं से हटाने की कोशिश की जा रही है, यह राष्ट्रपिता का सीधा अपमान है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार को गरीब, मजदूर और ग्रामीणों की समस्याओं से कोई सरो. कार नहीं है, बल्कि वह केवल नाम बदलो-इतिहास मिटाओ की राजनीति कर रही है।



प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता शैलेंद्र राय, लोकेश पांडे, राहुल कुमार, गोविंद सिंह, कैलाश बिष्ट, अजय गोरखा, अनिल कुमार, रोहित बिष्ट, सचिन महाराज, शैलेंद्र, जीवन बिष्ट, हरीश कुमार, प्रीतम सिंह, रमेश राम, अभिषेक अधिकारी, आसिफ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# एक भी पात्र व्यक्ति योजनाओं से छूटा तो वह प्रशासन की जिम्मेदारी: डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार के नेतृत्व में 45 दिनों तक चलने वाले 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम का शुभारंभ सिमल्टा न्याय पंचायत से किया गया। कार्यक्रम के पहले ही दिन प्रशासन की सक्रियता और संवेदनशीलता का प्रभाव साफ दिखाई दिया। जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी स्वयं ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि सरकार अब फाइलों तक सीमित नहीं, बल्कि सीधे जनता के दरवाजे पर खड़ी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल योजनाओं का प्रचार नहीं, बल्कि हर पात्र व्यक्ति के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाता है, तो यह न केवल प्रशासन की कमी दर्शाएगा, बल्कि यह भी साबित करेगा कि हमारे प्रयासों में कहीं न कहीं चूक रह गई है। डीएम ने विशेष रूप से दिव्यांगों, वृद्धजनों और असहाय लोगों पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग या वृद्ध जिला मुख्यालय तक नहीं पहुंच सकते, उनके घर जाकर पेंशन, राशन, स्वास्थ्य व अन्य आवश्यक सुविधाओं से जोड़ा जाए। कई गांवों में अकेले रह रहे बुजुर्गों के लिए न केवल पेंशन, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सुविधा भी शिविरों के माध्यम से उपलब्ध कराई जाए। पहले दिन सिमल्टा न्याय पंचायत में आयोजित शिविर में 300 से अधिक ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, उप जिलाधिकारी अनुराग आर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवैश चौहान, एपीडी बिम्मी जोशी, डीडीओ डीएस दिगारी सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।



# कांग्रेस ने हसनैन मलिक को सौंपी किच्छा विधानसभा की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सितारगंज।** कांग्रेस पार्टी द्वारा हसनैन मलिक को किच्छा विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर सितारगंज के मैन चौराहे पर जोरदार स्वागत किया गया, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर, मालाएं पहनाकर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर हसनैन मलिक ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ खरे उतरेंगे। उन्होंने कहा कि किच्छा विधानसभा सहित यदि पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी में कहीं कोई नाराजगी है तो वे स्वयं उनसे मिलकर उसे दूर करेंगे और नेतृत्व को कभी शिकायत का मौका नहीं देंगे। पार्टी को मजबूत करने के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लेते हुए उन्होंने संगठन को एकजुट रखने पर जोर दिया। इस मौके पर सिराजुद्दीन, सरताज अहमद, जगदीश सिंह, मैहर, मुन्ना भाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने मिष्ठान वितरण कर हसनैन मलिक का अभिनंदन किया।

# किसानों के हितों से किसी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं: बृजवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन मंडी समिति के अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ष्डब्बूष के निर्देशन में कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, हल्द्वानी (नैनीताल) के उपमहाप्रबंधक एवं नोडल अधिकारी, मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय चंपावत, केदार सिंह बृजवाल द्वारा बुधवार को मंडी यार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। बृजवाल के अचानक मंडी परिसर में पहुंचने से अधिकारियों एवं व्यापारियों में हलचल देखी गई। उन्होंने मंडी में आने वाले फल-सब्जी सहित विभिन्न कृषि उत्पादों की गुणवत्ता, तौल-माप व्यवस्था, स्वच्छता तथा क्रयख्रविक्रय प्रक्रियाओं का गहन परीक्षण किया। बारीकी से जांच करते हुए उन्होंने लापरवाही बरतने वालों को सख्त चेतावनी दी। बृजवाल ने व्यापारियों एवं संबंधित अधिकारियों को नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने, किसानों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाने तथा लेनख्रदेन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि मंडी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता, शोषण या मिलीभगत पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

बृजवाल ने कहा कि औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा जिससे मंडियों में अनुशासन बना रहे और व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं किसान-हितैषी बनाया जा सके। इस अवसर पर दूरभाष के माध्यम से मंडी अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ष्डब्बूष से वार्ता कर व्यापारियों की समस्याओं के शीघ्र निदान हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया।

# रजिस्टर्ड फड़ वालों के लिए जगह तलाशें

## हाई कोर्ट ने हल्द्वानी में ई-रिक्शा व ऑटो पार्किंग के भी निर्देश दिए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी शहर के बाजारों, गलियों व फुटपाथों में अवैध रूप संचालित फड़ तथा ठेलों को हटाए जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने एसएसपी नैनीताल व नगर आयुक्त से कहा है कि रजिस्टर्ड फड़ व ठेले व्यवसायियों के लिए जगह का चयन करें साथ में कोर्ट ने यह भी कहा है कि ई-रिक्शा व टैंपो के लिए भी पार्किंग के लिए भूमि का चयन करें। उसकी रिपोर्ट 29 दिसंबर सोमवार तक कोर्ट में पेश करें। मामले की अगली सुनवाई 29 दिसंबर सोमवार की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी निवासी समाजिक कार्यकर्ता हितेश पांडे ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि हल्द्वानी शहर के बाजारों तथा फुटपाथों व सार्वजनिक स्थानों व गलियों में बिना रजिस्ट्रेशन के फड़ ठेले लगाये जा रहे हैं जिसकी वजह से आम जनता के लिए चलने की जगह तक नहीं रह गयी है, यही नहीं बाजारों में ई-रिक्शा व टेंपो भी घुस जा रहे हैं जिनकी वजह से कई बार दुर्घटनाएं भी हो रही हैं जिस दुकान के सामने थोड़ी जगह भी बची है तो उसने बिना लाइसेंस प्राप्त ठेलो से सौ पचास रोजना किराए पर उस जगह को किराए पर दे रखा है जिसका रिकार्ड नगर निगम के पास नहीं है। जिसकी वजह से शहर में अपराध भी बढ़ रहे हैं। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि अवैध रूप से संचालित फड़ ठेलों को हटाया जाय साथ ही रजिस्टर्ड फड़ व्यवसाइयों के लिए भूमि का चयन किया जाय साथ ही टैंपो व ई रिक्शा का लिए भी पार्किंग की व्यवस्था कराई जाय तथा सड़कों पर अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए।

## अनुपमा गुलाटी हत्याकांड: राजेश गुलाटी की सज़ा बरकरार

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने देहरादून के चर्चित अनुपमा गुलाटी हत्याकांड के मामले में आजीवन की सजा काट रहे राजेश गुलाटी की अपील पर सुनवाई की। मामले को सुनने के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए गुलाटी को आजीवन कारावास को बरकरार रखा है। मामले के अनुसार राजेश गुलाटी ने अपनी पत्नी अनुपमा गुलाटी की निर्मम हत्या 17 अकटूबर 2010 को की थी और शव को छुपाने के लिए उसने शव के 72 टुकड़े कर डीप फ्रिज में डाल दिया था। 12 दिसंबर 2010 को अनुपमा का भाई दिल्ली से देहरादून आया तो हत्या का खुलासा हुआ। देहरादून कोर्ट ने राजेश गुलाटी को 1 सितंबर 2017 को आजीवन कारावास की सजा सुनवाई और 15 लाख रुपए का अर्थदण्ड भी लगाया जिसमे से 70 हजार राजकीय कोष में जमा करने व शेष राशि उसके बच्चों के बालिग होने तक बैंक में जमा कराने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने इस घटना को जघन्य अपराध की श्रेणी में माना। राजेश गुलाटी पेशे से एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं और 1990 में लव मैरिज करके शादी की थी। राजेश गुलाटी ने इस आदेश को हाइकोर्ट में 2017 में चुनौती थी जिसपर कोर्ट ने बुधवार को अपना निर्णय दिया।

## कांग्रेस प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने भाजपा सरकार पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**हल्द्वानी।** कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी को बरी कर दिया है। क्वीरा ने इस फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कहा है कि भाजपा सरकार ने राग-द्वेष की भावना से कोर्ट में झूठे और बेबुनियाद तथ्य पेश किए थे। हरेंद्र क्वीरा ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह फैसला न्याय की जीत है और भाजपा सरकार द्वारा किए गए राजनीतिक प्रतिशोध को स्पष्ट रूप से नकारा गया है। क्वीरा ने कहा कि इस निर्णय से यह साबित हो गया है कि कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ उठाए गए आरोप पूरी तरह से निराधार थे।

## सुपरवाईजरी कमेटी गठित

**नैनीताल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर 19 राज्यों के बार काउंसिल चुनाव की निगरानी के लिए सेवानिवृत न्यायधीश सुधांशु धुलिया की अध्यक्षता में एक हाई पावर इलेक्शन सुपरवाईजरी कमेटी का गठन किया गया है। इसके साथ ही 11 अन्य हाई पावर कमेटियों का भी गठन किया गया है। उत्तराखंड बार काउंसिल के सचिव विजय सिंह के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जस्टिस सुधांशु धुलिया इस कमेटी के अध्यक्ष होंगे, जबकि सेवानिवृत पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायधीश रविशंकर झा और वरिष्ठ अधिवक्ता बी. गिरी सदस्य हैं। चुनाव संबंधी अपीलों का निस्तारण हाई पावर सुपरवाईजरी कमेटी करेगी। अपील या पत्राचार की मूल प्रति रजिस्टर्ड डाक से भेजना अनिवार्य होगा। ईमेल द्वारा भेजी गई अपील की तिथि दाखिल करने की मानी जाएगी।

## एक नजर

### वीरभट्टी के पास कैंटर खाई में गिरा

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के ज्योलीकोट-कर्णप्रयाग राष्ट्रीय राजमार्ग में वीरभट्टी से पहले छोटी पुलिया पर हल्द्वानी से पहाड़ की ओर ईंट लेकर जा रहा कैंटर संख्या यूके 04-सीसी 0152 बीती रात्रि 11 बजे करीब 20 फीट गहरी खाई में जा गिरा जिसमें चालक सकुशल बच गया। बता दें उक्त वाहन में चालक के अतिरिक्त कोई नहीं था। कैंटर गिरने का मुख्य कारण चालक को नींद का आना बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक चालक के घटना स्थल से चले जाने के कारण उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

### कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का फूंका पुतला

**नैनीताल।** जिले के भवाली नगर में बुधवार को मनरेगा का बजट कम करने पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री तथा पीसीसीएस उत्तराखंड खष्टी बिष्ट के नेतृत्व में केंद्र सरकार का पुतला दहन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि वर्ष 2005 से रोजगार गारंटी योजना तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा गरीब परिवारों के आजीविका का सहारा देने को बनायी गई थी। वर्ष 2009 में मनरेगा रोजगार गारंटी योजना से 100 दिन रोजगार गरीब परिवारों का सहारा बन रही थी जिसमें केंद्र सरकार द्वारा 90 फीसदी बजट दिया जाता था और 10 फीसदी बजट राज्य सरकार ने देती थी लेकिन आज बेतहाशा महंगाई, बेरोजगारी के दौर में पीएम नरेंद्र मोदी ने मनरेगा का नाम बदलने के साथ ही बजट कम गरीब मजदूरों के हक पर डाका मारा है वैसे ही उत्तराखंड प्रदेश में पर्यटन के अलावा यहां पर कोई ऐसी खास आय के संसाधन भी नहीं है, उस पर राज्य सरकार 40 फीसदी किस तरह वहन करेगी? यह तो राम ही मालिक है। इस दौरान पालिकाध्यक्ष पंकज आर्य, पूर्व पालिकाध्यक्ष भुवन सिंह अधिकारी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुजान रजवार, रमेश आर्य जिलाध्यक्ष एस सी प्रकोष्ठ, हरेंद्र कुमार, सुरेश सिंह, राजेंद्र, ममता बिष्ट, अंजू चौधरी, निशा बिष्ट, जया कपिल तथा सीमा व रचना मौजूद रही।

### खुले में मीट बेचने वालों का चालान

**नैनीताल।** खाद्य सुरक्षा अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बुधवार को नैनीताल की मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। जिसमें दुकानों में खुले में मीट बेच रहे 7 मीट विक्रेताओं के खिलाफ चालानी कार्यावाही की गई। बता दें उपजिलाधिकारी नवाजिश खलिके के निर्देश पर सिंह ने अंडामार्केट क्षेत्र में खुले में मीट बेच रहे सात व्यापारियों यथा मो. शाकिर, अतुल पाल, मो. शिमाल, हाजी रहमीन बकस, आसिफ खान, सैफउद्दीन एंड संस तथा लाजवंती देवी की दुकानों का निरीक्षण किया गया जिसमें व्यापारियों को निर्देशित किया गया की खुले में मीट व मांस न बेचा जाए। मीट मांस को सीसे में या फ्रिज में ढक कर रखा जाए जिसके लिए व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से पखवाडे भर का दिन का समय दिया गया है। नियत तिथि तक ऐसा नहीं किए जाने पर व्यापारी का लासेंस रद् कर दिया जाएगा साथ ही दुकान को बंद कर दिया जाएगा।

### जिपं चुनाव प्रकरण में आज भी होगी सुनवाई

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने 14 अगस्त 2025 को नैनीताल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हुए बवाल व 5 जिला पंचायत सदस्यों के अपहरण व चुनांव में डाले गए एक मतपत्र में ओवरराइटिंग की शिकायत व जिला पंचायत चुनाव में रिपोलिंग तथा निष्पक्ष चुनाव कराने को लेकर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने सुनवाई वीरवार आज को भी जारी रखी है। बुधवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से कहा गया कि घटना के बाद पुलिस ने मामले में 6 मुकदमे दर्ज किये हैं जिनकी जांच अलग अलग चल रही है जिसकी वजह से जांच में विलंब हो रहा है इसलिए सभी मुकदमों की एक साथ जांच कराने के आदेश दे दिए जाएं साथ में सरकार की तरफ से यह भी कहा गया कि घटना के समय यशपाल आर्य, संजीव आर्य, भुवन कापड़ी, सुमित हृदेश व लाखन नेगी मौजूद थे ये वहां कया कर रहे थे इसकी भी जाँच कराई जाए। बुधवार को भी पांचों बीडीसी सदस्य कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए। मामले की सुनवाई मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई ।

### सतत् विकास कार्यशाला का हुआ समापन

**नैनीताल।** नगर के भारतीय शहीद सैनिक स्कूल में चल रहे सात दिवसीय सतत् विकास कार्यशाला का बुधवार को समापन हुआ। कार्यशाला के अंतर्गत पहले तीन दिन विद्यालय परिसर में तथा शेष दिन श्री अरविन्द आश्रम, वन निवास नैनीताल में विविध गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यशाला श्री अरविन्द आश्रम, दिल्ली शाखा ट्रस्ट सोसाइटी एवं श्री अरविन्द आश्रम, वन निवास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई जिसे स्ट्रार ग्रेन एंड सिपिंग प्राईवेट लिमिटेड मुंबई द्वारा प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वर्षा जल संचयन एवं भंडारण प्रणाली की स्थापना की गई तथा एक कंपोस्ट पिट का निर्माण भी किया गया जिससे बच्चों को प्रत्यक्ष रूप से सीखने और हाथों-हाथ अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। सात दिवसीय कार्यशाला तथा समापन कार्यक्रम का सफल नेतृत्व सुश्री मेघलयना ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंदन नयाल, विशिष्ट अतिथि कविता गंगोला, संगीत बोरा व तुसी अनित साह रही। इस अवसर पर अयारपाटा वार्ड के पालिका सभासद मनोज साह जगाती का प्रेरणादायक मार्गदर्शन व सतत् विकास के प्रति उनकी गहरी समझ एवं सकारात्मक विचारों ने कार्यक्रम को विशेष दिशा प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता के नेतृत्व एवं सहयोग से यह कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर निशा, प्रवीन सती, उत्कर्ष मौजूद रहे।

## नैनीताल में भाजपाईयों ने एसआईआर को लेकर की विस्तृत चर्चा

**नैनीताल।** भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की के नेतृत्व में बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर विषय को लेकर नैनीताल क्लब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा संसद में चुनाव सुधारों पर दिए गए भाषण को नैनीताल मंडल स्तर पर सभी कार्यकर्ताओं को सुनाने की व्यवस्था बनाई। भाषण को सुनने के बाद एक प्रश्नोत्तरी भी कार्यकर्ताओं के बीच आयोजित की गई, वीडियोग्राफी सेशन भी आयोजित किया गया जिसका उद्देश्य मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी जानकारी को कार्यकर्ताओं तक सही व स्पष्ट और तथ्यात्मक रूप से पहुँचाना रहा। प्रशिक्षण के दौरान एसआईआर की प्रक्रिया तथा आम जनता की शंकाएं व अफवाहों से बचाव तथा संगठनात्मक भूमिका जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर लगभग 50 कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता की और विषय से जुड़े प्रश्न भी रखेए सेशन के दौरान पूरे कार्यक्रम की वीडियोग्राफी भी की गई जिसे आगे संगठनात्मक नेटवर्क एवं प्रशिक्षण माध्यमों में उपयोग में लाया जाएगा ताकि अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं तक सही जानकारी पहुँचाई जा सके। कार्यक्रम का समापन संगठनात्मक एकता, लो. कतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और एक जिम्मेदार कार्यकर्ता की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

## जिला बार में बनेगी डिजिटल लाइब्रेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला बार एसोसिएशन नैनीताल के अधिवक्ताओं को बड़ी सौगात मिली है। एसोसिएशन कार्यकारिणी की वार्षिक बैठक में अधिवक्ताओं के हित में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना का प्रस्ताव सर्वसमति से पारित किया गया।



अधिवक्ताओं की एसोसिएशन के सभागार में हुई आम सभा में अधिवक्ताओं की सुविधाओं को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए जिनमें डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना और चैंबर निर्माण प्रमुख रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद एवं सचिव दीपक रुवाली ने आम सभा को संबोधित करते हुए जल्द ही डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने की बात कही जिसपर वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी डिजिटल लाइब्रेरी के लिए सहयोग देने की बात कही वही नैनीताल-उधमसिंहनगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट ने अधिवक्ताओं के चैंबर निर्माण के लिए सांसद निधि से 5 लाख की राशि स्वीकृत की इस पर बार संघ एवं अधिवक्ताओं ने सांसद का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद ने नैनीताल में नए न्यायालयों की स्थापना की मांग को दोहराया वही सचिव दीपक रुवाली ने डिजिटल लाइब्रेरी से अधिवक्ताओं को आधुनिक कानूनी जानकारी व शोध सुविधा की बात कही। बैठक में जिला बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शंकर चौहान समेत एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## उत्तरायणी मेल को लेकर शांतिपुरी कामधेनु सहकारी दुग्ध समिति में बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** बुधवार को शांतिपुरी के कामधेनु सहकारी दुग्ध समिति परिसर में बुधवार को उत्तरायणी मेला कमेटी



की बैठक हुई। जिसमें सर्व सहमति से उत्तरायणी मेला आयोजन को भव्य एवं आकर्षक स्वरूप देने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक गांव से दो-दो सक्रिय सदस्यों को मेला कमेटी में शामिल करने का निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्र की सभी चारों ग्राम सभाओं के प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पदेन सदस्य बनाया गया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित डा. बीडी जोशी को मेला कमेटी का संयोजक नियुक्त किया गया। मेले के सफल, सुव्यवस्थित एवं भव्य आयोजन को लेकर आवश्यक संसाधनों, सांस्कृतिक कलाकारों, लाइट एवं माइक व्यवस्था सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां कार्यकर्ताओं को सौंपी गईं। बैठक में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी करते हुए आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला पंचायत सदस्य प्रेम आर्या, प्रधान कविता तिवारी, मेला कमेटी अध्यक्ष इंदर सिंह मेहता नारायण सिंह बिष्ट, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, विनोद कोरंगा, प्रधान तारा मोहन पांडे, , नारायण सिंह कोरंगा, बिशन सिंह कोरंगा, चंदन सिंह बिष्ट, गोपाल उपाध्याय, ईश्वर दानू, दीपा दानू, प्रधान दीपा कांडपाल, जगदीश कांडपाल, प्रधान बछौली देवी, टीकम कोरंगा, जीवन उपस्थित रहे।

## सिर, कान, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें: डा. परमजीत सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** क्षेत्र में लगातार तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे ठंड में काफी इजाफा हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और अधिक बढ़ने की संभावना है। इस परिप्रेक्ष्य में राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों ने आमजन से ठंड से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने की अपील की है। मेडिसिन विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा. परमजीत सिंह ने बताया कि ठंड के मौसम में विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं पहले से बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने सलाह दी कि लोग पर्याप्त गर्म कपड़े पहनें तथा विशेष रूप से सिर, कान, हाथ और पैरों को अच्छी तरह ढककर रखें। इसके साथ ही गर्म एवं पौष्टिक भोजन लेने पर जोर दिया, जैसे सूप, दलिया, हरी सब्जियाँ तथा गर्म दूध आदि। ठंड के मौसम में शरीर की रोग प्रतिरा. धक क्षमता बनाए रखने के लिए संतुलित आहार और पर्याप्त तरल पदार्थ का सेवन आवश्यक है। डा. परमजीत सिंह ने यह भी कहा कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी, खाँसी, बुखार, साँस लेने में तकलीफ या सीने में दर्द जैसी कोई भी समस्या हो, तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करें और स्वयं दवा लेने से बचें। उन्होंने आग जलाते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा कि बंद कमरों में अंगीठी या कोयले का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे कार्बन मोनोऑक्साइड गैस के कारण जानलेवा खतरा हो सकता है। साथ ही उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर), दमा एवं हृदय रोग से ग्रसित मरीजों को नियमित रूप से अपनी दवाइयाँ लेते रहने तथा ठंड से बचाव के लिए चिकित्सकीय सलाह का पालन करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही गठिया संबंधी रोग से ग्रसित मरीजों को भी विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी आमजन से अपील करता है कि वे ठंड के मौसम में सतर्क रहें। आवश्यक सावधानियाँ अपनाएं और स्वस्थ रहें।



## स्पर्श गंगा दिवस पर एनएसएस शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में बुधवार को स्पर्श गंगा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: प्रार्थना सभा से हुआ जिसमें स्वयंसेवी अंशुमन, काव्या जोशी एवं मयंक ने अपने विचार प्रस्तुत किए। अंशुमन ने गंगा के अस्तित्व एवं महत्व पर प्रकाश डाला जबकि काव्या जोशी ने स्वच्छ गंगा अभियान की शुरुआत और उद्देश्य को स्पष्ट किया वहीं मयंक ने सभी से गंगा सहित जलधाराओं को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने की अपील की। प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने इस विशेष दिवस की सार्थकता बताते हुए गंगा को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। एनएसएस कार्यक्रम प्रभारी मीनाक्षी बिष्ट ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा केवल हमारी माँ और राष्ट्रीय नदी ही नहींए बल्कि हमारी आवश्यकता है जिसे स्वच्छ रूप में आने वाली पीढ़ी को सौंपना हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के तहत आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सुनैना ने प्रथम, शांति ने द्वितीय तथा खुशी आर्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में ऋषभ प्रथम, लाइबा नूर द्वितीय तथा वनहर तृतीय तथा पल्लवी ढेला ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही स्वयंसेवियों द्वारा जन-जागरूकता रैली निकाली गई तथा सत्यानारायण मंदिर के आसपास जलस्रोतों की सफाई की गई। कार्यक्रम में चंद्र प्रकाश, आलोक भट्ट, भावना शाह, कुमारी निशा, उत्कर्ष बोरा, हिमांशु एवं रवि सहित समस्त गुरुजनों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।




## प्रो. शर्मा को मिली अहम जिम्मेदारी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविधालय नैनीताल के पूर्व छात्र तथा पूर्व विभागाध्यक्ष एवं डीन विधि प्रो. एसडी शर्मा को उत्तराखंड उच्च शिक्षा में संचालित राज्य विश्व. विधालय के अधिनियम एवं परिनियमावली में सुधारीकरण हेतु गठित समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बता दें उच्च शिक्षा सचिव डा. रंजीत कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर तथा हरीश कुमार सागर द्वारा उक्त आदेश जारी किया गया है। समिति में डा. केडी पुरोहित, डा. विपिन चंद्र चौबे तथा राज्य विश्वविधालय के कुलपति द्वारा नामित सदस्य शामिल होंगे। कुमाऊं विवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी समेत कूटा परिवार ने प्रो. शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## पीपीजे में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार में स्पर्श गंगा अभियान के तहत बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना और नमामि गंगे के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान आयोजित किया गया। अभियान की जानकारी देते हुए कार्यक्रम प्रभारी रजत ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत नियमित स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम तथा जल स्रोतों के संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां, प्लास्टिक उपयोग में कमी तथा स्वच्छता शपथ और पर्यावरण संरक्षण संदेशों का प्रचार.प्रसार किया जाता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की सक्रिय सहभागिता से ही स्वच्छ भारत और स्वच्छ गंगा का लक्ष्य साकार किया जा सकता है। इस अवसर पर एनएसएस और नमामि गंगे के स्वयंसेवियों ने स्वच्छता गति. विधियों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण से जुड़े व्यावहारिक कार्य भी किए। स्वयंसेवियों ने स्कूल परिसर में पौधों की देखभाल की और एक पेड़ मां के नाम मुहिम के अंतर्गत पौध संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने बताया ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं बल्कि सामाजिक जिममेदारी है। स्वच्छ वातावरण न केवल शारी. रिक स्वास्थ्य बेहतर बनाता है बल्कि सकारात्मक सोच और अनुशासित जीवनशैली को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि गंगा हमारी सांस्कृतिक व सामा. जिक और आर्थिक जीवनरेखा है इसलिए इसका संरक्षण हम सभी का नैतिक दायित्व है, उन्होंने एनएसएस और नमामि गंगे अभियानों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में सेवा भावनाए नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों से आग्रह किया कि वे स्वच्छता जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के संदेश को अपने परिवार और समाज तक पहुंचाएं ताकि यह अभियान व्यापक जनभागीदारी का रूप ले सके। अंत में सभी ने स्वच्छता बनाए रखने और गंगा तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।




# गंगा जीवन धारा, इसका संरक्षण जरूरी: डा. निशंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून/नैनीताल।** देहरादून के लेखक गाँव में भारतीय वन्यजीव संस्थान, नमामि गंगे एवं स्पर्श गंगा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्पर्श गंगा महोत्सव-2025 का आयोजन हुआ। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला जबकि विशिष्ट अतिथि पद्म भूषण अनिल प्रकाश जोशी एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान की अधिष्ठाता डा. रूचि बडोला ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश से चयनित 10 गुरुजनों को स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार दिया गया। गंगा के प्रति उनके विशेष योगदान के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया। प्रदेश भर से आए सैकड़ों बालगंगा प्रहरी एवं गंगा प्रहरियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा स्पर्श गंगा के अनेक प्रदेशों से आए स्वयं सेवियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पद्म भूषण अनिल जोशी ने कहा कि गंगा संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकारों की नहीं बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है इसके लिए सभी को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होना होगा। भारतीय वन्यजीव संस्थान की अधिष्ठाता डा. रुचि बडोला ने कहा कि गंगा उनके लिए केवल नदी मात्र नहीं अपितु आत्मा और हृदय का अभिन्न अंग है।

उन्होंने कहा कि हमारा संस्थान लगभग 17000 से अधिक गंगा प्रहरी एवं बालगंगा प्रहरियों के सहयोग से गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण की दिशा में अनेको कार्यक्रम संचालित कर रहा है। कार्यक्रम के मुखय अतिथि विधायक डोईवाला बृजभूषण गैरोला ने कहा कि लेखक गांव डा. रमेश पोखरियाल निशंक की अभिनव पहल है यह स्थान साहित्य, संस्कृति, कला एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पर्श गंगा के कार्यक्रमों की सराहना की। पर्यावरण विद् पद्मश्री कल्याण सिंह रावत मैती ने गंगा की अविरलता एवं स्वच्छता को बड़ी चुनौती माना। उन्होंने कहा कि गंगा का संरक्षण तभी है जब हिमालय सुरक्षित रहेंगे। हमें हिम. नदों के संरक्षण के लिए भी कार्य करना चाहिए। प्रो. अतुल जोशी ने कहा कि उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों को सम्मान करना समाज में चेतना का कार्य कर रहा है। स्पर्श गंगा बोर्ड के प्रथम विशेष कार्याधिकारी प्रो. प्रभाकर बडोनी ने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम विशेष: गंगा एवं उसकी सहायक नदियों के स्वच्छता कार्यक्रम अनिवार्य रूप से लागू कर देनी चाहिए वही उद्योग, पर्यटन के क्षेत्र में कार्य कर रहे लोगों की भी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। पूर्व मुख्यमंत्री एवं लेखक गांव के संरक्षक डा. रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि जिस तरह से विश्व भर में प्राकृतिक आपदाएं, मानव जनित आपदाएं एवं नित नए-नए परिवर्तनों से पर्यावरण को क्षति हो रही है वह आने वाले समय के लिए एक बड़ा संकट है यदि समय रहे रहते नहीं चेते तो आने वाली पीढ़ी इसका खामियाजा भुगतेगी इसलिए हमें हिमालय, गंगा और वनों के संरक्षण के लिए चौबीसों घंटे काम करने की आवश्यकता है।

स्पर्श गंगा की राष्ट्रीय संयोजक डा. आरुषि निशंक ने स्पर्श गंगा अभियान के तहत चलाई जा रही विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी साझा की तथा भविष्य की रूपरेखा से भी अवगत कराया। लेखक गांव की निदेशक विदुषी निशंक ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि गंगा संरक्षण का पवित्र भाव सदैव हमारे विचारए व्यवहार एवं संस्कारों में आना जरूरी है। इस दौरान गंगोत्री उत्तरकाशी से आए स्पर्श गंगा स्वयंसेवकों ने गंगा को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नृत्य नाटिका प्रस्तुत की तथा विभिन्न विद्यालयों से आए छात्रों ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया जिन्हें आने वाले कार्यक्रम में पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गोविंद सिंह रजवार, कुमाऊं विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. अतुल जोशी, पूर्व उच्च शिक्षा निदेशक डा. सविता मोहन, सुरेश सेमवाल, राज्य मंत्री नवीन चंद्र वर्मा, चन्द्रवीर पोखरियाल, डा. राजेश नैथानी, स्पर्श हिमालय विश्वविद्यालय के सचिव बालकृष्ण चमोली, सनराइज एकेडमी की प्रबंध निदेशक पूजा पोखरियाल तथा लेखक गांव के सीईओ ओपी बडोनी सहित सहित अनेक शिक्षाविद् एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।



10 गुरुजनों को स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार

## भार्गवी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर रचा इतिहास



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वुडलैंड्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी की प्रतिभाशाली छात्रा भार्गवी रावत ने दक्षिण अफ्रीका में 7 से 13 दिसंबर तक आयोजित अंडर 15 गर्ल्स वर्ल्ड चैंपियनशिप में बायथलॉन, ट्रायथलॉन एवं लेजर रन स्पर्धाओं में तीन कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय, शहर और देश का नाम रोशन किया है। भार्गवी रावत अब तक राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में 50 से अधिक पदक जीत चुकी हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 2024 में गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित नेशनल गेमस में भी उन्होंने तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए थे। विद्यालय प्रबंधन ने भार्गवी रावत को हार्दिक बधाई दी है।

# वरुण-तिलक आईसीसी पुरुष टी-20 रैंकिंग में चमके




● **तिलक वर्मा रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर व स्पिनर वरुण गेंदबाजी में 818 अकों के साथ शीर्ष पर पहुंचे**

**दुबई, वार्ता।** भारत के आक्रामक बल्लेबाज तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष अंतर्राष्ट्रीय टी-20 प्लेयर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में 818 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर जारी ताजा रिपोर्ट में तिलक वर्मा ने पिछले हफ्ते कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद न्यू चंडीगढ़ में 62 और धर्मशाला में 26 रन बनाकर भारत के अभिषेक शर्मा की अगुवाई वाली सूची में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़कर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़ कर 774 अंकों के चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक पायदान का नुकसान हुआ है वह 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए है। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम की तीसरे मैच में सिर्फ 117 रन के स्कोर में 61 रन की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि क्विटन डी कॉक की दूसरे टी-20 में मैच जिताने वाली 90 रन की पारी ने उन्हें 14 पायदान ऊपर उठाकर 53वें स्थान पर पहुंचा दिया है। टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात की जाए तो पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 में दो-दो विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने खाते में 36 रेटिंग अंक जोड़ कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 अंकों तक पहुंच गए है।

# मयंक का मुंबई इंडियंस में चयन



● **मयंक रावत का आईपीएल लीग में चयन होने से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल**

**टिहरी, वार्ता।** उत्तराखंड के टिहरी गढवाल जिले के खास पट्टी के ग्रामसभा गडोलिया तोक (रेंगली) के युवा क्रिकेटर मयंक रावत का आईपीएल की प्रतिष्ठित टीम मुंबई इंडियंस में चयन हुआ है। वर्तमान में वह दिल्ली में रह रहे हैं और वहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। होने पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। मयंक की इस उपलब्धि पर बुधवार को क्षेत्रवासियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मयंक रावत के आईपीएल जैसी बड़ी लीग में चयन होने की खबर से उनके पैतृक गांव सहित पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है। मयंक के पिता राम सिंह रावत (पूर्व छात्रसंघ विज्ञान प्रतिनिधि, एसआरटी कैंपस, पुरानी टिहरी) सहित पूरे परिवार को कमल सिंह बागड़ी सहित पूरे क्षेत्रवासियों ने बधाई दी।

## पैसा नहीं, बल्कि आईपीएल में चयन सम्मान की बात: रमनेंद्र

**अमेठी, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के लिए 14 करोड़ 20 लाख रुपये की कीमत में चुने गए प्रशांत वीर का परिवार बेटे की सफलता से गदगद है। युवा खिलाड़ी के पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आईपीएल में चयन होना बेटे और परिवार के लिए गर्व का विषय है। आईपीएल के इतिहास में अमेठी के प्रशांत वीर ने कीर्तिमान स्थापित किया है। चेन्नई सुपर किग ने प्रशांत वीर के लिए 14.20 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। इसकी खबर सुनते ही प्रशांत के घर में खुशी का माहौल हो गया। इलाके के लोग बधाई देने उनके घर पहुंचने लगे। पिता रमनेंद्र त्रिपाठी ने कहा ष मेरे बेटे का चयन आईपीएल में हुआ यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। पैसा तो किसी भी हुनर मंद को मिल जाता है यह सम्मान ही मेरे लिए गर्व का विषय है। प्रशांत चेन्नई सुपर किग्स के लिए खेलेंगे। बेटे को उम्मीद से ज्यादा कामयाबी मिली। टीम इंडिया में शामिल होना बेटे का अगला लक्ष्य है। पिता ने बताया कि कक्षा पांच के बाद से ही उसका रुझान क्रिकेट के प्रति हो गया। वह अपने उम्र के ज्यादा बड़े लोगों के साथ भी क्रिकेट खेलने जाता था।

## मांडविया ने स्क्वैश टीम को किया सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को ऐतिहासिक विश्व कप जीतने वाली भारतीय स्क्वैश टीम को सम्मानित किया। जोशना चिनप्पा, अभय सिंह, वेलवन सेंथिलकुमार और अनाहत सिंह की मिश्रित टीम ने पिछले शनिवार को चेन्नई में इतिहास रचा था। इस जीत के साथ भारत ने अपना पहला स्क्वैश विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। भारत ने टूर्नामेंट के फाइनल में टॉप सीड हांगकांग को 3.0 से हराया और स्क्वैश विश्व कप जीतने वाला चौथा देश बन गया, जो ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और मिस्र जैसे देशों की एलीट सूची में शामिल हो गया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए, डॉ. मांडविया ने कहा कि यह भारतीय खेल के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि भारत खेल के क्षेत्र में बहुत अच्छा कर रहा है। एक के बाद एक, हम नए मुकाम हासिल कर रहे हैं। हमारी महिला क्रिकेट टीम ने भी हाल ही में विश्व कप जीता है। केन्द्रीय मंत्री कहा कि हमारी स्क्वैश टीम का अपनी धरती पर विश्व कप जीतना गर्व का बहुत बड़ा क्षण है।

## आरश्रीधर टी-20 विश्व कप तक श्रीलंका के फील्डिंग कोच बने

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट ने अगले साल होने वाले पुरुष टी-20 विश्वकप तक के लिए आर श्रीधर को राष्ट्रीय टीम का क्षेत्ररक्षक कोच नियुक्त किया है। बीसीसीआई लेवल 3 क्वालिफाइड कोच श्रीधर ने पहले 2014 से 2021 तक भारत की पुरुष टीम के क्षेत्ररक्षक कोच के रूप में काम किया है। हाल ही में, उन्होंने अफगानिस्तान टीम के साथ कंसल्टेंट कोच के तौर पर काम किया। अब वह श्रीलंका के फील्डिग स्टैंडर्ड को बेहतर बनाने पर ध्यान देंगे। वह पाकिस्तान और इंग्लैंड के आगामी दौरों पर टीम के साथ मिलकर काम करेंगे और फिर टी-20 विश्व कप की तैयारियों की देखरेख करेंगे। श्रीलंका क्रिकेट के अनुसार श्रीधर ने कहा कि श्रीलंकाई खिलाड़ी हमेशा सहज प्रतिभा, लचीलेपन और सामूहिक भावना के लिए जाने जाते हैं। मेरा काम कोई सिस्टम थोपना नहीं है, बल्कि ऐसा माहौल बनाना है जहां खिलाड़ी क्षमता, जागरूकता और मैदान पर गर्व स्वाभाविक रूप से बढ़ सके। उन्होंने कहा कि फील्डिंग तब बेहतर होती है जब खिलाड़ी गेंद से, एक-दूसरे से और उस पल से जुड़ाव महसूस करते हैं।

# उस्मान डेम्बेले-एताना बोनमती को फीफा प्लेयर ऑफ द ईयर का पुरस्कार



● **मंगलवार रात आयोजित एक समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया**

**कतर, वार्ता।** स्पेन की एताना बोनमाटी और फ्रांस के उस्मान डेम्बेले को क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग के फीफा के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से नवाजा गया।

मंगलवार रात यहां आयोजित एक विशेष समारोह में इन खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। 28 वर्षीय डेम्बेले पीएसजी की ऐतिहासिक पहली चैंपियंस लीग जीत में अहम भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में पीएसजी ने इंटर मिलान को 5-0 से हराया। डेम्बेले ने पिछले सीजन सभी प्रतियोगिताओं में कुल 35 गोल किए जिनमें से 21 गोल लीग-वन में थे और वह टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर भी रहे। वहीं, बार्सिलोना की मिडफील्डर को क्लब और देश के लिए एक और शानदार साल के बाद द बेस्ट फीफा महिला खिलाड़ी चुना गया और वह लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला फुटबॉलर बन गईं। बोनमाटी ने चैंपियंस लीग प्लेयर ऑफ द सीजन का खिताब भी जीता। इसके अलावा उन्होंने लगातार तीसरी बार विमेंस बैलन डी' ओर पुरस्कार भी हासिल किया। बोनमती की अगुवाई में बार्सिलोना ने घरेलू स्तर पर ट्रेबल जीता, जबकि स्पेन के साथ उन्होंने चैंपियंस लीग फाइनल और यूरो 2025 फाइनल तक का सफर तय किया।

पुरस्कार के बाद बोनमाटी ने एक वीडियो संदेश में कहा कि मैं अपना तीसरा फीफा द बेस्ट अवॉर्ड जीतने के लिए बहुत आभारी और गर्व महसूस कर रही हूं। मैं उन सभी लोगों की बहुत आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए वोट किया, खिलाड़ी, कोच और प्रशंसक। मेरे लिए सबसे अच्छी बात यह है कि जो खिलाड़ी मेरी तरह फुटबॉल खेलते हैं या जिन कोचों के खिलाफ मैं खेलती हूं, उन्होंने मुझे फीफा द बेस्ट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना। यह सबसे अच्छी बात है जो मैं कह सकती हूं।

# पाक के खिलाड़ी पूरा बीबीएल खेलेंगे: सीए




● **सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाक एक टीम भेजी है**

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा है कि पाकिस्तान के खिलाड़ी बिग बैश लीग (बीबीएल) का पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे।

ग्रीनबर्ग ने कहा है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) को आश्वासन दिया गया है कि जनवरी में श्रीलंका के तय अंतर्राष्ट्रीय टी-20आई दौरे के बावजूद बीबीएल में पाकिस्तानी खिलाड़ी पूरा टूर्नामेंट खेलेंगे। सीए ने टी-20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के टी-20 दौरे की योजनाओं को अंतिम रूप देने के लिए पाकिस्तान में एक टीम भेजी है। टॉड ग्रीनबर्ग ने यह यह भी बताया कि मैके और डार्विन ऑस्ट्रेलिया की सर्दियों में बंगलादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों की मेजबानी करेंगे और तारीखों की घोषणा जनवरी में की जाएगी। चिंता थी कि बीबीएल में खेलने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के ग्रुप, जिसमें बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद रिजवान, शादाब खान, हारिस रऊफ और हसन अली शामिल हैं, उन्हें जनवरी की शुरुआत में श्रीलंका में एक छोटी टी-20 सीरीज खेलने के लिए वापस बुलाया जा सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने हाल ही में इसकी घोषणा की थी। एडिलेड ओवल में तीसरे एशेज टेस्ट की सुबह पत्रकारों के एक ग्रुप के साथ लंबी बातचीत में ग्रीनबर्ग ने कहा कि उन्हें भरोसा है कि खिलाड़ी बीबीएल में बने रहेंगे। ग्रीनबर्ग ने कहा कि हमें बताया गया है कि अगर उन्होंने बीबीएल के लिए साइन किया है, तो वे पूरा बीबीएल खेलेंगे।

## राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से श्रीगंगानगर में

**श्रीगंगानगर, वार्ता।** चौदहवीं राष्ट्रीय पैरा जूडो प्रतियोगिता 19 से 23 दिसम्बर तक राजस्थान में श्रीगंगानगर में खेली जाएगी। राजस्थान ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश लखोटिया (आरपीएस) ने बुधवार को बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 25 राज्यों से 400 से अधिक ब्लाइंड जूडो खिलाड़ियों और 60 अधिकारी शिरकत करेंगे। यह प्रतियोगिता श्रीगंगानगर में ही आयोजित राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के समापन के साथ ही शुरू हो जाएगी।

## मैडसेन की कप्तानी में अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में खेलेगा इटली

**रोम, वार्ता।** इटली क्रिकेट फेडरेशन ने कहा कि अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में राष्ट्रीय टीम वेन मैडसेन की अगुवाई में खेलेगी। आईसीसी गवर्निंग बॉडी ने मंगलवार देर रात एक बयान जारी कर नवम्बर के आखिर में टीम का कप्तान नियुक्त किए जाने के बाद मैडसेन की स्थिति की फिर से पुष्टि की।


## पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लि०

**निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी आपूर्तिकर्ता/ठेकेदारों/ फर्मो से निम्नलिखित कार्य हेतु सील बंद लिफाफों में (दो भाग में) निविदायें दिनांक 09/01/2026 के 13:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जिसका प्रथम भाग 15:00 बजे एवं द्वितीय भाग 17:00 बजे दिनांक 12/01/2026 को उपस्थित निविदाकारों/प्रतिनिधियों के सम्मुख खोला जायेगा। उक्त तिथि को अवकाश पड़ने की स्थिति में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेंगी।
निविदादाताओं को निविदा के प्रथम भाग में धरोहर धनराशि निविदा में उपलब्ध दस्तावेज के अनुसार जमा करना अनिवार्य है। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में भरकर पृथक रूप से प्रथम भाग लिफाफे में संलग्न करना अनिवार्य होगा। धरोहर राशि निर्धारित प्रारुप में, निविदा शुल्क एवं अनुभव प्रमाण पत्रों के आभाव में निविदा का दूसरा भाग नहीं खोला जायेगा। फर्म /ठेकेदार का आयकर/जी0एस0टी0/ ई0पी0एफ0/ई0एस0आई0 तथा उत्तराखण्ड राज्य में विद्युत कार्य करने हेतु वैध ए-क्लास लाईसेंस में पंजीकरण अनिवार्य है।
निविदा केवल विभाग की वैबसाईट www.ptcul.org से दिनांक 03/01/2026 तक डाउनलोड की जा सकती हैं। निविदा मात्र पंजीकृत डाक (स्पीड-पोस्ट/रजिस्ट्री) द्वारा ही स्वीकार की जायेगी।

| क्र सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14/2025-26 | Repairing work of 220KV Mahuakheraganj cable trench and associate works at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 2. | 15/2025-26 | Work of replacement of rusted nuts, bolts at different switchyard at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 3. | 16/2025-26 | Supply of portable earthing set at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 4. | 17/2025-26 | Work of replacement and rectification of 220KV switchyard BMK's defective spares at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 5. | 18/2025-26 | Supply of spares, silica gel, control wire and lugs of 2X160MVA transformers at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 6. | 19/2025-26 | Work of laying of defective power cable of street light of 400/220/132KV switchyard and gantry at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 7. | 20/2025-26 | Work of providing and fixing of sign board, phase sequence number of 400KV PGCIL bay and 132KV bay equipments at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 8. | 21/2025-26 | Work of providing and fixing of Trip Supervision Relay at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 9. | 22/2025-26 | Supply and fixing of connector of 220KV and 160MVA transformers bushing at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |
| 10. | 23/2025-26 | Supply of stainless steel oil sampling bottels at 400KV Sub-Station, Kashipur. | 7100.00 | 250/- (जीएसटी अतिरिक्त) |

''राष्ट्रहित में बिजली बचायें''

संख्या 1066/अधि.अभि.(का)
दिनांक 17-12-2025

(अधिशासी अभियंता)
400 केवी (परि. एवं अनु.) खण्ड, काशीपुर

## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रूड़की (हरिद्वार)

पत्रांक: 1488/ लेखा/ प्र.म.आ.ग्रा./ 2025-26 दिनांक: 16 दिसम्बर 2025

**अल्पकालीन निविदा आमन्त्रण सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि जिलाधिकारी हरिद्वार के पत्र संख्या-555 दिनांक-08-12-2025 पर अपने पृष्ठांकन आदेश दिनांक 16.12.2025 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा मनरेगा / प्रधानमन्त्री आदर्श ग्राम योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अकबरपुर फाजिलपुर में युगपतिकरण करते हुए निम्न विवरण के अनुसार कराये जाने की वित्तीय / प्रशासनिक स्वीकृति मनरेगा अधिनियम-2005, उत्तराखण्ड शासन के मार्ग निर्देश-2006 के प्रस्तर-11.5 एवं 11.6 के अनुसार निम्न शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान किये जाने सम्बन्धी है। निर्माण कार्य कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मो से सामग्री आपूर्ति हेतु इस कार्यालय में दिनांक 30.12.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे तक केवल स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों (सबंधित निर्माण कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग / ग्रामीण निर्माण विभाग / सिंचाई विभाग अथवा अन्य सक्षम अभियांत्रिक विभाग में पंजीकृत) से प्रत्येक निर्माण कार्य की सामग्री आपूर्ति हेतु पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन सांय: 3:00 बजे इस कार्यालय में सम्बन्धित ठेकेदारों के सम्मुख गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा किसी भी कार्यदिवस में इस कार्यालय से खरीदी/देखी जा सकती हैं।

| क्र0 सं0 | ग्राम पंचायत का नाम | कार्य स्थल का नाम स्थल विवरण सहित | प्राक्कलन की धन0 | पी.एम.ए. जी.वाई सामग्री अंश | मनरेगा | श्रमांश अंश | सामग्री अंश | कुल सामग्री अंश |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अकबरपुर फाजिलपुर | ग्राम अबकरपुर फाजिलपुर में बारातघर से ऋषिपाल के प्लाट की ओर सी0सी0/ इन्टरलाकिंग टाईल्स कंक्रीट ब्लाक मार्ग निर्माण कार्य। | 6.79 | 438589 | 240406 | 232406 | 8000 | 446589 |
| 2. | अकबरपुर फाजिलपुर | ग्राम अबकरपुर फाजिलपुर में इलमसिंह के मकान से भोपाल के खेत की ओर सी0सी0 / इन्टरलाकिंग टाईल्स कंक्रीट ब्लाक मार्ग निर्माण कार्य। | 5.47 | 402999 | 143775 | 135775 | 8000 | 410999 |
| 3. | अकबरपुर फाजिलपुर | ग्राम अबकरपुर फाजिलपुर में शमशानघाट में सी0सी0 / इन्टरलाकिंग टाईल्स कंक्रीट ब्लाक मार्ग निर्माण कार्य | 14.90 | 942552 | 547567 | 530567 | 17000 | 959552 |
| 4. | अकबरपुर फाजिलपुर | ग्राम अबकरपुर फाजिलपुर में अनु0जाति में आन्तरिक सड़के सी0सी0 / इन्टरलाकिंग टाईल्स कंक्रीट ब्लाक मार्ग निर्माण कार्य। | 2.97 | 217438 | 79897 | 73897 | 6000 | 223438 |
| | | योग | 30.13 | 2001578 | 1011645 | 972645 | 39000 | 2040578 |

(खण्ड विकास अधिकारी)
रूड़की, हरिद्वार

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद उत्तरकाशी

उत्तराखण्ड राज्य

ईमेल– cmoukashi@gmail.com

पत्रांक : लेखा / लघु निर्माण / निविदा / 2025–26 / 3317 दिनांक 17.12.2025

**निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड राज्य के महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत निम्न कार्यो के दो लिफाफा प्रणाली के अन्तर्गत महानिदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तराखण्ड, देहरादून में भवन कार्यों हेतु श्रेणी डी (D) सिविल / विद्युत के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा प्रपत्र कार्यालय में दिनांक 27.12.2025 से 01.01.2026 तक (राजकीय अवकाश छोड़कर) निर्धारित मूल्य एवं पंजीकरण की छायाप्रति देकर कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी के निर्माण अनुभाग से प्रातः 10 बजे से सांय 04 बजे तक प्रत्येक कार्य दिवस में प्राप्त किया जा सकता है, तथा उक्त निविदायें दिनांक 02.01.2026 को 12:00 बजे से 01:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जायेंगी, तथा उसी दिन 02 बजे निविदा समिति एवं ठेकेदार एवं उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। समस्त निविदाओं को बिना कारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

निविदा पत्र एवं पात्रता सम्बन्धित शर्तों की जानकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी के निर्माण अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी उत्तरकाशी (निविदा विक्रय की तिथि) पर देखी जा सकती है। कराये जाने वाले कार्यों के आगणन कार्यालय में आकर देखे जा सकते हैं।कार्यों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र.म | कार्य का विवरण | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य GST सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डुण्डा में टाईप–4 के दो आवास में मरम्मत कार्य। | 9360.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डामटा में टाईप–2 के दो आवासों में मरम्मत कार्य। | 13950.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 3 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डामटा के मुख्य भवन से आवासीय भवनो तक पहुच मार्ग का कार्य। | 14640.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 4 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहमखाल के मुख्य भवन में मरम्मत एवं रंगाई–पुताई का कार्य। | 9690.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 5 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहमखाल में टाईप–1 के दो आवासों में मरम्मत कार्य। | 12120.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 6 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहमखाल में टाईप–4 के एक आवासों में मरम्मत कार्य। | 9630.00 | 500+90=590 | 45 दिन |
| 7 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रहमखाल में टाईप–2 के एक आवासों में मरम्मत कार्य। | 8130.00 | 500+90=590 | 45 दिन |

(डा0 बी०एस०रावत)
मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तरकाशी।

### बीएसएम इंटर कॉलेज की एनएसएस इकाई ने

# गंगनहर के घाटों पर चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इण्टर कॉलेज रुड़की के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के उत्साही स्वयंसेवकों ने गणेशपुर पुल स्थित गंगा घाट पर 'स्पर्श गंगा अभियान' के तहत एक व्यापक स्वच्छता अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस पहल का उद्देश्य गंगा नदी की पवित्रता और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके संरक्षण में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना था। सफाई अभियान प्रातः 11बजे शुरू हुआ, जिसमें छै के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने घाट के किनारे से प्लास्टिक कचरा, फूल-मालाएं और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम आदरणीय प्रबंधक महोदय श्री ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता और बी एस एस शिक्षण संस्थान के सचिव परम आदरणीय श्री रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गंगा केवल एक नदी नहीं है, यह हमारी सभ्यता और संस्कृति की जीवन रेखा है। हमें गर्व है कि हमारे छै स्वयंसेवकों ने 'स्पर्श गंगा अभियान' के माध्यम से इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया है। यह पहल दूसरों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगी। हमें नदी की स्वच्छता को



एक दैनिक जिम्मेदारी बनाना होगा। मुख्य अतिथियों ने कहा, ष्स्वच्छता ईश्वरत्व के निकट है। यह देखकर खुशी हुई कि हमारे छात्र न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों को भी निभा रहे हैं। 'स्पर्श गंगा अभियान' राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' को चरितार्थ करता है। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस तरह के प्रयास निरंतर जारी रहें।ष मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने छै इकाई और स्वयंसेवकों की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा, ष्हमारे छै छात्र समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। गंगा घाट की सफाई का यह कार्य केवल गंदगी हटाना नहीं है, बल्कि देश और पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मैं सभी स्वयंसेवकों को उनके अनुशासन और अथक परिश्रम के लिए बधाई देता हूँ। यह अभियान 'स्वच्छ भारत' मिशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सफल अभियान के माध्यम से बीएसएम शिक्षण संस्थान ने समाज को यह संदेश दिया है कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र निर्माण और पर्यावरण संरक्षण कार्य में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। छै इकाई भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। प्रधानाचार्य ने सभी छात्रों को अपना शुभ आशीर्वाद दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अमित कपिल एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जितेश कुमार, डॉ अभय ढौंडियाल, कमल मिश्रा, विनय वर्मा, पवन कपिल, मोहित और एन एस एस के छात्र उपस्थित रहे।

### कड़ाके की ठंड ने दी दस्तक

# दिन निकलते ही छाया रहा कोहरा, लोग घरों में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व पूरे ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को पूरे दिन घना कोहरा छाया रहा। पूरा दिन कोहरा पड़ने से इसका सबसे अधिक असर किसानों पर पड़ रहा है ।वही कोहरा पडने से यातायात के वाहनों की गति भी कम हो गई। पूरा दिन कोहरा पडने से सूर्य देव के भी दर्शन नहीं हो पाए ।कोहरा पडने से ठंड में भी इजाफा होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। झबरेड़ा व ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को पूरे दिन कोहरा पड़ने से इसका सीधा असर किसानों के काम पर पड़ रहा है। किसान सत्तर अहमद जयवीर प्रदीप कुमार राजेंद्र सिंह अनुज कुमार रोहित सत्येंद्र आदि का कहना है कि कोहरा अधिक आने से ठंड बढ़ गई है जिससे खेतों में काम करना परेशानी का सबब बन गया है। खेतों में किसानों को इस समय गन्ने की छिलाई करना तथा खेत में खड़ी गेहूं व सरसों आदि की फसल को पानी देना पड़ रहा है। पूरे दिन आसमान से कोहरे से ठंडी ठंडी फूहार सी पडने से खेतों में किसानों को काम करना महाभारत हो गया ।ठंड बढ़ने से पशुओं पर भी इसका असर पड़ रहा है ठंड के कारण पशुओं के शरीर से कप कपी छूटने से उनहे ठंड से बचाने के लिए पूरे दिन पशुओं को मकान के अंदर ही रखना पड़ा। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी। सड़कों पर चलने वाले वाहनों कि पूरे दिन लाइट जलती रही सबसे अधिक परेशानी दो पहिया वाहनों बाइक आदि पर चलने से लोगों को उठानी पड़ी तथा वाहनों की गति भी काफी धीमी रखनी पड़ी जिससे दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वहीं बुधवार को कस्बे में पूरा दिन कोहरा पडने से ठंड में इजाफा हो गया जिससे नगर पंचायत झबरेड़ा द्वारा ठंड से लोगों को राहत देने के लिए कस्बे के मुख्य बाजार व मुख्य चोराहो पर लकड़ी डालकर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी ने बताया कि बुधवार को पूरे दिन घना कोहरा पड़ने के कारण ठंड बढने से कस्बे के मुख्य बाजार शिव चौक अमर जवान चौक मोहल्ला छावनी रविदास मंदिर पुराना बाजार आदि स्थानों पर लकड़ी डालकर अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है जिससे आसपास व वहां से आने जाने वाले लोगों को आलाव में तापने का इंतजाम किया है।

# झूठी सूचना देना पड़ा भारी, 10 हजार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** डायल 112 नंबर आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग करने वाले पर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 10000 का चालान कर दिया। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 16 दिसंबर 2025 को डायल 112 नंबर के माध्यम से एक कालर द्वारा सूचना दी गई की कॉलर की बेटी को ससुराल वालों ने पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की गई जिसे एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना गंभीर अपराध की श्रेणी में होने के कारण पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर पाया गया की कालर शराब के नशे में है जिसके द्वारा 112 आपातकालीन सेवा का दुरुपयोग किया गया जिसके द्वारा गलत एवं झूटी सूचना 112 नंबर पर दी गई। प्रकरण में 112 पर झूठी सूचना देने के आरोप में धर्मेंद्र कुमार पुत्र राजपाल निवासी शेखपुरी कोतवाली लक्सर उम्र 44 वर्ष के विरुद्ध पुलिस अधिनियम की धारा 83 के अंतर्गत 10000 का चालान न्यायालय का किया गया तथा भविष्य में ऐसी गलती न करने की शक्तं हिदायत दे दी गई। उन्होंने कहा झूठी सूचना देने से वास्तविक जरूरतमंदो को सहायता मिलने में विलंब हो सकता है तथा दोषियों के विरुद्ध विधि कार्रवाई की जाएगी

# स्कूल में मतदाता जागरूकता पोस्टर प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा स्थित कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता तथा रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्पर्श गंगा कार्यक्रम आयोजित करते हुए जागरूकता रैली निकाली गई। कस्बा झबरेड़ा स्थित चौधरी भारत सिंह डीएवी इंटर कॉलेज में बुध वार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को लेकर पोस्टर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया तथा कस्बे में मतदाता जागरूक रैली निकली गई जागरूकता रैली कॉलेज से प्रारंभ होकर जटोल मार्ग होते हुए अमर जवान चौक मेन बाजार तथा मुख्य मार्ग शिव चौक से होते हुए कॉलेज में समापन किया गया इस दौरान लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया गया वहीं कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्पर्श गंगा दिवस पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती माँ की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलीत कर व लक्ष्य गीत के साथ प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने स्पर्श गंगा दिवस के इतिहास पर विस्तृत जानकारी दी गयी। कैप्टन सुशील कुमार आर्य द्वारा नदी को प्रदुषण मुम्त करने के अनेक सुझाव दिये गये।प्रधानाचार्य



ओम सिंह सैनी द्वारा गंगा बचाओं अभिमान के बारे में स्वयंसेवियों का ज्ञानवर्धन एवं मार्ग दर्शन किया। इसके साथ गंगा स्वच्छता पर गंगा स्वच्छता रैली निकालकर जागकक किया। इस अवसर पर प्रियांशी, कसफ, नबिया, शालू, निका, अंशिका गौतम, शिखा, तनु, रिमझिम, रितिका, मालम्बी, करुणा, प्रीति. विनती भारती, भारती, पूनराज सबिया, कसाफ, वंशिका, भूपशिपा मौनिस, आर्य,नेपाल, लखन, दीपाशु आदि स्वयमेवी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा एक सटोरियों को धर दबोच कर उसके पास से नगदी भी बरामद की है। विगत काफी समय से कस्बा बीटी गंज क्षेत्र में सट्टा जुआ सूचना प्राप्त हो रही थी जिसमें पूर्व में भी कार्यवाही की जा चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंग नहर द्वारा बीटी गंज क्षेत्र मे एक टीम निकालकर सट्टे की खाई बाड़ी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे निर्देश में गठित टीम द्वारा अभियुक्त जावेद पुत्र वारिश अली निवासी ढण्डेरा फाटक रुड़की कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार को सट्टा डायरी पेन व नगदी 1130 रुपए के साथ नया पुल के पास यात्री शैड रुड़की के पास से गिरफ्तार किया गया।

### नए विधेयक पर तत्काल रोक लगाने की मांग

# कांग्रेसियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर में आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह पूर्व विधायक तस्लीम अहमद जिला पंचायत मेंबर संजय सैनी जगदेव सिंह एवं जग्गी पूर्व अध्यक्ष चौधरी सतवीर सिंह सनव्वर राजा गुफरान अंसारी शादाब अली फिरोज सिद्दीकी अजीत सिंह अखिल हसन आदि दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से पत्र भेजकर महामहिम राष्ट्रपति से मांग की है कि बीजेपी सरकार द्वारा पेश किए गए नए विधेयक पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना(मनरेगा) का नाम बदलकर अन्य नाम पर रख दिया है साथ ही उसके स्वरूप में कई तरह के बदलाव किए हैं जिससे गांव देहात में रहने वाले गरीब लोगों की रोजगार गारंटी पर प्रभाव पड़ेगा जिससे गरीबों की रोजगार गारंटी खतरे में पड़ जाएगी इससे उन लोगों के अधिकारों का हनन होगा जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना (मनरेगा) के तहत रोजगार पा रहे थे ऐसे में पेश किए गए बिल पर रोक लगाना समाज हित में होगा



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर बीजेपी ने अपनी मनमानी की तो कांग्रेस पार्टी इस लड़ाई को सड़क से सदन तक लड़ेगी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीजेपी उत्तराखंड मुख्यमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

# मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के तत्वाधान में मनरेगा योजना के नाम बदले जाने को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा धरना प्रदर्शन एवं मौन धारण कर नाम बदले जाने का विरोध किया गया। आज जिला कांग्रेस कमेटी रुड़की के अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी एडवोकेट के नेतृत्व में तथा डॉक्टर हरविंदर सिंह जी की अध्यक्षता में गांधी वाटिका स्थित गांधी मूर्ति के नीचे मनरेगा योजना का नाम बदलकर वीबी राम जी रखने का जो फैसला केंद्र सरकार द्वारा किया गया है उसको लेकर कांग्रेस जनों ने केंद्र सरकार का विरोध करते हुए नारेबाजी की तथा 5 मिनट का मौन रखकर गांधी जी को समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्ण हज कमेटी अध्यक्ष राव शहर मोहम्मद ने केंद्र सरकार को निकम्मी एवं भ्रष्ट सरकार कहते हुए कहा कि भाजपा से और उम्मीद ही क्या कर सकते हैं। इस अवसर सलीम खान, राजकुमार सैनी ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर वैभव सैनी, मुल्की राज सैनी, हेमेंद्र चौधरी, नीरज अग्रवाल, नीरज सैनी, मिंटू जायसवाल, डॉ अता उर रहमान, पार्षद छोटे भाई



फजलुर्रहमान, गौरव प्रधान, जाकिर हुसैन, नसीर अहमद, मकसूद हसन, उम्मेद गाजी, सुभाष शर्मा जी, सुधीर चौधरी, कमल मित्तल वंश आदि मौजूद रहे।

# महिला अकाउंटेंट ने लगाया छेड़खानी व दुष्कर्म का आरोप, मुकदमा दर्ज, पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** एक युवती द्वारा बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति के खिलाफ जिसके यहां युवती अकाउंटेंट का काम भी करती थी छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया गया है। रुड़की निवासी युवती मुस्कान द्वारा बुधवार सुबह थाने में तहरीर देकर बताया कि वह ग्राम शेरपुर निवासी सुधीर पुत्र मामचंद जिसने गांव से कुछ दूरी पर अपने खेत में गन्ना करेशर संचालित कर उसमें गुड शक्कर व खाँड आदि बनाने का कार्य करता है। इसी करेशर में वह अकाउंटेंट का कार्य करती है। मंगलवार देर शाम मुझे उक्त करेसर मालिक सुधीर अपनी कार में बैठा कर कुछ काम के बहाने से मोदीनगर उत्तर प्रदेश लेकर गया था ।वहां पर उक्त द्वारा उसके साथ छेड़छाड़ व दुष्कर्म का प्रयास किया गया। छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने का विरोध करने पर उसे बाद में देख लेने की धमकी भी दी गई। उक्त द्वारा खतरा होने पर उसने अपने परिजनों को अपनी लाइव लोकेशन लगाकर भेज दी गई। लाइव लोकेशन मिलते ही युवती के परिजनों द्वारा उक्त व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास भी किया गया ।उक्त आरोपी व्यक्ति यवती को रात में ही उसके घर के पास अपनी कार से छोड़ने के बाद अपने गांव शेरपुर खेल मऊ वापस आ गया ।थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर उक्त आरोपी युवक के खिलाफ छेड़छाड़ वह दुष्कर्म करने का प्रयास करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# पुलिस ने एक चोर दबोचा, जेवरात चोरी का सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन पुलिस ने चोरी के सामान सहित एक युवक को दबोच लिया है। उसकी निशानदेही पर सारा सामान बरामद कर लिया है। मुकदमा रईश अहमद पुत्र असगर निवासी ग्राम बेलडा रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार की लिखित तहरीर बाबत घटना दो व्यक्तियो के द्वारा वादी के घर का ताला तोडकर अ अन्दर आलमारी का तोला तोडकर सोने व चादी के जेवरात चोरी करे ले जाने के सम्बन्ध मे पंजीकृत किया गया। चोरी की घटना का संज्ञान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्वंय लिया गया और घटना का अनावरण हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के पर्यवेक्षण मे श्रीमान क्षेत्राधिकारी रूडकी महोदय के दिशा निर्देशन मे प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय कोतवाली रूडकी द्वारा अपर उ0नि0 नरेन्द्र सिह राठी के नेतृत्व मे पुलिस टीमो का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुये टीम को रवाना किया गया। घटना का अनावरण हेतु पुलिस टीम के द्वारा सीसीटीवी फुटेज व मुखबिरान को मामूर किया गया जिसके क्रम मे अभियुक्त 1. अमजद पुत्र शमशेर निवासी ग्राम बेलडा कोतवाली रूडकी 2. सादाब पुत्र नफीस निवासी ग्राम बेलडा कोतवाली रूडकी जिला हरिद्वार उम्र 18 वर्ष को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से चोरी का समान पीली व सफेद धातु के जेवरात बरामद हुये है। अभियुक्तगण को मा0न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# गाधारोणा में दिन रात दौड़ रहे खनन से भरे वाहन, आमजन में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** गाधारोणा व बुक्कनपुर गांव में दिन रात हो रहे रहे अवैध खनन तथा खनन से लदे ट्रैक्टर ट्रालियों के गांव के बीच से गुजरने से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार की रात खनन से लदे वाहनों को रोक लिया। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा खनन कारोबारियों को भविष्य में खनन से लदे वाहन आबादी के बीच से ना गुजरने की चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है। गाधारोणा व बुक्कनपुर में सैकड़ों बीघा सरकारी जमीन है। ग्रामीणों के मुताबिक दोनों स्थानों पर कुछ खनन कारोबारीयों द्वारा ईट भट्टो के नाम पर जेसीबी मशीन से बड़े पैमाने पर बालू रेत का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े पैमाने पर खनन होने से उनके खेतों के आस पास



गहरे गड्ढे होने से भूस्खलन होने का खतरा बना हुआ है। वही दिन रात खनन से लदे ट्रैक्टर ट्रालियों के गांव के बीच से गुजरने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है। मंगलवार की रात गांव के बीच से दौड़ते अवैध खनन से लदे वाहनों को लेकर ग्रामीणों के सब्र का बांध टूट गया। गुस्साए ग्रामीणों ने खनन से लदे ट्रैक्टर ट्रालियों को रोककर ग्रामीणों ने विरोध प्रकट किया। ग्रामीण उस्मान अली, शहदुल जमा, रिजवान, कुर्बान, आसिफ,वसीम, पूर्व बीडीसी मुरसलीन, शहनवाज,मोहज्जम, गुलजार आदि लोगों का कहना है कि स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते ही गाधारोणा व बुक्कनपुर में अवैध खनन का कारोबार चरम पर है। अवैध खनन की रोकथाम को लेकर ग्रामीणों ने सीएम पोर्टल पर भी शिकायत की है।

# एपीएस-1 एथलीट मीट में खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की के तत्वाधान में बी0 ई0 जी0 एंड सेंटर पवेलियन रुड़की में इंटर हाउस एथलीट मीट के द्वितीय और तृतीय दिवस भी खिलाड़ियों का उत्साह निरंतर बना रहा। आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 अपनी स्थापना के 35 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अपना वार्षिक उत्सव खेल दिवस के रूप में मना रहा है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेल तथा प्रतियोगिताओं का बहुत योगदान होता है। इसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए विद्यालय के चारों सदन अशोक, हर्ष, कनिष्क तथा शिवाजी के विद्यार्थियों के मध्य विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जा रहा है। खेलोत्सव के द्वितीय तथा तृतीय दिवस अंतर सदनीय प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-200 मीटर बालक वर्ग (अंडर 10,14 17, 19) में क्रमशः अभिनंदन, अक्षित,गुलशन,सादिक, रोहन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। धैर्य, हार्दिक, सहान, रानू, और उमंग ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पीयूष, आयुष्मान, अनमोल, लक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालिका वर्ग (अंडर10,14 17, 19) में क्रमशः आरुषि, प्रियांशी, आस्था और इशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अदिति, आनिया, रीतलाल, रौनक तथा यामिनी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। परिधि, अंशिका



अनिष्का,पारुल आरुषि निशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले रेस बालक वर्ग (अंदर-19) में क्रमश : साहिल उमंग आयुष लक्षित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ध्रुव, अनिमेष, आराध्या तथा भावेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आदर्श, अनुराग, हर्षित तथा रितेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रिले रेस बालिका वर्ग (अंडर 14, 17,19) में क्रमश : जिया, काव्या, निधि तथा रेसी रितिका,सोनल, आस्था तथा शगुन यामिनी, निशा, ऋषिका तथा शगुन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दिव्यांशी, आरोही, श्राविका तथा दीक्षा रौनक, किरण,मानवी तथा नैना इशिका, रितिका, वंशिका, आकांक्षा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रीतलाल,सोनाक्षी,ज्योति, आस्था,अनाया, सना, सरिता, प्रगति, भूमिका, दीपिका, आरुषि तथा खुशबू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शॉर्ट पुट अंडर 19 बालक वर्ग में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान क्रमशः वंश, साहिल तथा कृष ने प्राप्त किया। लॉन्ग पुट (अंडर 17) बालक वर्ग में सादिक, हरि ओम, अभिनव ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप (अंडर17, 19) बालिका वर्ग में रितिका,इशिका ने प्रथमविनीता, यामिनी ने द्वितीय सोनल, प्रमिला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।400 मीटर रेस (अंडर 17, 19) बालिका वर्ग में क्रमशः हीर तथा निशा ने प्रथम; रौनक तथा अनुष्का ने द्वितीय; आस्था और देविका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।400 मीटर रेस (अंडर 19) बालक वर्ग मेंरोहन, अनुराग, उमंग ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया ।800 मीटर रेस (अंडर 17, 19) बालक वर्गअनमोल दिव्यांशु ने प्रथम; हिमांशु भावेश ने द्वितीय; ऋषभ नवनीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अंत में विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट तथा मेडल प्रदान किए गए।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर चार गिरफ्तार


**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने पर दो जगह से चार लोगों को गिरफ्तार किया है। 112 की प्राप्त सूचना प्राप्त हुई की दलीप स्व0 विजयपाल निवासी खेडा बेलडा कोतवाली रूडकी जिला हरि0 घर में मारपीट झगड़ा कर रहा है इस सूचना पर करमगढ़ मौके पर गए तो दिलीप उपरोक्त अपने परिजन के साथ झगडा कर रहा था जिसको पुलिस कर्म0गण द्वारा मौके पर काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया, परन्तु दिलीप को शांतिभंग करने पर पकड लिया। वहीं चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति / वाहन थाना क्षेत्र में रवाना थे , दौराने गस्त सूचना प्राप्त हुई कि आवास विकास कॉलोनी रुड़की में झगड़े की सूचना है, मौके पर जाकर देखा तो एक व्यक्ति दीपक मित्तल पुत्र स्वर्गीय मदन लाल मित्तल निवासी आवास विकास कॉलोनी रुड़की कोतवाली गंग नहर जनपद हरिद्वार द्वारा शिवम कुमार के साथ आमदा फसाद हो रहा था, जिसे हम कर्मचारी गणों द्वारा काफी समझाया गया किंतु नहीं मानने पर शांति व्यवस्था भंग में दोनों का चालान कर दिया।

# दिल्ली में प्रदूषण

सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण का संकट कम होने का नाम नहीं ले रहा है। हालात इस समय इतने गंभीर हो चले हैं कि सुप्रीम कोर्ट को भी दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण संकट पर आई याचिकाओं पर सुनवाई करनी पड़ रही है। बुधवार को सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में वायु प्रदूषण पर कई अहम सुझाव दिए। उसने एनएचएआई और एमसीडी को दिल्ली की सीमाओं पर बने 9 टोल प्लाजा को स्थायी रूप से बंद करने या स्थानांतरित करने पर विचार करने को कहा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति बागची और न्यायमूर्ति पांचोली की पीठ ने दिल्ली सरकार की एक याचिका पर एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण दिया। जिसमें दिल्ली में केवल ऐसे वाहनों को चलने की अनुमति देने की बात कही, जो बीएस 4 उत्सर्जन मानक या उससे ऊपर की श्रेणी की हों। इसका मतलब है कि न्यायालय अब इस निर्णय के बाद अधिकारी उन पुराने वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर सकेंगे जो बीएस 4 मानकों को पूरा नहीं करते हैं। इस तरह न्यायालय ने अपने ही पुराने आदेश में संशोधन किया है जो उसने 12 अगस्त को दिया था। तब उसने राजधानी क्षेत्र में दस साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर रोक लगा दी थी। कोर्ट के इसी फैसले से संशोधन के लिए दिल्ली सरकार ने एक याचिका दायर की थी, जिसमें पुराने वाहनों पर कार्रवाई की अनुमति मांगी गई थी। पीठ का यह कहना बिल्कुल सही है कि केवल प्रोटोकॉल तैयार करने के बजाए मौजूदा उपायों को ढंग से लागू करने की जरूरत है, क्योंकि इन प्रोटोकॉल का ढंग से पालन नहीं किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने मजदूरों की भी सुध लेते हुए दिल्ली सरकार को प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों की जांच करने और उनके खातों में पैसे भेजने का निर्देश दिया। इतना ही नहीं कोर्ट का यह भी कहना था कि प्रतिबंधों के कारण बेकार बैठे निर्माण श्रमिकों को वैकल्पिक काम उपलब्ध कराने पर विचार करना चाहिए। इस पर दिल्ली सरकार ने अपनी सफाई भी दी और कहा कि ढाई लाख निर्माण श्रमिकों में से 7 हजार का सत्यापन हो चुका है और उनके खातों में धनराशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। हालांकि वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एक छोटी सी नसीहत भी दे डाली और कहा कि श्रमिकों के खातों में भेजा गया पैसा गायब नहीं होना चाहिए। न किसी अन्य खाते में चले जाना चाहिए। टोल प्लाजाओं पर जाम को लेकर दिल्ली सरकार सख्त के साथ-साथ नाराज भी दिखी और कहा कि कल को दिल्ली सरकार कनॉट पैलेस में टोल प्लाजा बना देगी, क्योंकि उसे पैसे चाहिएं। सीजेआई ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को 9 टोल प्लाजा कुछ समय के लिए बंद किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर यह साबित किया है कि सरकार से ज्यादा उसे आम आदमी के हितों की चिंता है।

## राजनीतिक प्रतिशोध के चलते कार्यवाही



गांधी परिवार के सामने जो कानूनी चुनौतियां पेश की जा रही हैं, उनमें कोई दम नहीं है और वे विशेष रूप से राजनी. तिक विरोधियों को परेशान करने के लिए बनाई गई हैं, कार्यवाही के शुरुआती चरणों में प्राथमिकी का न होना यह साबित करता है कि आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है, केन्द्र सरकार यह सब राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रही है, चल रही कानूनी कार्यवाही सुनियोजित राजनीतिक प्रतिशोध है, यह केस सिर्फ गांधी परिवार को परेशान करने के लिए है, इस मामले में कोई प्राथमिकी नहीं है। हमारा नारा सत्यमेव जयते है और हम इस मामले में आए फैसले का स्वागत करते हैं, ईडी ने औपचारिक प्राथमिकी के बजाय निजी शिकायतों के आधार पर जांच शुरू की थी।

**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

# तो क्या सांप्रदायिक घटनाओं के बीच होगा नेपाल में चुनाव





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में जिस तेजी से हिंदू वादी संगठनों की सक्रियता बढ़ रही है उससे ऐसा लगता है कि या तो मार्च में होने वाला चुनाव स्थगित हो जाए या फिर आतंकवाद के साए में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हो। चुनाव की तैयारी में जुटे राजनीतिक दलों ने ऐसी आशंका जताई है। प्रतिनिधि सभा के निवर्तमान एमाले सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता की मानें तो नेपाल में राज संस्था के पक्ष में माहौल बनाने में हिंदू वादी संगठन तेजी से सक्रीय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि यह आसान नहीं है और न ही संभव लेकिन इन संगठनों का आंदोलन यदि तेज हुआ तो मार्च में होने वाला चुनाव जरूर बाधित हो सकता है। बता दें कि नेपाल की अंतरिम सरकार ने सत्ता संभालते ही मार्च में चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया था। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की अपने वादे पर कायम रहते हुए चुनाव की तैयारी हेतु लगातार चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठकें करने में व्यस्त हैं। इसी के साथ नेपाल के राजनी. तिक दलों की भी सक्रीयता बढ़ी है। कम्युनिस्ट दलों ने आपस में विचार-विमर्श कर एक मंच पर आने की पहल भी शुरू कर दी है। पूर्व प्रधान मंत्री केपी शर्मा ओली ने चुनाव बहिष्कार का फैसला किया था, लेकिन अब वे भी तैयार हो गए हैं। हाल ही अप्रत्यक्ष रूप से उन्होंने भारत पर निशाना साधकर स्पष्ट कर दिया है कि उनके चुनाव का मुख्य एजेंडा भारत विरोध ही रहेगा। ओली यदि अपने इसी रुख पर अड़े रहे तो उनका प्रचंड के साथ तालमेल शायद संभव न हो। प्रचंड भारत से किसी विवाद का हल बातचीत से चाहते हैं न कि बयानबाजी से। जेन जी आंदोलन के दौरान सभी दलों के शीर्ष नेता अपमानित हुए हैं। किसी को सरेआम मारा पीटा गया तो किसी का घर जला कर राख कर दिया गया। इसके बाद बड़े दलों ने एकजुटता की जरूरत महसूस की। कम्युनिस्ट दलें जहां एक मंच पर आने का संकेत दिया वहीं नेपाली कांग्रेस भी छोटे छोटे दलों के साथ एक अलग मंच बनाने में दिलचस्पी दिखाई। फिलहाल अभी न तो प्रचंड,ओली के एक मंच पर आने की तस्वीर साफ हुई है और न ही नेपाली कांग्रेस के साथ छोटे दलों की ही तस्वीर साफ हुई है लेकिन इसे लेकर कयासबाजी का दौर जारी है। मार्च में संभावित चुनाव के पहले नेपाल के विभिन्न इलाकों से सांप्रदायिक घटनाओं ने नेपाल के अंता. रम सरकार की चिंता बढ़ा दी है। इस बार राजा वादी शक्तियां हिंदुत्व और राज संस्था कि बहाली के लिए आर-पार की जंग की तैयारी में हैं। नेपाल के विभिन्न क्षेत्रों में हाल की सांप्रदायिक घटनाओं पर गौर करें तो कार्की सरकार की तरफ से इसे रो. कने का कोई प्रयास सामने नहीं आया। चुनाव की तैयारी में सक्रिय नेपाल के राजनीतिक दलों में इस बात को लेकर चिंता है कि जेन जी आंदोलन की भांति यह चुनाव भी कहीं हिंदूवादी संगठनों के उग्र आंदोलन की भेंट न चढ़ जाए? पिछले दिनों मध. ेश प्रदेश सरकार के मदरसा विल मंजूर करने को लेकर हिन्दू संगठनों ने जिस तरह उग्र विरोध किया उससे यह संकेत मिलता है कि चुनाव नजदीक आते ही इस तरह के आंदोलन और तेज होंगे। मध. ेश प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री सरोज कुमार ने सदन में इस विल को ऐसे समय मंजूरी दी जब वे खुद ही सदन में विश्वासमत हासिल करने में विफल हो गए थे।

हिंदू वादी संगठन इसे मधेश में मुस्लिमों को बढ़ावा देने वाला कदम बताया। प्रदेश सभा में मदरसा विल पारित करने की घोषणा के बाद जनकपुर धाम सहित पूरे मधेश प्रदेश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। विश्व हिन्दू परिषद नेपाल, नेपाल हिन्दू स्वयंसेवक संघ, नेपाल हिन्दू सेना सहित कई हिंदू संगठनों ने जगह जगह टायर जलाकर प्रदर्शन किया तथा मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। एकाध जगह प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच झड़प भी हुई । हिन्दू संगठनों का मानना है कि पूरे नेपाल में 90 प्रतिशत हिन्दू आबादी हैं। हिन्दू गुरुकुल के लिए सरकार कुछ नहीं करती, वहीं मदरसों को आधुनिक भवन, मौलवियों को सरकारी शिक्षक की तरह वेतन और उसमें पढ़ने वाले मुस्लिम छात्रों को सरकार की ओर से भोजन आदि की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मधेश क्षेत्र में मदरसा विल के बहाने हिंदू संगठनों का प्रदर्शन लगातार चल रहा है। नेपाल में इन दिनों हिंदू सम्राट सेना नामक नया हिंदू संगठन तेजी से पांव पसार रहा है।

पिछले दिनों इस संगठन ने भी मुस्लिम आयोग खारिज करने की मांग को लेकर कई जिलों में जबर्दस्त प्रदर्शन किया। यह संगठन हिंदू राष्ट्र और राज संस्था की भी मांग कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना ने नेपाल को रोहिंग्या से भी खतरा बताया है। यह संगठन नेपाल में रोहिंग्या की गहन खोज के साथ उन्हें बाहर निकालने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है। हिंदू सम्राट सेना के केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्ण सनातनी के नेतृत्व में नेपाल के विभिन्न जिलों में हिंदू हितों की मांग को लेकर आंदोलन की रूपरेखा तय की गई है। नेपाल के तराई में सक्रिय एक हिंदू नेता ने बताया कि आगामी मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव तक नेपाल के कोने कोने तक हिंदुत्व की अलख जगाने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में नेपाल के समस्त हिन्दू संगठन एक मंच पर आकर मुस्लिम विरोधी मुहिम को और धार देंगे ताकि नेपाल का 90 प्रतिशत हिंदू एक होकर राज संस्था के समर्थन में खड़ा हो। इधर नेपाल में तेजी से फैल रहे सां. प्रदायिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए नेपाल मदरसा संघ के उपाध्यक्ष मौलाना मशहूद खां नेपाली ने कहा कि दुनिया में नेपाल सदैव गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। दशकों तक हम राजशाही के अधीन रहे हैं। यहां के मुसलमानों को न तब दिक्कत थी और न आज ही है लेकिन इधर नेपाल में जिस तरह हिंदू संगठनों की सक्रियता बढ़ी है तथा उनके उग्र आंदोलनों को सरकारी शह मिल रहा है, उससे ऐसा लगता है कि हिमालय जैसे शांत इस नन्हें राष्ट्र में भी सांप्रदायिकता का जहर घोलने वाली शक्तियां तेजी से पांव फैला रही है। ए जहरीली शक्तियां अपने मकसद में कामयाब हो गई तो नेपाल और यहां के जनमानस चाहे वह हिंदू मुस्लिम हों या पहाड़ी मधेश हों, किसी के लिए भी ठीक नहीं है। कार्की सरकार को इसे हर हाल रोकना होगा वरना मार्च में होने वाले प्रतिनिधि सभा के चुनाव में ग्रहण लगना तय है।

# सर्दियों में रूखे हाथों की ऐसे करें देखभाल

**स्नान से पहले हाथों पर गुनगुना तेल लगाकर हाथों पर अच्छी तरह मालिश कीजिए जिससे हाथों की त्वचा मुलायमध्कोमल हो जाती है। इसके लिए आप नॉरियल तेल तिल जैतून या बादाम तेल का उपयोग करे तो ज्यादा बेहतर होगा। नहाने के तत्काल बाद जब आपकी त्वचा गीली हो तो हाथों पर मॉइस्चराइजर क्रीम लगा लीजिए जिससे त्वचा में नमी को बनाए रखने में मदद मिलेगी, बादाम, दही और चुटकी भर हल्दी डालकर बने मिश्रण को हाथों पर लगाकर 30 मिनट बाद हाथों को ताजे ठंडे पानी से धो डालिए। इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में दो बार अपना सकते हैं। रात्रि को सोने से पहले हाथों पर पौष्क क्रीम की हल्के मालिश करने के बाद सो जाइए। हाथों की त्वचा को मुलायम बनाए रखने के लिए आप कुछ घरेलू हर्बल प्रसाधनों की मदद भी ले सकती है।**




शहनाज हुसैन

मौसम कोई भी हो लेकिन हाथ दिन रात लगातार काम करते हैं हाथों की त्वचा मौसम की मार ,धूल, साबुन, पानी को लगातार सहते हुए रूखी और बेजान हो जाती है और सर्दियों में यह समस्या सबसे ज्यादा गंभीर रूप धारण कर लेती है गृहणी और कामकाजी दोनों महिलाओं के हाथ दैनिक दिनचर्या के दौरान बार बार साबुन और डिटर्जेंट के सम्पर्क में आते हैं आजकल कोरा. ेना काल में बार-बार सैनीटाइजर के सम्पर्क में आने से हाथों को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है जिसकी बजह से हाथों की त्वचा रूखी और बेजान हो जाती है।

सर्दियां शुरू हो चुकी हैं और तापमान अपने न्युनतम स्तर पर जा रहा है। सर्दियों में हम जहां शरीर के बाकि हिसों को ढक कर रखते हैं तथा गर्म कपड़े, स्वेटर, शाल आदि ओढ़ लेते हैं, लेकिन हमारे हाथ लगातार मौसम की मार झेलते हैं जिससे हमारे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। आप चाहे कामकाजी महिला हों या होम मेकर, आपके हाथ हर मौसम में सबसे ज्यादा खुले रहते हैं जिससे अन्य अंगों की बजाय हाथ सबसे ज्यादा सूखे होते हैं। सर्दियों में बाताबरण में नमी और बर्फीली हवाओं से आप के हाथ शुष्क और खुरदरे हो जाते हैं ध्वातावरण में अचानक बदलाव से हाथों की त्वचा प्रभावित होती हैं। सर्द ऋतु की तेज बर्फीली हवाओं से त्वचा शुष्क होने के साथ ही हाथों का फटना भी शुरू हो जाता है। ऐसे में सवाल उठता है की इस ठन्डे मौसम में हाथों कीबाहरी संवेदनशील त्वचा में जलन, खुजली, सूखापन, एक्जिमा, डर्मेटाइटिस आदि बीमारियों को कैसे रोका जाए, मेरा यह मानना है की साबुन, केमिकल, डिटर्जेंट और अलकोहल आधारित सैनी टाइजर का हाथों पर बार बार प्रयोग करने से हाथों की ऊपरी त्वचा में प्रोटीन को नुकसान पहुंचेगा, जिससे हाथ लाल, खुरदरे, सूखे, बेजान और मुरझाए दिखने लगते हैं। इनके ज्यादा प्रयोग से आपके हाथों में कट घाव लग सकते हैं जिससे बैक्टीरिया हमारी त्वचा में प्रवेश कर सकता है जिससे एक्जिमा जैसे रोग घर कर सकते हैं। आपके हाथों में झुनझुनी का अहसास हो सकता है और त्वचा फफोलेदार और पीड़ा दायक हो सकती है वास्तव में हाथों की पिछली ओर की त्वचा काफी पतली होती है तथा इसमें तैलीय ग्रन्थियों की कमी रहती है जिसकी वजह से हाथों में झुर्रियां पड़ जाती हैं। आजकल कोरोना काल में बार-बार साबुन सैनी टाइजर से हाथ धोने से नाखुन भी शुष्क होकर भुरभुरे हो जाते हैं तथा नीरस होकर आसानी से टूट जाते हैं। हमारे हाथों की बाहरी परत की त्वचा वॉटरप्रूफ बैरियर की तरह काम करती है । यह परत समतल कोशिकाओं से बनी होती है जोकि त्वचा की सामान्य नमी को बनाए रखते हुए त्वचा की बाहरी पदार्थों से रक्षा प्रदान करती है। जब हम हाथों को साबुन को झाग सैनी टाइजर से बार-बार धोते हैं तो यह प्रकृतिक बैरियर टूट जाता है तथा हाथों की त्वचा को नुकसान पहुंचना शुरू हो जाता है तथा ऐसे में हाथों की त्वचा की रक्षा करना अनिवार्य हो जाता है। सबसे पहले यह सुनिश्चित करें कि हाथ धोने के बाद उन्हें अच्छी तरह सूखने दें तथा हाथ सूखने के बाद ही हैंड क्रीम लगाएं। हाथों के अच्छी तरह सूखने से बैक्टीरिया और वायरस दोनों मर जाते हैं, जबकि गीली त्वचा से इनके फैलने का खतरा बढ़ जाता है। इसके इलाबा सिंगल यूज नैपकिन का प्रयोग करें क्योंकि एक ही कपड़े से बार-बार हाथ पोंछने से बैक्टीरिया के फैलने का खतरा बढ़ सकता हैं। हाथ सूखने के बाद त्वचा पर जैल या खुशबू रहित हैंड क्रीम उपयोग में लाएं या आप मॉइस्चराइजिंग मास्क भी अप्लाई कर सकते हैं सर्दियों में शावर जैल या ग्लिसरीन युक्त साबुन का प्रयोग बेहतर होगा। सबसे पहले सुबह के स्नान के समय हाथों को आयॅल तथा माईस्चराईज करने की शुरुआत करनी चाहिए। कच्चे दूध की मालिश हाथों को कोमल बनाए रखने में काफी मददगार साबित होती है कच्चे दूध को निकालकर फ्रिज में रख लीजिए और जब भी समय मिले तो हाथों पांवों पर मल कर धीरे धीरे मालिश करें ध्इससे त्वचा मुलायम होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा पर संकट






निर्मल रानी

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारतवर्ष में दुनिया की सबसे जटिल समझी जाने वाली चुनावी प्रक्रिया को अपनाने व इसे पूरा कराने को लेकर जिस केंद्रीय चुनाव आयोग की पीठ पूरी दुनिया थपथपाया करती थी व दुनिया के विभिन्न देशों के संसदीय प्रतिनिधिमंडल व चुनाव विशेषज्ञ जिस भारतीय चुनाव संचालन को देखने व समझने के लिए अब भी भारत आते रहते हैं वही चुनाव व चुनाव आयोग इन दिनों विपक्षी दलों के अति गंभीर आरोपों से जूझ रहा है। चुनाव आयोग व इस तरह के कई अन्य केंद्रीय संस्थानों पर सत्ता का पक्षपात करने के आरोप तो पहले भी लगते रहे हैं। परन्तु वर्तमान चुनाव आयोग जिसतरह सत्ता को फायदा पहुंचाने वाले नए नए चुनावी नियम बना रहा है,विपक्ष की प्रमाण सहित दी जाने वाली शिकयतों की अनसुनी कर रहा है,सत्ता द्वारा चुनाव आचार संहिता की धज्जियां उड़ाने के बावजूद आंखें मूंदे बैठा रहता है,और अब एस आई आर के बहाने कथित तौर पर जहां करोड़ों फर्जी मतों को जोड़ने की कोशिश की जा रही है वहीं संभावित रूप से विपक्ष की ओर जाने वाले मतों को चिन्हित कर उन्हें किसी न किसी बहाने से मतदाता सूची से काटने का काम किया जा रहा है। यानी स्पष्ट रूप से लोकततंत्र में लोक के मताधिकार पर श्डाका श डाला जा रहा है।

वैसे तो पूरा विपक्ष ही चुनाव आयोग को केवल संदेह नहीं बल्कि सत्ता से मिलकर संविधान के साथ विश्वासघात किए जाने की दृष्टि से देख रहा है। लोक सभा व राज्य सभा के सर्वोच्च सदनों में चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा है। परन्तु नेता विपक्ष राहुल गांधी ने तो चुनाव आयोग द्वारा की और कराई जाने वाली धांधली पर तो बाकायदा शोध कर डाला है और वे अपने इस चुनाव धांधली सम्बन्धी शोध परिणाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदर्शित करने से लेकर जनता जनार्दन के बीच सड़कों व गलियों तक पहुंच रहे हैं। इस संबंध वे अब तक 4 प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वोट चोरी के पूरे सबूत पेश कर चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे अगस्त-सितंबर 2025 के बीच बिहार में 16 दिनों की 1,300 किमी लंबी वोटर अधिकार यात्रा भी SIR के विरुद्ध निकाल चुके हैं। इसके अलावा 200 से अधिक सांसदों व विधायकों के साथ वे 11 अगस्त 2025 को दिल्ली में मुख्य चुनाव आयुक्त मुख्यालय तक एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन रूपी पैदल मार्च भी कर चुके हैं। एक ओर तो राहुल चुनाव आयोग द्वारा उपलब्ध कराए गए डेटा के अनुसार ही आयोग द्वारा बरती गई अनियमितताओं संबंधी साक्ष्य पेश करते हैं तो दूसरी ओर चुनाव आयोग कभी इन आरोपों को बेबुनियाद बता कर अपना पल्ला झाड़ लेता है तो कभी उल्टे राहुल से ही शपथ-पत्र मांगने लगता है परन्तु लगता है कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी ने तो गोया चुनाव आयोग को पूरी तरह बेनकाब करने का संकल्प ही कर लिया है। गत 14 दिसंबर को दिल्ली के रामल. ीला मैदान में कांग्रेस ने एक विशाल रैली आयोजित की। वोट चोर, गद्दी छोड़ के शीर्षक से किए गए इस आयोजन में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने देशभर से लाखों कार्यकर्ता जुटाए। इस रैली का भी मुख्य उद्देश्य हरियाणा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में हाल के विधानसभा चुनावों में कथित ष्वोट चोरीष और मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाना था। इस विशाल रैली में भी कांग्रेस ने भाजपा और चुनाव आयोग पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाते हुए लोकतंत्र तथा संविधान की रक्षा का संकल्प लिया। इस तरह की किसी रैली में यह पहला मौका था जब कि सीधे तौर पर सबसे तीखा हमला मुख्य चुनाव आयुक्त और उसके दो आयुक्तों पर बोला गया। सांसद प्रियंका गांधी ने एक बार और राहुल गांधी ने तो दो बार अपने भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी का नाम लेकर उनपर सीधे निशाना साधा। इन नेताओं ने उनका नाम लेते हुए आरोप लगाया कि श्चुनाव आयोग भाजपा सरकार के साथ मिलकर काम कर रहा है, वोट चोरी को संरक्षण दे रहा है तथा आयोग निष्पक्ष नहीं है। ए लोग नहीं भूलें कि वे देश के चुनाव आयुक्त हैं, नरेंद्र मोदी के नहीं। राहुल ने यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव आयुक्तों को कानूनी सुरक्षा इम्यूनिटी देने वाला कानून बदला है, ताकि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस सत्ता में आने पर इस कानून को बदलेगी और आयुक्तों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यहां भी राहुल ने दोहराया कि ष्चुनाव आयोग असत्य के साथ खड़ा नजर आ रहा है। उन्होंने बताया कि कैसे हरियाणा में चुनाव चोरी हुआ, किस तरह कर्नाटक में लाखों वोट डिलीट हुए और महाराष्ट्र में फर्जी वोट जोड़े गए परन्तु चुनाव आयोग ने कोई जवाब नहीं दिया। यहां भी राहुल ने चुनावी धांधलियों के कई और उदाहरण पेश किए। यही नहीं बल्कि राहुल गांधी द्वारा देश भर से चुनाव आयोग के विरुद्ध लगभग 6 करोड़ हस्ताक्षर कराए गए हैं। यह अभियान कथित वोट चोरी के आरोपों के खिलाफ चलाया गया था, और इन हस्ताक्षरों को राष्ट्रपति को सौंपने की योजना है। इन 6 करोड़ हस्ताक्षर को भी 14 दिसंबर 2025 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ रैली के दौरान प्रदर्शित किया गया। इसी रैली में कांग्रेस के कई प्रमुख राष्ट्रीय नेताओं ने चुनाव प्रक्रिया को हर कदम पर संदिग्ध बताते हुए संस्थाओं पर दबाव डालने का आरोप लगाया जबकि कुछ वक्ताओं ने चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताते हुए आयोग पर सबूतों की जांच नहीं करने का भी आरोप लगाया। कुछ नेताओं का मत था कि देश में निष्पक्ष अंपायर की कमी है। जबकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तो मुख्य रूप से भाजपा पर वोट चोरी करके सत्ता में आने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग पर अप्रत्यक्ष रूप से सवाल उठाए। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह रैली कांग्रेस की ओर से चुनावी अनियमितताओं के खिलाफ अब तक का एक सबसे बड़ा शक्ति प्रदर्शन थी, जिसमें चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सार्वजनिक रूप से खुलकर गंभीर सवाल उठाए गए। साथ ही यह भी सच है कि चुनाव आयोग पर प्रमाण सहित लगने वाले इसतरह के आरोपों और आयोग द्वारा इन आरोप को नजर अंदाज करने से भी स्वतंत्र भारत के इतिहास में चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा यहां पर भी सबसे बड़ा संकट सामने आ खड़ा हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में इजरायल की सैन्य कार्रवाई बढ़ी

## अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही

**बेरूत।** दक्षिण-पश्चिमी सीरिया के बेइत जिन गांव में रहने वाले कासिम हमादेह की जिंदगी एक ही दिन में उजड़ गई। पिछले महीने सुबह-सुबह गोलियों और धमाकों की आवाज के साथ इजरायली सेना ने उनके गांव में छापा मारा। कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया। उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए।

वहीं इस कार्रवाई को लेकर इजरायल का कहना है कि उसके सैनिक एक आतंकी समूह के सदस्यों को पकड़ने गए थे, जो इजरायल पर हमले की योजना बना रहे थे। इजरायली सेना के मुताबिक, पहले उन पर गोलीबारी की गई, जिसमें छह सैनिक घायल हुए, जिसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की और हवाई समर्थन लिया, लेकिन गांव के लोगों ने इन दावों को खारिज किया है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इजरायली सैनिकों को घुसपैठिया समझकर विरोध किया, जिसके जवाब में टैंकों और तोपों से गोलाबारी की गई और बाद में ड्रोन हमला हुआ। दमिश्क की सरकार ने इस घटना को नरसंहार बताया है। इस तरह की हालिया कार्रवाइयों से सीरिया और इजरायल के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका के दबाव के बावजूद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की संभावनाएं फिलहाल खत्म होती दिख रही हैं। पिछले साल दिसंबर में, जब सुन्नी इस्लामिक विद्रोहियों ने सीरिया के राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से हटाया, तब इजरायल-सीरिया संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी। सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने कहा था कि वह इजरायल से टकराव नहीं चाहते। लेकिन इजरायल अल-शारा के अतीत और उनके संगठन के अल-कायदा से पुराने संबंधों को लेकर संदेह में रहा। इजरायली सेना ने वहां चौकियां, सैन्य ठिकाने और निगरानी पोस्ट बनाए हैं। माउंट हर्मोन जैसे रणनीतिक इलाकों में हेलिपैड भी तैयार किए गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ड्रोन लगातार उड़ते रहते हैं और टैंक व सैन्य वाहन गश्त करते दिखते हैं। इजरायल का कहना है कि उसकी मौजूदगी अस्थाई है और इसका मकसद हमलों को रोकना है, लेकिन उसने यह नहीं बताया कि वह कब वापस जाएगा। सुरक्षा समझौते को लेकर बात. चीत भी अब तक बेनतीजा रही है। सीरिया के लोग इजरायल की मंशा को लेकर इसलिए भी चिंतित हैं, क्योंकि पड़ोसी लेबनान और गाजा में इजरायल की सैन्य मौजूदगी अब भी जारी है। लेबनान में एक साल से ज्यादा समय पहले युद्धविराम होने के बावजूद इजरायल कुछ पहाड़ी इलाकों पर काबिज है और लगातार हवाई हमले करता रहता है। गाजा में भी इजरायल और हमास के बीच संघर्ष के बाद बफर जोन बनाने की योजना है।



■ कुछ ही घंटों में हमादेह ने अपने दो बेटे, बहू और दो पोतों को खो दिया, उस दिन इजरायली कार्रवाई में कुल 13 ग्रामीण मारे गए



यरूशलम। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ हाथ मिलाते केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर।

## लीबिया के तट पर नाव पलटी, 32 अवैध बांग्लादेशी प्रवासी बचाए

**त्रिपोली।** लीबिया के उत्तर-पूर्वी शहर अल-हानिया के तट के पास एक नाव पलटने के बाद 32 बंगलादेशी प्रवासियों को बचा लिया गया है। लीबिया की अवैध-अप्रवासन विरोधी एजेंसी की अल-जबल अल-अख्दर शाखा ने एक बयान में यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बताया कि नाव पर सवार सभी प्रवासियों को मंगलवार को सुरक्षित बचाकर अल-बायदा बंदीगृह में स्थानांतरित किया गया है, जहां उन्हें जरूरी मेडिकल देखरेख में रखा गया है। कुछ प्रवासियों को छोटी-मोटी चोटें भी आई थीं।

## भारत-अर्जेंटीना में कृषि सहयोग के लिए कार्य योजना पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और अर्जेंटीना के राष्ट्रीय कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान ने बुधवार को आईसीएआर-आईएनटीए कार्य योजना 2025-2027 पर हस्ताक्षर किए हैं, जो कृषि अनुसंधान, प्रौद्योगिकी आदान-प्रदान एवं क्षमता निर्माण में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने वाली एक रणनीतिक पहल है। अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो कौसिनो ने इस समझौते को राष्ट्रपति जेवियर मिलेई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का प्रत्यक्ष परिणाम कहा और दोनों अर्थव्यवस्थाओं की पूरक शक्तियों पर बल दिया। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डीएआरई) के सचिव और आईसीएआर के महानिद. शक ने बुधवार को भारत में अर्जेंटीना के राजदूत के साथ कार्य योजना का आदान-प्रदान किया, जो भारत-अर्जेंटीना कृषि सहयोग में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। अर्जेंटीना के राज. दूत कौसिनो ने कहा कि यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई 2025 में अर्जेंटीना यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मिलेई और प्रधानमंत्री मोदी के बीच हुए ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन का परिणाम है।

# गाजा में इजरायल का साथ देगी पाक आर्मी!

## अमेरिका के ट्रैप में बुरी तरह फंस गए आसिम मुनीर

**तेल अवीव।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर फिलहाल सबसे कठिन परीक्षा से गुजर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा है। ट्रम्प चाहते हैं कि गाजा में तैनात होने वाले स्टेबलाइजेशन फोर्स के लिए पाकिस्तान अपने सैनिक भेजे। ऐसा हुआ तो पाकिस्तान के भीतर भारी विरोध हो सकता है। कहा जा रहा है आसिम मुनीर ट्रम्प से मिलने जल्द ही वाशिंगटन जा सकते हैं। यह 6 महीनों में यह उनकी तीसरी मुलाकात होगी। मुलाकात में ट्रम्प के गाजा पीस प्लान पर चर्चा हो सकती है।

इस योजना के तहत मुस्लिम देशों की एक जाइंट फोर्स बनाई जानी है, जो गाजा में युद्ध के बाद पुनर्निर्माण और आर्थिक सुधार की निगरानी करेगी। हालांकि कई देश इस योजना से दूरी बनाए हुए हैं, क्योंकि इसमें हमास को निरस्त्र करने की जिम्मेदारी भी मिल सकती है। इससे उन देशों के सीधे संघर्ष में फंसने का खतरा है। आसिम मुनीर ने ट्रम्प के साथ करीबी संबंध बनाए हैं, ताकि अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते सुधर सकें। जून में ट्रम्प ने उन्हें व्हाइट हाउस में लंच पर बुलाया था। यह पहली बार था, जब किसी अमेरिकी राष्ट्रपति ने पाकिस्तानी सेना प्रमुख को अकेले बुलाया। एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर पाकिस्तान गाजा फोर्स में शामिल नहीं होता तो ट्रम्प नाराज हो सकते हैं। यह नाराजगी पाकिस्तान के लिए घाटे का सौदा साबित सकता है, क्योंकि पाकिस्तान अमेरिका से निवेश और सुरक्षा सहायता चाहता है। पाकिस्तान दुनिया का इकलौता मुस्लिम देश है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। पाकिस्तान भारत के साथ तीन युद्ध लड़ चुका है और मई में दोनों के बीच सैन्य टकराव भी हुआ है। इसके अलावा वह अफगानिस्तान के साथ भी संघर्ष में शामिल रहा है। डिफेंस एक्सपर्ट आयशा सिद्दीका का कहना है कि इतनी बड़ी सैन्य ताकत होने के कारण आसिम मुनीर पर अपनी क्षमता दिखाने का दबाव है। हाल ही में संविधान संशोधन के जरिए आसिम मुनीर की शक्तियां बढ़ाई गई हैं। उन्हें वायुसेना और नौसेना की कमान भी सौंपी गई है, कार्यकाल 2030 तक बढ़ा दिया गया है। उन्हें आजीवन फील्ड मार्शल का दर्जा मिला है और जीवनभर कानूनी सुरक्षा भी दी गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान में शायद ही किसी और के पास इतनी ताकत और स्वतंत्रता हो,लेकिन देश के अंदर हालात चुनौतीपूर्ण हैं। गाजा में पाकिस्तानी सैनिक भेजने से अमेरिका और इजरायल विरोधी पार्टियों के प्रदर्शन तेज हो सकते हैं। इन दलों के पास बड़ी संख्या में समर्थकों को सड़कों पर उतारने की क्षमता है। अक्टूबर में एक कट्टरपंथी इजरायल विरोधी संगठन पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन उसकी सोच अब भी मौजूद है। वहीं, जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी भी सेना प्रमुख से नाराज है और उसके पास मजबूत जनसमर्थन है। अगर गाजा फोर्स तैनात होने के बाद हालात बिगड़े, तो इसका सीधा असर पाकिस्तान पर पड़ेगा। पाकिस्तानी नागरिकों के बीच यह धारणा बन सकती है कि आसिम मुनीर इजरायल के हित में काम कर रहे हैं। यही वजह है कि गाजा को लेकर लिया गया कोई भी फैसला पाकिस्तान के लिए बेहद संवेदनशील साबित हो सकता है।



अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की गाजा योजना को लेकर पाकिस्तान पर दबाव बढ़ रहा

## रूस व अमेरिका के साथ करीबी संबंध बनाए रखने को चीन तैयार: चीनी राजदूत

**बीजिंग।** रूस में चीन के राजदूत झांग हनहुई ने कहा कि चीन अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार है। राजदूत ने रूसी संवाद समिति स्पुतनिक से कहा कि हम अंतर्राष्ट्रीय मामलों पर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य देशों के साथ करीबी संपर्क बनाए रखने के लिए तैयार हैं। हनहुई ने बताया कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुसान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ एक बैठक के दौरान इस बात की ओर इशारा किया था कि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका संयुक्त रूप से अपनी जिम्मेदारी प्रदर्शित कर सकते हैं। साथ ही, दोनों देश अपने साथ-साथ पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण, व्यावहा. रिक एवं उपयोगी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मिलकर काम कर सकते हैं।

## ट्रम्प ने वेनेजुएला आने जाने वाले तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकाबंदी' का आदेश दिया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंम्प ने मंगलवार को वेनेजुएला में आने-जाने वाले सभी प्रतिबंधित तेल टैंकरों की 'पूर्ण नाकेबंदी' का आदेश दिया। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह आद. श वेनेजुएला और निकोलस मादुरो सरकार पर और दबाव बढ़ाने की कोशिशों का परिणाम है। ट्रम्प ने कहा कि वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ है।

यह नाकेबंदी मुख्य रूप से वेनेजुएला के प्राथमिक राजस्व स्रोत को निशाना बना रही है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में 'पूर्ण और संपूर्ण नाकेबंदी' शब्दों पर जोर देते हुए संकेत दिया कि सैन्य तैनाती को और भी बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने यह सुझाव भी दिया कि वेनेजुएला अपनी जमीन, तेल और अमेरिका को सौंप दे, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि अमेरिका के सैन्य अभियान का उद्देश्य नशीली दवाओं के व्यापार को रोकने से कहीं अधिक है। ट्रम्प प्रशासन ने बार-बार वेनेजुएला पर नशीली दवाओं की तस्करी में शामिल होने का आरोप लगाया है। सितम्बर के बाद से फेंटानिल और अन्य अवैध दवाएं ले जाने के आरोपी जहाजों पर अमेरिकी सैन्य हमलों में कथित तौर पर कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हाल के महीनों में अमेरिका ने क्षेत्र में अतिरिक्त युद्धपोत भी तैनात किए हैं, जो बढ़ती सैन्य उपस्थिति का संकेत देते हैं। दुनिया के सबसे बड़े प्रमाणित तेल भंडार वाले वेनेजुएला ने अमेरिका पर उसके प्राकृतिक संसाधनों को जब्त करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। ट्रम्प ने मंगलवार रात कहा कि वेनेजुएला पूरी तरह से दक्षिण अमेरिका के इतिहास में अब तक के सबसे बड़े नौसैनिक बेड़े से घिरा हुआ है। यह और बड़ा होता जाएगा और उन्हें लगने वाला झटका ऐसा होगा जैसा उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा।



■ वेनेजुएला अब तक के सबसे बड़े सैन्य बेढ़े से घिरा हुआ: ट्रम्प

# भारत-इथियोपिया विकासशील देशों की आवाज करें बुलंद

## प्रधानमंत्री को मिला इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और इथियोपिया को प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम बताते हुए कहा है कि दोनों देशों को विक. ासशील देशों की आवाज को वैश्विक स्तर पर और बुलंद करने के लिए एकजुट होकर प्रयास करना होगा।

मोदी ने इथियोपिया की दो दिन की यात्रा के अंतिम दिन बुधवार को यहां इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इथियोपिया की पहली द्विपक्षीय यात्रा पर गए मोदी ने संसद को संबोधित करने के अवसर को गौरवपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर के माध्यम से वह इथियोपिया के आम नागरिकों , किसानों, उद्यमियों, गौरवशाली महिलाओं और उन युवाओं से संवाद कर रहे हैं जो देश का भविष्य गढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने उन्हें इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' प्रदान किए जाने के लिए इथियोपिया की जनता और सरकार का आभार व्यक्त किया। दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर गहरा संतोष व्यक्त किया कि इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के प्राचीन संबंधों को सामरिक साझेदारी का दर्जा दिया गया है। भारत और इथियोपिया के बीच सभ्यतागत संबंधों का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देश प्राचीन ज्ञान और आधुनिक आकांक्षाओं का संगम हैं। इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत का राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' और इथियोपिया का राष्ट्रगान, दोनों ही अपनी भूमि को मां के रूप में संबोधित करते हैं। दोनों देशों के साझा संघर्ष की ओर संकेत करते हुए प्रधानमंत्री ने 1941 में इथियोपिया की मुक्ति के लिए इथियोपियाई नागरिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि इथियोपियाई जनता के बलिदानों का प्रतीक अदवा विजय स्मारक को श्रद्धांजलि अर्पित करना उनके लिए सम्मान की बात है। प्रधानमंत्री ने भारत-इथियोपिया साझेदारी को और सशक्त तथा व्यापक बनाने के प्रति भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की।



■ अफ्रीकी संघ के मुख्यालय के रूप में अदीस अबाबा की भूमिका का उल्लेख किया

### इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हुए मोदी

**अदीस अबाबा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन देशों की चार दिन की यात्रा के अंतिम पड़ाव में बुधवार को इथियोपिया से ओमान के लिए रवाना हो गए। मोदी ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक के निमंत्रण पर ओमान जा रहे हैं। इस दौरान दोनों नेता भारत-ओमान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से वार्ता करेंगे जिसमें व्यापार, निवेश, ऊर्जा और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ के अवसर पर हो रही है।

# राहुल गांधी जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंचे

## हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी बुधवार को जर्मनी की राजधानी बर्लिन पहुंच गए। गांधी का हवाई अड्डे पर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने स्वागत किया।

गांधी बुधवार को बर्लिन में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अनुसार गांधी भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करेंगे और यूरोप में पार्टी के विभिन्न अध्यक्षों से मिलकर प्रवासी भारतीयों से जुड़े मुद्दों और पार्टी की विचारधारा को बढ़ावा देने पर चर्चा करेंगे। वह 20 दिसम्बर तक जर्मनी के दौरे पर रहेंगे। गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया। दौरे के बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा म्यूनिख, जर्मनी में बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट के दौरे के दौरान बीएमडब्ल्यू की दुनिया का अनुभव करने का अवसर मिला, विश्व स्तरीय निर्माण को करीब से देखने का एक अविश्वसनीय अनुभव। टीवीएस की 450 सीसी मोटरसाइकिल को देखना एक यादगार अनुभव था, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि विनिर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ है। दुख की बात है कि भारत में विनिर्माण में गिरावट आ रही है। विकास को गति देने के लिए हमें अधिक उत्पादन करने, सार्थक विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और बड़े पैमाने पर उच्च गुणवत्ता वाली नौकरियां सृजित करने की आवश्यकता है।

■ गांधी ने जर्मनी के बड़े शहरों में शामिल म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू प्लांट का दौरा किया









## युद्ध नहीं रुका, तो 'खत्म हो सकता है' यूक्रेन: लुकाशेंको

**वाशिंगटन।** बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंको ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही रूस-यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष का समाधान नहीं निकाला गया तो यूक्रेन का अस्तित्व खत्म हो सकता है। लुकाशेंको ने अमे. रिकी समाचार चैनल न्यूजमैक्स टीवी को दिए गए एक साक्षात्कार में कहा कि अगर यह संघर्ष चलता रहा तो इसका परिणाम यूरोप और पूरी दुनिया के लिए बहुत गंभीर हो सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की इस समय शांति समझौते के लिए तैयार नहीं हैं, लेकिन उन्हें समझना होगा कि अगर जल्द ही कोई हल नहीं निकाला गया तो यूक्रेन खत्म हो सकता है।

# अमेरिका ने ईयू पर जवाबी कार्रवाई की दी धमकी

## अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई को बनाया

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका ने यूरोपीय संघ (ईयू) को धमकी दी कि यदि ईयू अमेरिकी डिजिटल सेवा प्रदाता कंपनियों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करता है, तो अमेरिका भी जवाबी कार्रवाई करेगा।

यूनाइटेड स्टेट्स ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव (यूएसटीआर) के कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यदि ईयू और उसके सदस्य देश भेदभावपूर्ण माध्यमों से अमेरिकी सेवा प्रदाताओं को प्रतिबंधित करने, सीमित करने और रोकने पर अड़े रहते हैं, तो अमेरिका के पास इन अनुचित उपायों का मुकाबला करने के लिए उसके पास मौजूद हर उपकरण का उपयोग शुरू करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा। यूएसटीआर के अनुसार, संभावित जवाबी कार्रवाई में शुल्क का आकलन करना या विदेशी सेवाओं पर प्रतिबंध लगाना शामिल हो सकता है। एजेंसी ने यह भी चेतावनी दी कि वह उन अन्य देशों के प्रति भी इसी तरह का दृष्टिकोण अपना सकती है जो इस क्षेत्र में ईयू की तरह नियम अपना रहे हैं। यूएसटीआर ने आरोप लगाया कि ईयू और कुछ सदस्य देशों ने अमे. रिकी सेवा प्रदाताओं को निशाना बनाते हुए भेदभावपूर्ण और परेशान करने वाले मुकदमों, करों (टैक्स), जुर्मानों और निर्देशों का एक निरंतर सिलसिला चलाया है। यूएसटीआर ने कहा कि अमेरिका वर्षों से ईयू के साथ इन मामलों पर चिंता जताता रहा है लेकिन ईयू की ओर से न तो कोई सार्थक भागीदारी हुई और न ही अमेरिकी चिंताओं को बुनियादी तौर पर स्वीकार किया गया। यूएसटीआर ने यह भी कहा कि ईयू के सेवा प्रदाता दशकों से अमे. रिका में स्वतंत्र रूप से काम कर रहे हैं और अमेरिकी बाजार और उपभोक्ताओं तक पहुंच का लाभ उठा रहे हैं। एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है। यह हालिया टिप्पणियां ईयू के कड़े होते तकनीकी नियमों और अमेरिकी 'टेक' दिग्गजों को निशाना बनाने वाले मुकदमों पर अमेरिकी अधिका. रियों के बीच बढ़ती निराशा को दर्शाती हैं। यूरा. पीय आयोग ने हाल ही में अमेरिकी 'टेक' दिग्गज गूगल और मेटा के खिलाफ दो अविश्वास जांच शुरू किए हैं और एलन मस्क की कंपनी 'एक्स' पर 'डिजिटल सर्विसेज एक्ट' के तहत नियमों का पालन नही करने के कारण 12 करोड़ यूरो (लगभग 14 करोड़ अमेरिकी डॉलर) का भी जुर्माना लगाया है।

एजेंसी ने कई यूरोपीय तकनीकी दिग्गजों के नाम भी गिनाए जिनकी अमेरिका में व्यापक उपस्थिति है